

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,बुधवार 11 दिसंबर 2024 ■ मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-10 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-251 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 12 दिसंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


विष्णु कैबिनेट का फैसला

## अजजा वर्ग के युवाओं को पुलिस भर्ती में मिलेगी छूट

**रायपुर,11 दिसंबर।** विष्णु कैबिनेट ने राज्य के अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवाओं के छत्तीसगढ़ पुलिस में भर्ती के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए उम्मीदवारों के लिए ऊंचाई और सीना के निर्धारित मापदण्ड में एक बार के लिए छूट प्रदान करने का निर्णय लिया। जिसके तहत छत्तीसगढ़ पुलिस में सूबेदार, उपनिरीक्षक संवर्ग, प्लाटून कमाण्डर की सीधी भर्ती प्रक्रिया वर्ष 2024 में निर्धारित न्यूनतम ऊंचाई 163 सेंटीमीटर तथा सीना बिना फुलाये 78 से.मी. एवं फुलाने पर 83 से.मी. केवल अनुसूचित जनजाति वर्ग के पुरूष अभ्यर्थियों के लिए केवल एक बार के लिए छूट देने का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित कैबिनेट की बैठक में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। कैबिनेट ने द्वितीय अनुपूरक अनुमान वर्ष 2024-2025 का विधानसभा में उपस्थापन के लिए छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक, 2024 के प्रारूप का अनुमोदन किया। इसके अलावा छत्तीसगढ़ विधानसभा सदस्य वेतन, भत्ता तथा पेंशन (संशोधन) विधेयक, 2024 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। रायपुर,11दिसंबर। मंत्रिपरिषद द्वारा द्वितीय अनुपूरक अनुमान वर्ष 2024-2025 का विधानसभा में उपस्थापन के लिए छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक, 2024 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। मंत्रिपरिषद ने प्रदेश के अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवाओं के छत्तीसगढ़ पुलिस में भर्ती के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए उम्मीदवारों के लिए ऊंचाई और सीना के निर्धारित मापदण्ड में एक बार के लिए छूट प्रदान करने का निर्णय लिया। जिसके तहत छत्तीसगढ़ पुलिस में सूबेदार, उपनिरीक्षक संवर्ग, प्लाटून कमाण्डर की सीधी भर्ती प्रक्रिया वर्ष 2024 में निर्धारित न्यूनतम ऊंचाई 163 सेंटीमीटर तथा सीना बिना फुलाये 78 से.मी. एवं फुलाने पर 83 से.मी. केवल अनुसूचित जनजाति वर्ग के पुरूष अभ्यर्थियों के लिए केवल एक बार के लिए छूट देने का निर्णय लिया गया है। छत्तीसगढ़ विधानसभा सदस्य वेतन, भत्ता तथा पेंशन (संशोधन) विधेयक, 2024 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया छत्तीसगढ़ राज्य में डेयरी उद्यमिता को प्रोत्साहन देने एवं दुग्ध संकलन तथा प्रसंस्करण में वृद्धि हेतु राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के साथ एम.ओ.यू. करने का निर्णय लिया गया। इससे नवीन तकनीक के उपयोग के साथ ही दुग्ध महासंघ के प्रसंस्करण क्षमता में वृद्धि होगी। अनुसूचित क्षेत्रों में दुधारू पशु उत्प्रेरण से स्वरोजगार में वृद्धि के साथ ही दुग्ध उत्पादन की लागत कम होगी तथा दुग्ध उत्पादकता में वृद्धि के साथ ही प्रदेश के दुग्ध उत्पादक कृषकों के दुग्ध विक्रय के लिए सुदृढ़ व्यवस्था स्थापित हो सकेगी।

छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता, 1959 में संशोधन बाबत् छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता (संशोधन) विधेयक, 2024 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। छत्तीसगढ़ अनधिकृत विकास का नियमितिकरण (संशोधन) विधेयक, 2024 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। प्रदेश के सभी डीलरों को इस सुविधा का लाभ वाहन क्रेताओं को दिलाने के निर्देश दिए गए हैं। छत्तीसगढ़ में खेलों के लिए सुदृढ़ वातावरण तैयार करने, खेल संस्कृति को बढ़ावा देने तथा राज्य के खिलाड़ियों के लिए सुदूर ग्रामीण अंचलों से लेकर जिला मुख्यालय में खेल हेतु आधारभूत संरचनाओं के निर्माण के लिए मंत्रिपरिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना के क्रियान्वयन के लिए कार्ययोजना का अनुमोदन किया गया।

- खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान की कस्टम मिलिंग प्रोत्साहन राशि 80 रूपए करने का निर्णय लिया।
- खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में राईस मिलों को लंबित प्रोत्साहन राशि की प्रथम किश्त प्रदान किए जाने का निर्णय लिया गया।
- छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 (क्रमांक 1 सन् 1994) की धाराओं में संशोधन संबंधी छत्तीसगढ़ पंचायत राज (संशोधन) विधेयक, 2024 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।
- छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 (संशोधन) विधेयक 2024 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।
- छत्तीसगढ़ नगर पालिक अधिनियम 1961 (संशोधन) विधेयक 2024 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।
- छत्तीसगढ़ माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक 2024 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

## नहीं मान रहा बांग्लादेश तो हिंदुओं की रक्षा के लिए दूसरा तरीका अपनाओ, आरएसएस की मोदी सरकार से अपील

**नई दिल्ली,11 दिसंबर।** बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार के बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने चिंता जताते हुए केंद्र सरकार से सख्त कदम उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अगर बातचीत से समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है तो केंद्र को दूसरें पर विचार करना चाहिए। नागपुर में सकल हिंदू समाज द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में आंबेकर ने कहा, केंद्र को इस मामले पर और अधिक गंभीरता से काम करना चाहिए और ठोस कदम उठाने चाहिए। मुझे उम्मीद है कि यह मुद्दा संवाद के जरिए हल हो सकता है, लेकिन अगर बातचीत विफल हो जाए तो हमें इसके लिए दूसरा समाधान ढूंढना होगा। आंबेकर ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर जिस तरह से अत्याचार हो रहे हैं वह इस समय मुगल शासन की याद दिलाते हैं। उन्होंने कहा, हमारे मंदिर जलाए जा रहे हैं। लूटे जा रहे हैं। महिलाओं के साथ अत्याचार हो रहे हैं।



यह सब देखकर हर हिंदू को गुस्सा आना चाहिए। केवल इन घटनाओं की निंदा करना और परेशान होना पर्याप्त नहीं है। हमें सिर्फ गुस्से और दुख से बाहर आकर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। आरएसएस नेता ने यह भी कहा कि बांग्लादेश में हो रही हिंसा का उद्देश्य हिंदू समुदाय को उखाड़ फेंकना है। उन्होंने कहा, ÷न केवल बांग्लादेश, पाकिस्तान और बांग्लादेश में भी हिंदुओं पर हमले हो रहे हैं। हम हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार सहन नहीं करेंगे। अगर हमने इस पर कुछ नहीं किया तो हमारी आने वाली पीढ़ियां हमारी चुप्पी पर सवाल उठाएंगी। उन्होंने बांग्लादेश के अंतरिम नेता मुहम्मद युनुस पर भी निशाना साधते हुए कहा, ÷जिस देश का नेतृत्व नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कर रहे हैं वहां शांति नहीं हो सकती है। वह अत्याचारों को रोकने के लिए कुछ नहीं कर रहे हैं। आंबेकर ने यह भी कहा कि कुछ वैश्विक शक्तियों को पहचानने की जरूरत है, जो बांगलादेश में हिंसा फैला रहे हैं। उन्होंने कहा, ÷हमें उन शक्तियों को पहचानने और उजागर करने की जरूरत है.

## बीजापुर में नक्सलियों ने की भाजपा नेता की हत्या



बीजापुर,11दिसंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

बीजापुर में इन दिनों नक्सली बौखलाए हुए हैं। नक्सलियों ने आज फिर एक भाजपा कार्यकर्ता की हत्या कर दी है। मिली जानकारी के मुताबिक, भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष माड़ो राम कुड़ियम की हत्या कर नक्सलियों ने शव सड़क पर फेंका है। बीजेपी नेता की हत्या होने के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। फरसेगढ़ थानांतर्गत क्षेत्र का यह मामला बताया जा रहा है। इधर, मामले की सूचना मिलते ही SP पुलिस टीम के साथ घटना स्थल के लिए रवाना हो गए हैं। मान्डो राम कुड़ियाम भाजपा नेता है। इसकी हत्या के बाद नक्सलियों के शव के ऊपर पर्चे भी छोड़े हैं, जिस पर नक्सलियों ने पुलिस की मुखबिरी का आरोप लगाया है। बता दें कि, बीते दिनों भी नक्सलियों ने दो भाजपा नेताओं का अपहरण कर उनकी हत्या कर दी थी। वहीं हत्या के बाद शव के साथ पर्चा फेंककर BJP से जुड़ने का आरोप लगाया था। नक्सलियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि, भाजपा कार्यकर्ताओं से अपील की है कि अगर भाजपा का साथ नहीं छोड़ा तो मौत की सजा जरूर मिलेगी।

### आईईडी ब्लास्ट में दो जवान घायल

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बस्तर दौरे से पहले नक्सलियों की कायराना करतूत सामने आई है. वहीं उनके द्वारा लगाए गए आईईडी ब्लास्ट होने से डीआरजी के दो जवान घायल हुए हैं. यह घटना गंगालूर थाना क्षेत्र के मुनगा के पास हुई है. नक्सलियों के प्लांट प्रेशर आईडी की चपेट में आने से आरक्षक मंगलू कुड़ियम और योगेश्वर शोरी घायल हुए हैं. घायल जवानों को जिला हॉस्पिटल बीजापुर लाया गया है, जहां जवानों का इलाज जारी है.

## असम को इजरायल से सीखना होगा: हिमंत सरमा

**नई दिल्ली,11 दिसंबर।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मंगलवार को कहा कि राज्य को विरोधियों से घिरे रहने के बाद भी जीवित रहने के लिए इजराइल से सबक लेना होगा। सोनितपुर जिले के जमुगुरीहाट में स्वाहिद दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम से इतर पत्रकारों से बात करते हुए सरमा ने कहा कि असम की सीमाएं कभी भी सुरक्षित नहीं थीं। मुख्यमंत्री ने राज्य के युवाओं से इजराइल के उत्थान का अध्ययन करने और देश से सीखने का आह्वान किया कि आत्मनिर्भरता किसी राष्ट्र को आगे बढ़ाने में कैसे चमत्कार कर सकती है। हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि ऐतिहासिक रूप से, हमने बांग्लादेश, म्यांमार और पश्चिम बंगाल के साथ सीमाएँ साझा की हैं। हम (असमिया लोग) 12 जिलों में अल्पसंख्यक हैं। उन्होंने कहा कि हमें इजराइल जैसे देशों के इतिहास से सीखना होगा कि कैसे ज्ञान, विज्ञान और प्रौद्योगिकी का उपयोग करके और अदम्य साहस के साथ दुश्मनों से घिरा हुआ भी एक मजबूत देश बन गया है। तभी हम एक जाति के रूप में जीवित रह सकते हैं। स्वाहिद दिवस खड़गेश्वर तालुकदार की मृत्यु की याद दिलाता है, जिन्हें छह साल तक चले असम आंदोलन का पहला ÷शहीद÷ माना जाता है, जो 15 अगस्त 1985 को असम समझौते पर हस्ताक्षर के साथ समाप्त हुआ था।

## जनता को बताई जाएगी सरकार की एक साल की उपलब्धियां: ओपी चौधरी

रायपुर,11 दिसंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ की साय सरकार के कार्यकाल को एक साल पूरा होने जा रहा है. इसे लेकर कांग्रेस ने सवाल उठाएं हैं. जिसपर वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने पलटवार किया है. मंत्री ओपी चौधरी ने कहा, सवालों में कांग्रेस का माफिया राज ही नजर आयेगा. 100 नहीं बल्कि 800 सवाल करें, उनका माफियाराज ही सामने आयेगा. वित्तीय भार को विभाग ने मैनेज करने की रणनीति पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने पिछली सरकार पर निशाना साधा है. मंत्री चौधरी ने कहा, पिछली सरकार ने छत्तीसगढ़ को कंगाल कर दिया था. हर जगह को माफिया राज बना दिया था. पुराने स्कीम, वेतन और सैलरी के वित्तीय बर्डन के साथ सरकार की कई योजनाएं भी चल रही थी. निश्चित रूप से इसका प्रभाव पड़ा है, लेकिन कांग्रेस के लोग कर्जा लेकर अपना जेब भरने का काम करते थे. RBI से उधार लेकर साय सरकार छत्तीसगढ़ की जनता के लिए बेहतर उपयोग करेगी.मंत्री चौधरी ने



कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में एक साल का कार्यकाल पूरा हुआ है. राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय गृह मंत्री का दौरा होने वाला है, इसपर चर्चा होगी. इस एक साल में सरकार की उपलब्धियों को जनता के सामने रखा जाएगा. यह सभी मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में यह सब हो पाया है. वहीं विधानसभा के शीतकालीन सत्र को लेकर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि सरकार के 1 साल पूरे हो रहे है. इन सभी में इतने सारे उपलब्धि है. जहां भी जरूरत पड़ेगी हम सदन के समक्ष रखेंगे.

## बाबासाहेब अंबेडकर की मूर्ति तोड़ने पर महाराष्ट्र में भड़की हिंसा

**मुंबई,11 दिसंबर।** महाराष्ट्र के परभणी से आई है। बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति तोड़ने को लेकर परभणी में हिंसा भड़क गई है। यहां कुछ उपद्रवी तत्वों ने डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा का अपमान किया। इससे लोग नाराज हो गए। आंबेडकर और संविधान का अपमान देख लोग भड़क गए। देखते ही देखते मामला हिंसा तक पहुंच गई। इसके बाद कई इलाकों में आगजनी की घटना सामने आई है। हिंसा को नियंत्रित में लाने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। प्रशासन ने हिंसा को देखते हुए पूरे परभणी शहर में धारा 163 लागू कर दी है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं सोशल मीडिया पर आरोपी का वीडियो सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि एक शख्स सड़क पर पड़ा हुआ है। वहीं कई लोग उसे डंडे और लात से पिट रहे हैं। आईएएनएस न्यूज एजेंसी के मुताबिक सोपान दत्ताराव पवार नामक व्यक्ति ने डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा के सामने रखी संविधान की पुस्तक की प्रतिकृति फाड़ दी थी। इसके कारण आज शहर में बंद का आह्वान किया गया।मामले में वंचित बहुजन आघाड़ी के प्रमुख प्रकाश आंबेडकर ने भी ममाले में अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, ठपरभणी में जातिवादी मराठा उपद्रवियों द्वारा बाबासाहेब की प्रतिमा पर भारतीय संविधान की धज्जियां उड़ाना बहुत ही शर्मनाक है।

## दुनिया की सबसे छोटी गीता की प्रतियों में से एक छत्तीसगढ़ के बालोद में

बालोद,11दिसंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

दुनिया की सबसे छोटी भगवत गीता की प्रतियों में से एक छत्तीसगढ़ के बालोद में व्यवसायी शंकरलाल श्री श्रीमाल के परिवार में है. गीता की कुल लंबाई 2.5 सेमी और चौड़ाई 02 सेमी है. इसे रखने वाले का दावा है कि यह दुनिया की सबसे छोटी गीता है. यह गीता देश में उपलब्ध सभी गीताओं में से एक है, जिसका प्रकाशन वर्ष 1956 में इंडियन प्रेस मुंबई द्वारा किया गया था. यह उनके काका ने 66 साल पहले ली थी. इस गीता की कुल 100 प्रतियां प्रकाशित हुईं, जिनमें से अब कुछ ही बची हैं. यह केवल उन लोगों के लिए सुरक्षित है जो अपनी जान से ज्यादा इसकी परवाह करते हैं. शंकरलाल श्री श्रीमाल के काका हीरे-जवाहरात का कारोबार करते थे. उनके काका राजा राजवाड़े में घूमते थे. अगर कुछ मिलता था तो उसे वह घर ले आते थे तब से ही गीता सुरक्षित रखी हुई है. यह गीता परिवार के पास सुरक्षित है. इस गीता की प्रतिदिन पूजा की जाती है. इसे खराब होने से बचाने के लिए इसे एक डिब्बे में रखा जाता है. दुनिया की सबसे छोटी किताब 100 पन्नों की है. इसमें संपूर्ण गीता समाहित है. ऐसा दावा किया जाता है कि यह भारत की सबसे युवा श्रीमद्भागवत गीता में से एक है. केवल 100 प्रतियां प्रकाशित हुईं. जो भारत के विभिन्न पुस्तकालयों में रखे गए थे. चीन ने 2014 में एक किताब प्रकाशित की थी जिसमें सबसे कम उम्र की गीता होने का दावा किया गया था. लेकिन भारत में एक आधी आकार की किताब 1956 में ही प्रकाशित हो चुकी थी. सबसे खास बात यह है कि इसमें छपे श्लोकों को पढ़ने में कोई परेशानी नहीं होती है.



### शिक्षकों से पढ़ाई-लिखाई के अलावा दूसरे काम नहीं करा सकते

**प्रयागराज,11 दिसंबर।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शिक्षिका से चुनाव संबंधित कार्य लिए जाने के रामपुर के एसडीएम/ चुनाव पंजीकरण अधिकारी के आदेश पर रोक लगा दी है. कोर्ट ने शिक्षिका का वेतन रोक जाने के आदेश पर भी रोक लगा दी है. साथ ही उसे नियमित वेतन का भुगतान करने का निर्देश दिया है. सहारनपुर की संयमी शर्मा की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश न्यायमूर्ति अजय भनोट ने दिया.याची के अधिवक्ता नवीन कुमार शर्मा का कहना था कि याची को एसडीम/ चुनाव पंजीकरण अधिकारी रामपुर मनिहारान ने चुनाव संबंधी विविध कार्यों में लगाया था. इसकी वजह से याची द्वारा किए जा रहे शैक्षणिक कार्य प्रभावित हो रहे थे.

## खड़ी ट्रक में जा भिड़े दो बाइक सवार युवक, मौके पर हुई मौत

■ तरुण छत्तीसगढ़

**धरसींवा,11 दिसंबर।** रायपुर के धरसींवा थाना क्षेत्रमें अभी-अभी एक दर्दनाक हादसा हो गया. रायपुर-बिलासपुर हाइवे की सांकरा से सिमगा सिक्स लाइन पर खड़ी ट्रक के पीछे एक बाइक जा घुसी. इस घटना में बाइक पर सवार दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई. सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर दोनों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने की तैयारी में जुटी हुई है. वहीं घटना के एक प्रत्यक्ष दर्शी ने एनएचएआई को इस घटना के लिए जिम्मेदार ठहराया है. प्रत्यक्ष दर्शी धर्मेंद्र वर्मा के मुताबिक, सिमगा से रायपुर की ओर जाने वाले सिक्स लाइन की थ्री लाइन सड़क पर कल से यह ट्रक खड़ी हुई थी. लेकिन एनएचएआई ने उसे हटवाने की जहमत नहीं उठाई. अगर ह्ब्ह्ढ इस ओर ध्यान देता, सिक्स लाइन पर ट्रक खड़ी न होती, तो आज बाइक सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत न होती. इधर आए दिन सड़क हादसों में किसी न किसी की जान जाने की घटनाओं के बाबजूद सांकरा सिलतरा होते हुए निकली



सिक्स लाइन पर भी टाटीबंध की ओर जाने वाले फोर लेन ब्रिज पर और ब्रिज के अगल-बगल बड़ी संख्या में ट्रक हाइवा पार्किंग बनाकर खड़े रहते हैं. शाम के बाद स्थिति यह हो जाती है कि आने जाने वाले वाहनों को निकलने में भी दिक्कत होती है.

## राज्यसभा में हंगामा,कार्यवाही स्थगित

**नई दिल्ली,11 दिसंबर।** संसद के शीतकालीन सत्र के 12वें दिन भी राज्यसभा में हंगामा देखने को मिला। सभापति जगदीप धनखड़ को पद से हटाने के प्रस्ताव संबंधी नोटिस पर राज्यसभा में हंगामे के कारण बुधवार को उच्च सदन की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। इन सबके बीच नेता सदन जेपी नड्डा ने विपक्ष पर सोरोस मुद्दे से ध्यान भटकाने का आरोप लगाया। जेपी नड्डा ने कहा कि जिस तरह का आरोप कांग्रेस पार्टी ने चेयर पर लगाया है, वह भर्त्सना योग्य है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि हमारे सदस्य (सांसद) सोनिया गांधी और सोरोस के बीच संबंध का मुद्दा उठाते रहे हैं। यह देश की संप्रभुता का सवाल है। उन्होंने कहा कि सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाना देश की संप्रभुता के मुद्दे से देश का ध्यान भटकाने की साजिश है। इसकी सभी को निंदा करनी चाहिए। उन्होंने कभी भी अध्यक्ष का सम्मान नहीं किया। राज्यसभा में बोलते हुए केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि सोरोस और कांग्रेस के बीच क्या संबंध है? इसका खुलासा होना चाहिए। कांग्रेस को देश से माफी मांगनी चाहिए। अविश्वास प्रस्ताव पर बार काउंसिल ऑफ इंडिया के चेयरमैन और बीजेपी के राज्यसभा सांसद मनन कुमार मिश्रा ने कहा कि संवैधानिक प्रश्न तो उठेगा क्योंकि वह सिर्फ राज्यसभा के सभापति ही नहीं बल्कि देश के उपराष्ट्रपति भी हैं। वह अपने पद की वजह से राज्यसभा के अध्यक्ष हैं। हम देखेंगे कि विपक्ष द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव का क्या होता है। उन्होंने आगे कहा कि उनका एकमात्र इरादा संसद का समय बर्बाद करना है। वे नहीं चाहते कि कुछ भी रचनात्मक हो, इसलिए वे अलग-अलग मुद्दे उठा रहे हैं।



### हम चाहते हैं सदन चले और चर्चा हो: राहुल गांधी

कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आज लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से मुलाकात की है। उन्होंने कहा कि मैंने स्पीकर के साथ बैठक की। मैंने उनसे कहा कि मेरे खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां हटा दी जानी चाहिए। स्पीकर ने कहा कि वह इस पर गौर करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि हमारा उद्देश्य है कि सदन चले और सदन में चर्चा हो। वे मेरे बारे में कुछ भी कहें, हम चाहते हैं कि 13 दिसंबर को बहस हो। वे अडानी पर चर्चा नहीं चाहते। अंततः हम इसे नहीं छोड़ेंगे। वे हम पर आरोप लगाते रहेंगे लेकिन सदन चलना चाहिए। कांग्रेस ने बुधवार को लोकसभा में सरकार पर मणिपुर के हालात को छिपाने के लिए अमेरिकी कारोबारी जॉर्ज सोरोस को ढाल की तरह इस्तेमाल करने का आरोप लगाया, जिसके जवाब में सरकार ने कांग्रेस पर सोरोस के साथ मिलीभगत करके देश को अस्थिर करने की कोशिश का आरोप लगाते हुए उसे देश की आंतरिक समस्याओं के लिए जिम्मेदार ठहराया। इस मुद्दे पर दोनों पक्षों के आरोप-प्रत्यारोप और शोर-शराबे के कारण निचले सदन की कार्यवाही डेढ़ घंटे के लिए स्थगित करनी पड़ी। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की ओर से राज्यसभा के सभापति को पद से हटाने के प्रस्ताव संबंधी नोटिस दिए जाने के अगले दिन, बुधवार को सत्ता पक्ष ने जगदीप धनखड़ का जोरदार बचाव किया तथा दावा किया कि जार्ज सोरोस और कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के कथित संबंधों के मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए विपक्षी दलों ने आसन पर आक्षेप लगाया है। इन्हीं मुद्दों पर राज्यसभा में जोरदार हंगामा हुआ और एक बार के स्थगन के बाद कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। राज्यसभा में हंगामे के बीच सदन के नेता जे पी नड्डा ने कहा कि सत्तारूढ़ गठबंधन के सदस्य पिछले दो दिनों से जार्ज सोरोस और कांग्रेस के वरिष्ठतम सदस्य के संबंधों का मुद्दा उठाने का प्रयास कर रहे हैं और इस मुद्दे से ध्यान भटकाने के उद्देश्य से विपक्ष की ओर से आसन पर आक्षेप लगाने का 'कुत्सित' प्रयास किया गया है।



### जम्मू कश्मीर के 44 जायरीन समेत सीरिया से 75 नागरिकों को भारत ने सुरक्षित निकाला

**नई दिल्ली,11 दिसंबर।** भारत ने बुधवार को सीरिया से 75 भारतीय नागरिकों को निकाला .इनमें जम्मू-कश्मीर के 44 जायरीन भी शामिल थे. विदेश मंत्रालय ने बताया कि सभी भारतीय नागरिक सुरक्षित रूप से लेबनान पहुंच गए हैं और वाणिज्यिक उड़ानों से भारत लौटने वाले हैं.मंत्रालय ने बताया कि दमिश्क और बेरूत में भारतीय दूतावासों द्वारा समन्वित निकासी सुरक्षा स्थिति के आकलन और सीरिया में भारतीय नागरिकों के अनुरोधों के बाद की गई. निकाले गए लोगों में जम्मू-कश्मीर के 44 जायरीन (तीर्थयात्री) भी शामिल थे, जो शिया मुसलमानों के लिए एक महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल सैय्यदा जैनब में फंसे हुए थे.

## संक्षेप

### बीजापुर में मुठभेड़: वर्दीधारी नक्सली ढेर, डीआरजी के दो जवान घायल

**बीजापुर,11 दिसंबर।** बीजापुर के पेद्दाकोरमा और मुनगा के जंगलों में ष्ठक्रत्र जवानों और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ चल रही है। खबर मिली है कि जवानों ने एक वर्दीधारी नक्सली का शव बरामद किया है। शव के पास से हथियार भी बरामद हुआ है। मिली जानकारी के मुताबिक, बड़े नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर मंगलवार की रात को एक बड़ा ऑपरेशन लॉन्च किया गया है। इस आपरेशन में अभी एक नक्सली के मारे जाने और हथियार के साथ वर्दीधारी नक्सली का शव बरामद होने की सूचना मिली है। इसी इलाके में आईडी ब्लास्ट की जद में आने से घायल हुए हैं डीआरजी के दो जवान। घायल जवानों को जिला हॉस्पिटल बीजापुर में भर्ती कराया गया है, जहां जवानों का इलाज जारी है। घायल जवानों के नाम आरक्षक मंगलू कुड़ियम, योगेश्वर शोरी हैं। ब्लास्ट की घटना बीजापुर जिले के गंगालूर थानांतर्गत मुनगा गांव के पास हुई है।

### घर में घुसा भालू, रातभर सहमा रहा परिवार

**कांकेर,11 दिसंबर।** शहर के रिहायसी इलाको में भालुओं की आमद लोगों के लिए किसी मुसीबत से कम नहीं है. भोजन-पानी की तलाश में भालू अब घरों में घुस रहे हैं. एकता नगर के एक घर में भालू ने रातभर डेरा डाल रखा था. इसके चलते रातभर पूरा परिवार सहमा रहा.रात करीब 11.30 बजे घर में घुसकर भालू ने घर के आंगन सहित गली के दरवाजों में घूमते हुए नुकसान पहुंचाने की कोशिश करने लगा. भालू की मौजूदगी से परिवार पूरी रात सहमा रहा. दहशत व डर के साये में परिवार को रातभर जागरण करना पड़ा. रात्रि 11~30 से घर में घुसा भालू सुबह तकरीबन 6.45 बजे भाग निकला. तब जाकर कही परिवार ने राहत की सांस ली. इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा.

### पीएम मोदी और अमित शाह ने सुब्रमण्यम भारती को उनकी जयंती पर नमन किया

**नई दिल्ली, 11 दिसंबर।** तमिल कवि, लेखक, स्वतंत्रता सेनानी और सामाजिक सुधारक सुब्रमण्यम भारती की आज जयंती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और कांग्रेस ने सुब्रमण्यम भारती को उनकी जयंती पर नमन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैं महान सुब्रमण्यम भारती को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। एक दूरदर्शी कवि, लेखक, विचारक, स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक, उनके शब्दों ने असंख्य लोगों में देशभक्ति और क्रांति की ज्वाला प्रज्वलित की। समानता और महिला सशक्तिकरण पर उनके प्रगतिशील आदर्श भी समान रूप से प्रेरणादायक हैं।

### सुप्रीम कोर्ट से मनीष सिसोदिया को राहत

**नईदिल्ली,11 दिसंबर।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया को जमानत की शर्तों में राहत दी है।कोर्ट ने शराब नीति मामले में जमानत के अंतर्गत सप्ताह में 2 बार जांच एजेंसियों को रिपोर्ट करने की आवश्यकता को हटा दिया है।कोर्ट ने जमानत के दौरान लगी शर्तों को संशोधित करते हुए कहा कि यह शर्त आवश्यक नहीं लगती। यह फैसला केंद्रीय जांच ब्यूरो और प्रवर्तन निदेशालय दोनों पर लागू होगा। कोर्ट ने कहा कि सिसोदिया को अभी नियमित रूप से ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही में हाजिर होना होगा।कोर्ट ने यह फैसला तब दिया, जब सिसोदिया की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने 22 नवंबर को सुनवाई के दौरान अपनी बात रखी।उन्होंने तर्क दिया था कि आप नेता 60 बार जांच अधिकारियों के समक्ष पेश होकर जमानत की शर्तों का पालन कर चुके हैं।

## एक नजर

### मजदूर की मौत मामले में जुर्म दर्ज

**भिलाई, 11 दिसंबर।** भिलाई 2 महीने पहले बीएसपी के एसएमएस 3 में मजदूर की मौत मामले में क्रेन चालक के खिलाफभट्ठी पुलिस ने इस मामले में धारा 106 :1 अपराध दर्ज किया है भट्ठी पुलिस ने बताया कि बसंत कुमार कुर्रे 37 वर्ष भिलाई इस्पात सयंत्र के एसएमएस.03 विभाग में ठेका कंपनी प्रोटेक्टिव जनरल इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में सेमी स्किल्ड वर्कर एसएसडब्ल्यूद्ध के रूप में कार्यरत थाए जो 10 अक्टूबर की सुबह करीब 10 बजे ड्यूटी के दौरान बिलेट यार्ड के कालम क्रमांक 1 . 115 के पास में रखे जीआईण् शीट को अन्य साथियों की मदद उठाकर अन्य जगह शिफ्ट कर रहा था। उस दौरान ईओटी क्रेन नंबर 31 के चालक ने अपने क्रेन को उपेक्षा एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उसे दूसरे क्रेन से टक्कर मार दी इससे दूसरी क्रेन का ब्रिज एंड बंफ्र टूटकर नीचे काम कर रहे श्रमिक बसंत कुमार कुर्रे के सिर के ऊफ्र जा गिर गया गंभीर रूप से घायल बसंत को तुरंत इलाज के लिए ले जाया गयाए जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया ऐसे में क्रेन चालक के उपेक्षापूर्वक एवं लापरवाही की कारण बसंत कुर्रे की मृत्यु होना पाए जाने पर ट्रेन चालक के खिलाफअपराध दर्ज किया गया है ।

### बाइक चोरी का आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 11 दिसंबर।** भिलाई आकाशगंगा सुपेला के बैंक आफ महाराष्ट्र के सामने से 10 दिन पहले एक बाइक चोरी हुई थी सेक्टर- पांच निवासी 23 वर्षीय आरोपित एम. देवा रेड्डी को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार किया है उससे चोरी की बाइक जब्त कर जेल भेजा गया है आरोपित पूर्व में भी वाहन चोरी के मामलों में जेल जा चुका है सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि इमली चौक दुर्ग निवासी चंदन यादव ने 30 नवंबर को सुपेला थाने में अपनी बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी पीड़ित ने बैंक के सामने बाइक खड़ी की थी इसी दौरान किसी अज्ञात आरोपित ने उसे चोरी कर लिया था पुलिस ने आरोपित की पतासाजी शुरू की जानकारी मिली कि आरोपित रेड्डी चोरी की बाइक को बेचने के लिए नेहरू नगर बाजार चौक के पास ग्राहक की तलाश कर रहा था मुखबिर से जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया जब्त बाइक की कीमत 40 हजार रुपये आकी गई है ।

### विवाद में पत्नी पर किया ब्लेड से वार

**भिलाई, 11 दिसंबर।** भिलाई जेवरा सिरसा चौकी क्षेत्र पत्नी के चरित्र पर संदेह को लेकर विवाद के बाद पति ने ब्लैड से कई बार वार करने का मामला सामने आया है शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 324 के तहत जुर्म दर्ज किया है जेवरा सिरसा चौकी प्रभारी पुरषोत्तम कुर्रे ने बताया कि ग्राम भटगांव निवासी शिव प्रसाद नेताम और पत्नी रुपा का अक्सर विवाद हुआ करता था घटना के दिन विवाद इतकना बढ़ गया कि शिव प्रसाद ने अपनी पत्नी को ब्लैड से वार कर गंभीर रुप से घायल कर दिया घटना में रुपा को गला समेत शरीर के विभिन्न अंगो में चोट आई है पति शिव प्रसाद पत्नी के चरित्र को लेकर हमेशा विवाद किया करता था इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हुआ करता था पत्नी का उपचार अस्पताल में जारी है ।



### प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए दावा-आपत्ति की तिथि निर्धारित

**भिलाई, 11 दिसंबर।** प्रधानमंत्री आवास योजना के मोर मकान मोर आस के घटक में नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्रांतर्गत निर्मित आवासों के आबंटन हेतु किरायेदारी के रूप में निवासरत परिवारों एवं वरिष्ठ नागरिकजन, दिव्यांगजन हेतु विभिन्न परियोजना स्थल एनार स्टेट खम्हरिया, वार्ड क्रमांक 01 सूर्याविहार के पीछे खम्हरिया, माईल स्टोन स्कूल के पीछे खम्हरिया, स्वप्निल बिल्र्डस कुरूद, कृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज के पीछे, खम्हरिया, आम्रपाली हाउसिंग बोर्ड, अविनाश मेट्रोपॉलिश कोहका, ग्रीनवेली खम्हरिया अंतर्गत निर्मित/निर्माणाधीन आवासों के आबंटन हेतु किरायेदारों से आवेदन आमंत्रित किये गये है।

# विधायक भावना बोहरा ने पांडातराई के विभिन्न वार्डों का किया दौरा जनता की समस्याओं का निराकरण करने अधिकारियों को दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 11 दिसंबर।** जनता की समस्या हो या क्षेत्र में विकास कार्यों की सौगात, पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा लगातार इसके लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। आज पांडातराई में भी भावना बोहरा ने जनसंपर्क किया और क्षेत्रवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं का समाधान किया। इस दौरान उन्होंने पांडातराई महाविद्यालय का औचक निरीक्षण किया एवं विद्यार्थियों की सुविधा व शिक्षा को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। मंगलवार को पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने पांडातराई के वार्ड क्रमांक 6 एवं 9 में सघन जनसंपर्क कर क्षेत्रवासियों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं का निराकरण किया। इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने कहा कि जनता से लगातार संपर्क और संवाद से ही क्षेत्र का विकास संभव है। हमने यह लक्ष्य निर्धारित किया है कि जितना ज्यादा हो सके जनता से सीधे संवाद करें, उनके सुझाव प्राप्त करे और उसका निराकरण कर क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करें। यह सब जनता और जनप्रतिनिधि के आपसी सामंजस्य से ही पूरा होगा। इसलिए हमने यह पहल शुरू की है और जनता का भी इसमें भरपूर सहयोग मिल रहा है। हमने महाविद्यालय में पढ़ने वाले



छात्र-छात्राओं की सुविधा और शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर भी आज महाविद्यालय का औचक निरीक्षण किया। विद्यार्थियों से शिक्षा, शिक्षकों एवं महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं को लेकर भी चर्चा की और वहां जो समस्याएं सामने आईं है उसे तत्काल दूर करने के लिए शासन व महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।विगत एक वर्ष में इसी जनसंवाद एवं क्षेत्रवासियों के मार्गदर्शन से हम लगातार पूरे पंडरिया विधानसभा में विकास कार्यों की सौगात जनता को समर्पित कर रहें हैं। सड़क,बिजली,पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं से लेकर अधोसंरचना विकास के कार्य भी लगातार हो रहें हैं। यह सभी विकास कार्य आने वाले समय मे जनता की सुविधा एवं क्षेत्र के विकास को नई गति एवं दिशा देंगे।

उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार विकसित भारत-विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य को निर्धारित करके निरंतर कार्य कर रही है। यह लक्ष्य तभी संभव हो सकता है जब हम जनता की सुविधाओं का विस्तार करें, अधोसंरचनाओं का विकास करें एवं जनहित के लिए चलाई जा रही योजनाओं का जमीनी स्तर तक क्रियान्वयन करें, जिसके लिए हमें जनता के बीच जाना होगा। एक जनप्रतिनिधि का कार्य यही है कि वह अपने क्षेत्रवासियों के लिए हमेशा उपलब्ध रहे, उनकी समस्याओं को सुनें, क्षेत्र की प्रगति के लिए उनके सुझावों पर अमल करें, इसलिए हम लगातार जनसंपर्क के माध्यम से जनता के समक्ष पहुंचकर हर संभव प्रयास कर रहें हैं जिससे जनता को सुविधा मिले, क्षेत्र की प्रगति हो और पंडरिया विधानसभा को समृद्ध बनाने के हमारे लक्ष्य को हम प्राप्त कर सकें।

# जिला पंचायत सदस्य के दावेदारों की चर्चा जोरों से



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 11 दिसंबर।** जिला पंचायत 11 से कांग्रेस जिला अध्यक्ष होरी राम साहू ओर जिला पंचायत 12 से सामान्य सीट आने पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भाजपा से लड़ सकते है जिसकी चर्चा होती हुई दिख रही है क्योंकि पूर्व में जिला पंचायत अध्यक्ष ओर पूर्व शक्कर कारखाना अध्यक्ष के रूप में किसानों के बीच में अच्छी छाप है जिसकी चर्चा लोगों के बीच में दिखी । वहीं पंडरिया विधानसभा में किसी एक जिला पंचायत में सरपंच संघ उपाध्यक्ष प्रदीप पूरी गोस्वामी भी जिला पंचायत चुनाव लड़ सकते है क्योंकि सादगीपूर्ण विनम्रता व्यवहार की लोगों में तारीफ का विषय बना हुआ है जिसकी सुगबुगाहट होती हुई दिखी । कांग्रेस से राजेन्द्र मारकंडे कबीरधाम कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग का जिला अध्यक्ष के नाम की भी चर्चा चल रही है । फिलहाल कुछ ही दिनों में यह पता ही जायेगा की सामान्य सीट , ओ बी सी , अनुसूचित जाति , अनुसूचित जनजाति की सीट कौन सी होगी । घोषणा होने के बाद ही पता चलेगा की ओर कितने दावेदारों की चर्चा है । पान दुकान , होटलों और चौक चौराहों में राजनेतिक चर्चा बहुत हो

# डिप्टी सीएम अरुण साव ने नगर को 11 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी:नपाध्यक्ष

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जामुल,11 दिसंबर।** नगर पालिका जामुल में विकास कार्यो के लिए भूमिपूजन का ऐतिहासिक कार्यक्रम का आयोजन नपा प्रशासन द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरूण साव थें। अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक डोमन लाल कोर्सेवाडा ने किया, विशिष्ट अतिथि जामुल नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर थें। कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर के नेतृत्व में माननीय उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव का आतिशबाजी पुष्पवर्षा एवं मिष्ठान से तौल कर भव्य स्वागत किया गया। स्वागत भाषण में नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के जयकारे के साथ कहा कि हमारे जामुल नगर के लिए आज का दिन एतिहासिक है। उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने हमारे नगर



को 11 करोड रूपये जो सौगात दिया है। उसके लिए मैं जामुल नगर के प्रथम नागरिक होने के नाते पुरे नगर वासियों के तरफ से सादर वंदन अभिनंदन करता हूं। कार्यक्रम के अध्यक्षता करते हुए क्षेत्रीय विधायक माननीय डोमन लाल कोर्सेवाडा के बताया की हमारे जामुल के लिए बहुत ही कम समय में बहुत ज्यादा राशि विकास के लिए प्रदान किये है और आगे भी समय अनुसार अतिरिक्त अनुदान विकास कार्यो के लिए प्रदान करेंगे ऐसी अपेक्षा मै रखता हु। मुख्य अतिथि के आसंदी से प्रदेश के यशस्वी उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने शहीद वीर नारायण सिंह को नमन करते हुए प्रदेश में किये गये वर्तमान सरकार के कार्यो पर प्रकाश डाला और उपस्थित माताओ बहनो से पुछा कि महतारी वंदन का पैसा मिल रहा है कि नहीं इस पर सभी जानकारी लिया । सभी ने हाथ उठाकर समर्थन किया। किसानों के धान खरीदी पर भी एक मुस्त राशि जारी होने की बात कही साथ ही बताया कि हमारे 01 वर्ष के कार्यकाल में सभी वादे को पुरा किया जा रहा हैं जामुल से पुराना संबंध होने का भी जिक्र किया और कहा कि आज तो 11 करोड रूपये का विकास कार्य संपादित होने जा रहा हैं इसके अतिरिक्त जामुल के विकास के 01 करोड रूपये के विशेष घोषणा करता हु। क्योकि आपके क्षेत्र के अनुभवी विधायक श्री डोमन लाल कोर्सेवाडा एवं आपके नगर पालिका के ऊर्जावान युवा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर विकास कार्य के लिए सतत प्रयासरत रहते है। मुख्य अतिथि माननीय उपमुख्यमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि के हितग्राहियों को 20-20 हजार रूपये का चेक वितरण भी किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री अंकुर पाण्डेय ने अतिथियों के साथ समस्त जनप्रतिनिधि एवं उपस्थित जनसमुह, पत्रकारगण के साथ सभी का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से नटवर ताम्रकार, अध्यक्ष,न.पा.प.अहिवारा, विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू, नपा उपाध्यक्ष सुनीता चन्नेवार, पूर्व नपा अध्यक्ष रेखराम बछोर, पी.आई.सी. प्रभारी कविता विश्वाल, पूर्व नपा अध्यक्ष सरोजनी चन्द्राकर, भाजपा जिला अध्यक्ष महेश वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष जोगेश्वर सोनी, पी.आई.सी. प्रभारी श्री खम्मन सिंह ठाकुर, श्रीमती सीमा यादव, राम दुलार साहू, चुम्मन वर्मा, अहिल्या वर्मा, शांति टंडन पार्षदगण सबीहा करीम खान, दीपक गुप्ता, संजय देशलहरे, अश्वनी साहू, निशा चन्नेवार, रामप्यारी वर्मा, के राजु, दुर्गा वैष्णव, तिलेश्वर देवांगन, सांसद प्रतिनिधि हलधर साहू सहित जामुल नगर के सामाजिक धार्मिक समिति के गणमान्य नागरिक सहित विभिन्न राजनैतिक दलों के सभी प्रकोष्ट के पदाधिकारी सहित जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन, नगरीय प्रशासन के अधिकारीगण उपस्थित थे।

### कोक ओवन बैटरी क्रमांक-8 के पुनर्निर्माण के लिए रिफैक्टरी लाइनिंग कार्य की शुरुआत

**भिलाई, 11 दिसंबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के कोक ओवन बैटरी क्रमांक-8 के पुनर्निर्माण कार्य की दिशा में रिफैक्टरी लाइनिंग कार्य की शुरुआत 09 दिसंबर को संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता द्वारा किया गया। दासगुप्ता ने कोक ओवन की पूरी टीम को बधाई देते हुए पुनर्निर्माण कार्य की सफलता हेतु प्रोत्साहित किया। निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता, कार्यपालक निदेशक प्रभारी अंजनी कुमार एवं कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय ने पहली ईंट रखकर निर्माण कार्य का औपचारिक शुभारंभ किया। कोक ओवन बैटरी 7 और 8 के पुनर्निर्माण कार्यों की योजना के तहत, भिलाई इस्पात संयंत्र के लिए कोक ओवन बैटरी 8 में रिफ्रेक्टरी ब्रिक लाइनिंग कार्य की शुरुआत एक और उपलब्धि है। कोक ओवन बैटरी 7 का रिफ्रेक्टरी निर्माण का कार्य 01 अप्रेल 2024 को शुरू किया गया था ।

# कांग्रेस सरकार में चाकरी करने वालों से लोकार्पण भूमिपूजन कराए तब अपमानित नहीं हुए:हर्षा लोकमनी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 11 दिसंबर।** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एव सदस्य जिला पंचायत दुर्ग श्रीमती हर्षा लोकमणी चंद्राकर ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि पिछले पांच वर्षो तक जब कांग्रेस की सरकार थी हमेशा प्रोटोकॉल को तोड़ने का कार्य किया जब भी लोकार्पण भूमिपूजन हुआ हर बार भाजपा के जनप्रतिनिधियों का अपमान हुआ, पिछले पांच वर्षों में लगातार भाजपा के जनप्रतिनिधियों को अपमानित करने वाले कांग्रेसी अब किस मुंह से बोल रहे है, जैसा बोवोगे वैसा काटोगे, जो कर्म पिछले पांच वर्षों में किये हो उसका परिणाम अब इन पांच वर्षों में देखना होगा।श्रीमती चंद्राकर ने पूर्व मुख्यमंत्री भुपेश बघेल पर आरोप लगाया कि प्रोटोकॉल तोड़ने का काम भुपेश बघेल के संरक्षण में ही होता था। इनके दोगलेपन को कौन नही जानता एक तरफ किसानों की समस्या के लिए लड़ने की बात करते है उनके उपज की वाजिब दाम दिलाने की बात करते है



वहीं दूसरी तरफ महंगाई के नाम पर टमाटर की कीमत अधिक होने का विरोध भी करते है क्या टमाटर किसानों ने न उपजाकर किसी फैक्टरी में निर्माण होता है क्या टमाटर की कीमत बढ़ने से किसानों को लाभ नही मिलेगा, भुपेश बघेल एव कांग्रेस के कुनबे चाहते ही नही की किसान मजबूत हो ये केवल राजनीति करना जानते है। पिछले पांच साल में कांग्रेस सरकार ने किसानों का बोरा घोटाला, 1 दिसंबर से धान खरीदी, बोनस का चार किश्तों में देना, महादेव सट्टा एप घोटाला, कोयला घोटाला, शराब घोटाला, गांव गली में अवैध शराब की नदियां बहाने वाले भूल रहे है कि छत्तीसगढ़ की जनता पिछले पांच वर्षों में कितने त्रस्त, परेशान और हलाकान थे इसका अंदाजा पांच वर्ष में ही सत्ता से बेदखल करने से पता चलता है।श्रीमती चंद्राकर ने आगे कहा की देश मे नरेंद्र मोदी छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय की सुशासन की डबल इंजन की सरकार पिछले एक साल से सांय सांय चल रही है छत्तीसगढ़ में हर तरफ खुशहाली है, किसानों को उनके उपज का वाजिब दाम मिल रही है, बोनस का पैसा एकमुश्त मिल रही है, बेरोजगारों के लिए कई विभागों में भर्ती खुल गई है, अन्य रोजगार के साधन भी जुटाए जा रहे है, महतारी वंदन से लाखो बहने आत्मनिर्भर हो रही है भाजपा सरकार द्वारा और भी अनेक योजनाएं आम जनता की उन्नति के लिए चलाये जा रहे है, जिससे छत्तीसगढ़ समृद्ध राज्य की ओर बढ़ रही है।

# साय सरकार के 1 वर्ष पूर्ण होने पर भगवा चौक एवं कुरूद उद्यान में लोगों ने किया श्रमदान



**भिलाई, 11 दिसंबर।** राज्य शासन के एक वर्ष पूर्ण होने की खुशी में भगवा चौक में लोगों को जोड़कर श्रमदान किया गया, साथ-साथ सफाई अभियान भी चलाया गया। एक दूसरे को प्रेरित करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया गया। चौक में सफाई के बाद जोन कमिश्नर येशा लहरें, उद्यान प्रभारी अध्यक्ष नेहा साहू कुरूद उद्यान में जाकर उद्यान की साफ-सफाई कि वहां टहलने वाले योग, व्यायाम, प्राणायाम करने वाले लोगों को जोड़कर श्रमदान किया गया। श्रमदान के बाद सब लोगों ने स्वच्छता को संकल्प दिलाया गया। वहां पर टहलने वाले, योग करने वाले लोगों ने कहा कि जब नगर निगम इतना कर रहा है, तो हम सबका भी कर्तव्य बनता है। कि मिलकर के छोटे-छोटे जगह जहां हम लोग बैठकर योग करते हैं, प्राणायाम करते हैं, उसको हम सब साफ रखें। यह केवल नगर निगम भिलाई का ही काम नहीं है, हम सब उपयोग करते है, तो साफ भी हम करेंगे। निगम हमारी सुविधाओ को ध्यान में रखकर उद्यान बनाये है, जिसमे हमारे साथ-साथ हमारे बच्चे भी खेलने आते है। जब निगम हमारे बारे में इतना सोचते है तो उनके साथ हम भी साफ-सफाई करेगें। यदि कोई गंदगी करते दिखता है तो उसको भी हम रोकेगे। सफाई अभियान के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, अभियंता अरविंद शर्मा, श्वेता वर्मा, अर्पित बंजारे, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, अनिल मिश्रा, वीरेंद्र बंजारे, हेमंत माझी, स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह, कमलेश द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

# सहसपुर लोहारा मेगा स्वास्थ्य शिविर में 500 लोगों की जांच

**कवर्धा, 11 दिसंबर।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश तथा कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन पर आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहसपुर लोहारा में पहली बार गर्भवती महिलाओं का निशुल्क सोनोग्राफी जांच और मेगा स्वास्थ कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में 502 नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसमें 100 गर्भवती महिलाओं का निःशुल्क सोनोग्राफी जांच किया गया। इस दौरान शिविर में इसमें स्त्री रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, रेडियोलॉजिस्ट, मेडिसिन विशेषज्ञ और दंत रोग विशेषज्ञ ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में सोनोग्राफी के अलावा 80 मेडिसिन से संबंधित रोग का इलाज किया गया। 72 आर्थो से संबंधित रोग का इलाज किया गया। सर्जरी से सम्बन्धित 28, बच्चों से संबंधित मरीज 73 की जांच किया गया। शिविर में अन्य बीपी शुगर और अन्य सामान्य ओपीडी में 147 मरीज का



इलाज किया गया। शिविर मे उच्च जोखिम मरीज का चिह्नांकित कर पहले से भर्ती करने का सलाह दी गई। शिविर में जिला अस्पताल से मेडिसिन रोग विशेषज्ञ स्त्री रोग विशेषज्ञ रेडियोलॉजी, सर्जरी रोग विशेषज्ञ हड्डी रोग विशेषज्ञ मेडिकल ऑफिसर और विकासखंड से बीएमओ डॉ योगेश साहू , डॉ पुरूषोतम बंधवे और ब्लॉक की समस्त टीम द्वारा जांच की गई। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने गर्भवती महिलाओं से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को समझा माताओं से बातचीत कर उन्हें स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया। इस प्रकार के शिविर में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने का महत्वपूर्ण माध्यम साबित हो रहे हैं।राज्य शासन का यह प्रयास महिलाओं और शिशुओं के स्वास्थ्य में सुधार लाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। शिविरों के माध्यम से न केवल जटिलताओं का समय रहते पता लगाया जा रहा है, बल्कि महिलाओं को स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। इस प्रकार की सेवाएं उपलब्ध कराना क्षेत्र की स्वास्थ्य संरचना को मजबूत करने में सहायक है।वनांचल क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पहले भी इस प्रकार के शिविर आयोजित किए गए हैं। 19 जुलाई को झलमला, 7 अक्टूबर को तरेगांव, और 8 अक्टूबर को रेंगखार में, 24 नवंबर को बोडला में, 25 नवंबर को चिल्फी में शिविरों का आयोजन किया गया।

### स्टील मेल्टिंग शॉप-3 विभाग में सुरक्षा सप्ताह की शुरुआत

भिलाई, 11 दिसंबर। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप 3 विभाग में 9 दिसम्बर से सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है, जिसका उद्घाटन समारोह 9 दिसम्बर को एसएमएस-3 में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता मुख्य अतिथि रहे। मुख्य महाप्रबंधक प्रमोद कुमार व महाप्रबंधक प्रभारी एस के अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

# महापौर परिषद की बैठक में विकास कार्य कराने लिए गए निर्णय

**भिलाई, 11 दिसंबर।** नगर पालिक निगम भिलाई में महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में आहूत की गई। जिसमें प्रमुख रूप से 10 बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई, चर्चा के दौरान सभी सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव साझा किए। जिसमें नगर पालिक निगम भिलाई के संपत्ति की सुरक्षा हेतु 01 सिनियर गार्ड (सहायक सुरक्षा अधिकारी) एवं 99 सुरक्षा गार्ड कुल 100 की वित्तीय स्वीकृति का प्रस्ताव रखा गया। जिसमें सभी सदस्यों ने अपनी राय देते हुए निविदा के नियम-शर्तों का परीक्षण किये जाने के साथ वर्तमान निविदा को यथावत रखते हुए अगली निविदा होने तक कार्य में वृद्धि की गई है। इसी तारतम्य में अभिमत/आपत्ति/अनापत्ति प्रदाय करने जांच प्रतिवेदन में भूमि खसरा नम्बर 1558/1 रकबा 82300 हेक्टेयर में से 7500 वर्ग फूट भूखंड आवासीय क्षेत्र है किन्तु खेल मैदान होने के कारण उसमें आपत्ति लगाया गया है। अभिमत (आपत्ति/अनापत्ति)



जांच प्रतिवेदन में खसरा नम्बर 208 रकबा 25.52 हेक्टेयर मे से 9100 वर्ग फुट भूखण्ड आवेदित स्थल पंडित दीनदयाल पुरम आवासीय योजना के स्वीकृत अभिन्यास में स्थल चिन्हांकित है, उक्त भूमि का पुनः स्थल निरीक्षण करने सहमति दी गई है। रा.प्र.क्र. 202412101600004 अ-19 (1) आवंटित किये जाने के संबंध में खसरा नम्बर 1253 रकबा 17.3360 हेक्टेयर मे से 7500 वर्ग फूट भूखण्ड को समाज हित में आबंटन की मांग किया गया था। जो आवासीय क्षेत्र है, किन्तु खेल मैदान होने के कारण आपत्ति किया गया है। जोन 03 सीवर लाईन, चैंबर निर्माण कार्य एवं सीवेज संपवेल, सीवेज पम्पिंग मुख्य लाइन तथा ट्रांसफार्मर, पंप इत्यादि निर्माण कार्य 241.07 लाख की लागत राशि से किया जाना है। जिसमें समिति के सदस्यों ने अपनी सहमति देते हुए कार्य कराए जाने पारित किया गया। जोन क्र. 01 नेहरू नगर क्षेत्रांतर्गत मुख्य राष्ट्रीय मार्ग के किनारे से सुपेला चौक होते लोहिया पेट्रोल पंप तक क्षतिग्रस्त निकासी नाला का पुनः निर्माण कार्य लगभग 154.33 लाख की लागत राशि से कराये जाने की सर्व सम्मति से पारित किया गया। इसी प्रकार नगर पालिक निगम कार्यालय में आंन ग्रिड सोलर प्लांट स्थापना कार्य कराये जाने को पारित किया। छ.ग. में सतत योजना के तहत नगरीय ठोस अपशिष्ट बायोमास कम्प्रेस्ड बायोमास प्लांट स्थापना हेतु भूमि हस्तांतरण कार्य को सदस्यों ने सहमति दी। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत उद्यानों का रखरखाव एवं संचालन/संधारण कार्य कराये जाने की सहमति दी गई। निगम क्षेत्र में स्थित जलागार में डबल वैल्यू सिस्टम करने का कार्य को पुनः निविदा आमंत्रित करने कहा गया। तालाबो की जलकुम्भी सफाई हेतु वीड मशीन क्रय कार्य जो 15वें वित्त आयोग से कराया जा रहा है। जिसकी लागत राशि 150.00 लाख से क्रय कर कार्य कराये जाने की सहमति प्रदान की गई। महापौर परिषद की बैठक में एमआईसी सदस्य लक्ष्मीपति राजू, सीजू एन्थोनी, संदीप निरंकारी, केशव चौबे, साकेत चंद्राकर, एकांश बंछोर, आदित्य सिंह, चंद्रशेखर गंवई, लालचंद वर्मा, मनान गफ्फार खान, मालती ठाकुर, नेहा साहू, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, जोन आयुक्त येशा लहरे, बी.के.वर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, सचिव बसंत देवांगन आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### तीन मंजिला छत से गिरने से ग्यारहवीं की छात्रा की मौत

**छूरिया राजनांदगांव 11 दिसंबर।** जिले के अंतिम छोर महाराष्ट्र सीमा से लगे ग्राम बाघनदी से



कांकेर के प्रयास आवासीय विद्यालय पढ़ाई करने गई छात्रा करिश्मा ठलाल की तीन मंजिला हॉस्टल से गिर कर हुई मौत, जानकारी अनुसार छात्रा करिश्मा पिछले दो सालो से प्रयास आवासीय विद्यालय कांकेर मे पढ़ाई कर रही थी, और वर्तमान मे वह ग्यारहवी मे अध्यनरत थी, जो 9 दिसंबर दिन सोमवार को क्लास जाने के लिए यूनिफार्म पहन कर तैयार हुई, जिसके बाद अचानक छत से किसी चीज की गिरने की आवाज आई, वहां उपस्थित अन्य बच्चों ने जब देखा तो छात्रा करिश्मा बेसुध पड़ी थी, जिसे प्रयास आवासीय विद्यालय के स्टाफ व साथी छात्राओ द्वारा कांकेर के स्थानीय स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया, गंभीर रूप से घायल छात्रा की नाजुक स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार बाद रायपुर रिफर कर दिए, रास्ते मे घायल छात्रा की हालत और नाजुक होते गई, रायपुर पहुंचने पर जब वी वाय हॉस्पिटल मे घायल छात्रा को डाक्टरों ने देखा और जॉच किया गया तो उसे मृत घोषित कर दिया, जिसके बाद छात्रा करिश्मा की डेट बॉडी रायपुर के ही मेकाहारा हॉस्पिटल मे पोस्टमार्टम के लिए सुरक्षित रखा गया, जिसे 10 दिसंबर मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम कर छात्रा की बॉडी परिजनो को सौप दी है, इस मामले मे परिजनो का कहना है, कि करिश्मा पढ़ने लिखने मे बेहद होशियार थी उसे किसी भी बात की कोई चिंता नहीं थी व चंचल लड़की थी वो कोई बात हम परिजनो को छुपाया नही करती थी, हमे आशंका है कि करिश्मा के साथ कुछ गलत हुआ है, जिसकी जांच होनी चाहिए, करिश्मा के परिजन प्रयास स्कूल/हॉस्टल प्रबंधन पर भी लापरवाही का आरोप लगा रहे है, इधर करिश्मा के घटना सुनकर पूरे बाघनदी मे शोक की लहर है, एवं पढ़ने गई जवान बेटी की मौत से परिजनो का रो रो कर बुरा हाल है, बहरहाल परिजनो की मांग एवं शंखा पर शासन प्रशासन को इस मामले पर जांच कर परिजनो को न्याय देना चाहिए।

### कृषि विश्वविद्यालय में जुटेंगे देश भर के कृषि अर्थशास्त्री

**रायपुर, 11 दिसंबर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर में कृषि अर्थशास्त्र अनुसंधान संघ, नई दिल्ली का तीन दिवसीय 32वां वार्षिक सम्मेलन 11 से 13 दिसम्बर, 2024 तक ''उच्च, सतत और समावेशी विकास के लिए कृषि का डिजिटलीकरण'' विषय पर आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन का शुभारंभ कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी मंत्री श्री रामविचार नेताम करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वित्त, वाणिज्यिक कर, आवास और पर्यावरण, योजना तथा आर्थिक एवं सांख्यिकी मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी करेंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल, नाबार्ड छत्तीसगढ़ के मुख्य महाप्रबंधक डॉ. ज्ञानेन्द्र मणि, कृषि अर्थशास्त्र अनुसंधान संघ, नई दिल्ली के अध्यक्ष डॉ. पी.के. जोशी, कृषि अर्थशास्त्र अनुसंधान संघ, नई दिल्ली के सम्मेलन अध्यक्ष डॉ. पी.एस. बिरथल एवं राष्ट्रीय जैव स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान, बरौंडा, रायपुर के निदेशक डॉ. पी.के. घोष उपस्थित रहेंगे। कृषि अर्थशास्त्र अनुसंधान संघ, नई दिल्ली एक पंजीकृत सोयायटी है जो 1987 में अस्तित्व में आई और वर्तमान में भारत और विदेश में इसके 1200 से अधिक आजीवन सदस्य हैं। संघ कृषि अर्थशास्त्र, नीति विश्लेषण और ग्रामीण विकास में गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान को बेहतर बनाने में योगदान देता है। वर्तमान में इसके अध्यक्ष ख्यातिलब्ध कृषि अर्थशास्त्री डॉ. पी.के. जोशी हैं। कार्यक्रम के आयोजन सचिव प्रो. हुलास पाठक ने बताया कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य देश के प्रमुख कृषि अर्थशास्त्रियों, नीति-निर्माताओं, शिक्षाविदों और क्षेत्रीय विशेषज्ञों को एक मंच में लाने के साथ-साथ कृषि क्षेत्र में उभरती चुनौतियों पर विचार-विमर्श करना और टिकाऊ व समावेशी विकास के लिए नवाचारी दृष्टिकोण विकसित करना है। 11 से 13 दिसम्बर, 2024 तक आयोजित इस तीन दिवसीय 32वीं वार्षिक सम्मेलन में कृषि अर्थशास्त्र से जुड़ी जानी-मानी हस्तियों द्वारा ''टिकाऊ खेती के लिए स्मार्ट एग्री-टेक'', ''कृषि-विपणन में डिजिटल परिवर्तन'', ''शासन और संस्थागत समार्थन'' जैसी महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### महापौर ने पेन्शनरों को निराश किया: जैन

**राजनांदगाँव 11 दिसंबर।** नगर के ऐतिहासिक सभा गृह टाउनहॉल में छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय पेंशनर संघ के राज्य स्तरीय सम्मेलन दिनांक 26/06/2022 में मुख्य अतिथि की आसंदी से महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख जी द्वारा नगरीय निकाय पेन्शनरों के लिये पेन्शनर भवन का निर्माण करने के लिए 5 लाख रुपए स्वीकृत करने की घोषणा की गई थी परंतु ढाई वर्ष बीत जाने पर भी पेन्शनर भवन का निर्माण नहीं कराने से महापौर की छवि धूमिल हुई हैं। प्रांतीय संघ द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया है कि छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय पेन्शनर संघ नगरीय निकाय पेन्शनरों का एकमात्र पंजीकृत संस्था हैं तथा इसका मुख्यालय राजनांदगाँव हैं। पेन्शनर भवन के अभाव में प्रांतीय कार्यालय के संचालन तथा अपनी समस्या को लेकर राजनांदगाँव आने वाले पेन्शनरों को काफ़ी असुविधा होती हैं। विगत कई वर्षों से प्रांताध्यक्ष द्वारा पेन्शनर भवन निर्माण के लिए प्रयास किया जा रहा है। इसी दौरान विगत 26 जून 2022 को राजनांदगाँव के टाउनहॉल में आयोजित प्रांतीय स्तर सम्मेलन में विराजमान मुख्य अतिथि श्रीमती हेमा देशमुख का ध्यान इस समस्या की ओर आकर्षित करने पर उन्होंने अपने भाषण में पेन्शनर भवन के निर्माण हेतु 5 लाख रुपए स्वीकृत करने के घोषणा की थी। महापौर की घोषणानुसार पेन्शनर भवन के निर्माण हेतु स्थान का चयन किए जाने के बाद उपयंत्री तिलकराज द्वारा मानचित्र एवं प्राकलन तैयार कर महापौर के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। इस संबंध में दिनांक 22/08/22 एवं 10/10/2022 संघ के प्रांताध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों ने महापौर से भेंट कर पेन्शनर भवन का निर्माण शीघ्र चालू करने का ज्ञापन दिया। पुनः उनको एक पत्र प्रतिनिधि मंडल के साथ 23/6/23 को दिया गया।

# डिप्टी सीएम शर्मा ने सियान सदन का लोकार्पण किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 11 दिसंबर।** उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम बडग़ांव चारभाठा के अमृत सरोवर में सियान सदन का लोकार्पण किया। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने गांव के तालाब में जाने वाले पानी को स्वच्छ कर निस्तारी उपयोग योग्य बनाने के लिए ग्रे-वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण हेतु 2 लाख 50 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति आदेश पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर उन्होंने अमृत सरोवर के किनारे एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। उन्होंने बोरवेल रिचार्ज शाफ्ट सैंड फिल्टर का अवलोकन किया और वाटर रिचार्ज के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने गांव के तालाब में निस्तारी उपयोग के लिए घरेलू उपयोग पानी को ग्रे-वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के माध्यम से निस्तारी योग्य बनाने के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री दिनेश गांधी, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, वनमंडलाधिकारी श्री आयुष जैन, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह उपस्थित रहे।



कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने बताया कि जिले में 4 सियान सदन अमृत सरोवर के साथ बनाए गए है। जिसमें बुजुर्गों के बैठने और बच्चों को खेलने के लिए झूले भी लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिले में 187 स्थानों में असफल बोर से रिचार्ज के लिए बोरवेल रिचार्ज शाफ्ट सैंड फिल्टर बनाया जा रहा है। जिसमें से 120 स्थानों में कार्य पूर्ण हो चुका है, जिससे वाटर रिचार्ज होगा। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने बताया कि ग्रे-वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से तालाब में जाने वाले पानी को स्वच्छ कर निस्तारी उपयोग योग्य बनाया जाएगा। ग्रे-वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से जलाशयों के प्रदूषण से रोका जाएगा। जल पुनर्भरण एवं ग्रे वाटर के सुरक्षित निपटान के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होंने बोरवेल रिचार्ज शाफ्ट सैंड फिल्टर के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्षा जल संचय के लिए बोरवेल रिचार्ज शाफ्ट सैंड फिल्टर बहुत उपयोगी संरचना है। इस दौरान सरपंच श्री वासुदेव भण्डारी, श्री रविन्द्र वैष्णव, श्री निरेन्द्र साहू, श्री रामकुमार गुप्ता, अन्य जनप्रतिनिधि एवं समाज सेवी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, एसडीएम डोंगरगांव श्री श्रीकांत कोर्राम सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## 1.10 करोड़ रुपए की स्वीकृति के बाद भी मरकाकसा-जोब सड़क निर्माण शुरू नहीं



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगांव 11 दिसंबर।** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक छन्नी साहू ने क्षेत्र की मरकाकसा से जोब तक सड़क निर्माण करने की मांग की है।सोमवार बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंची। उन्होंने मरकाकसा से जोब तक लगभग1.25 किमी लंबी सड़क का निर्माण शुरू करने की मांग को लेकर कलेक्टर संजय अग्रवाल को ज्ञापन साँपा। सड़क का निर्माण कार्य शुरू नहीं होने के कारण 12% से ज्यादा गांवों के किसान और ग्रामीण लंबे समय से परेशान हैं। उन्होंने बताया कि 1.25 किलोमीटर लंबी इस सड़क का निर्माण करने 1 करोड़ 10 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति मिल चुकी है। लोक निर्माण विभाग ने निविदा जारी की है। लेकिन आज तक इस सड़क का निर्माण शुरू नहीं किया गया। आए दिन हादसे होते रहते हैं। इसी सड़क से बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं स्कूल जाते हैं। समय रहते इसका निर्माण होने से राहत मिलेगी। देरी की गई तो बारिश में ग्रामीणों की परेशानी बढ़ सकती है।सड़क का निर्माण पूरा होने से मरकाकसा, जोब, पंडरापानी,विचारपुर, मालडोंगरी, गोटाटोला,बेंदारी, गवालदंड सहित अन्य गांवके हजारों ग्रामीणों को राहत मिलेगी। इस दौरान क्षेत्र के जनपद सदस्य कन्हैया कोल्हे, सरपंच जानकी शरण श्रीवास्तव, जगन्नाथमंडावी, जीवराखन मंडावी, अर्जुन पटेल, संतोष उसेंडी, सरपंच ईश्वरी मिरी, कल्पना मंडावी, मदन कंवर, हरिलाल पटेल, पुराम कंवर,युनूस मौजूद रहे।

## कांग्रेस के आंदोलन के कारण सरकार इसी माह दे सकती है किसानों की बची हुई राशि:कुलबीर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 11 दिसंबर।** प्रदेश की भाजपा सरकार धान की खरीदी के नाम पर किसानों को धोखा व ठगने का काम रही है केन्द्रों में न तो कोई व्यवस्था है न ही कोई सुविधा है, किसान कुटिया को गोदाम बनाकर रख दिया है जिससे किसान अपने आप को ठग महसूस कर रही है। भाजपा सरकार की नीतियों के कारण किसानों को परेशान होना पड़ रहा है। भाजपा सरकार अपने चुनावी वादे भुलकर किसानों को गुमराह कर रहा है जिसको लेकर विगत 03 दिसंबर को कांग्रेस द्वारा ''धान खरीदी केन्द्र चलो अभियान चलाया'' जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण, पदाधिकारी धान खरीदी केन्द्रों पर गये, जहां उन्होंने किसानों की परेशानियों को नजदीक से देखा और समझा जिसको लेकर 10 दिसंबर मंगलवार को धान खरीदी केन्द्र के सामने ब्लॉक स्तरीय धरना-प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द निराकरण किसान की समस्याओं से निजात दिलाने की मांग की। धरना-प्रदर्शन का संचालन करते हुए दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के निर्देशानुसार ब्लॉक स्तरीय धरना-प्रदर्शन खरीदी केन्द्र ढाबा मोहारा रोड में किया गया।

पूर्व मंत्री धनेश पाटिला ने भाजपा सरकार की कथनी और करनी को उजागर करते हुए कहा कि भाजपा सरकार किसानों को धोखा दे रही है। 3100 रूपए में धान खरीदने का वादा कर 2300 रूपए किसानों को दिया जा रहा है जो पूरी तरह से गलत है। आज पूरे धान खरीदी केन्द्रों में बारदाने की कमी है करके सरकार 50 प्रतिशत नये, 50 प्रतिशत पुराने बारदानों का उपयोग करने की बात कह रही है। 50 प्रतिशत बारदानों की व्यवस्था किसानों से करने व उसका भुगतान किया जायेगा, लेकिन किसानों के बारदाने का पैसा नहीं दिया जा रहा है। धान तौलाई में 1.5 किलोग्राम से 2.5 किलोग्राम अधिक तौला जा रहा है।

### चेम्बर प्रतिनिधिमंडल ने कृषि मंत्री रामविचार नेताम से की मुलाकात

**रायपुर 11 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज दिनांक 10 दिसम्बर 2024 को चेम्बर का प्रतिनिधि मंडल चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी के नेतृत्व में माननीय श्री रामविचार नेताम जी, कृषि मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन से मुलाकात कर ट्रेडर्स व्यापारियों, किराना, दलहन एवं अनाज पर मण्डी शुल्क एवं कृषक कल्याण शुल्क में छूट प्रदान करने तथा कृषि उपज धान आधारित खाद्य प्रसंस्करण पोहा उद्योगों को राहत देने हेतु अनुरोध करते हुए पत्र सौंपा। इस संबंध में कृषि मंत्री जी ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए उचित कदम उठाने की बात कही। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी ने पत्र के माध्यम से माननीय कृषि मंत्री जी को बताया कि मंडी शुल्क एवं कृषक कल्याण शुल्क में विसंगति होने के कारण मंडियों से प्रतिस्पर्धा पूर्ण रूप से से समाप्त हो गई है जिसका नुकसान कृषक एवं टेड्डर्स व्यापारियों को उठाना पड़ रहा है। श्री पारवानी ने कहा कि किराना, दलहन एवं अनाज पर विगत कई वर्षों से मंडी शुल्क एवं कृषक कल्याण शुल्क में छूट प्रदान की जाती रही है इससे प्रदेश के व्यवसायी पड़ोसी राज्यों से प्रतिस्पर्धा दरों में व्यापार कर पाते हैं। विगत वर्ष भी इसमें छूट प्रदान की गई थी।

## समाचार संक्षेप

### कलेक्टर सशस्त्र सेना झंडा दिवस कार्यक्रम में हुए शामिल

**राजनांदगांव 11 दिसंबर।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर जिला सैनिक कल्याण कार्यालय राजनांदगांव में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। कलेक्टर ने उपस्थित पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों तथा गणमान्य नागरिकों को सशस्त्र सेना झंडा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। कलेक्टर ने कहा कि देश के बहादुर सैनिकों को सम्मान देने के लिए प्रतिवर्ष 7 दिसम्बर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया जाता है। इस दिन विशेष तरह के बने झंडे भेंटकर देश के शहीदों के परिवार के कल्याणार्थ धनराशि एकत्र किया जाता है। थल सेना, वायु सेना तथा जल सेना के कितने ही जांबाज शूरवीरों ने देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी है। राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले शहीदों की पत्नियों, दिव्यांग सैनिकों तथा उनके आश्रितों की देखभाल करना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ग्रुप कैप्टन ब्रिजेश कुमार शर्मा (सेवानिवृत्त) ने बताया कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर एकत्रित की गई धनराशि समामेलित विशेष निधि में जमा की जाती है। इस कोष से जरूरतमंद पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों के लिए कल्याणकारी योजनाएं चलाई जाती है। जिसमें चिकित्सा सहायता, छात्रवृत्ति, तत्काल सहायता, पुत्री विवाह अनुदान, दाह संस्कार कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण हेतु अनुदान आदि शामिल है। इस झंडा दिवस पर दान की गई राशि आयकर से 100 प्रतिशत मुक्त होती है। उन्होंने कहा कि सभी शहीदों की विधवाओं तथा युद्ध के दौरान दिव्यांग हुए सैनिकों के प्रति अपना राष्ट्रीय कर्तव्य निभाते हुए धनराशि का योगदान देने की अपील की।

### धान खरीदी में अव्यवस्था, कांग्रेस ने दिया धरना



**छूरिया 11 दिसंबर।** जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव ने और भी कांग्रेसी नेताओं के साथ सुरगी सेवा सहकारी समिति के धान उपार्जन केंद्र का निरीक्षण करके अनेक खामियां पाई किसानों ने अव्यवस्था को लेकर शासन प्रशासन के खिलाफ नाराजगी व्यक्त की कांग्रेस नेताओं ने समस्या दूर करने राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंप कर व्यवस्था सुधारने की मांग की। श्री यादव ने कहा कि 14 नवंबर से पूरे प्रदेश में धान खरीदी शुरू है लेकिन धान खरीदी केन्द्रों में फैली अव्यवस्था तथा सरकार की नीतियों के कारण किसानों को परेशान होना पड़ रहा है। 3 दिसंबर को कांग्रेस ने धान खरीदी केन्द्रो चलो अभियान चलाया, जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण, पदाधिकारी धान खरीदी केन्द्रो पर गये, जहां उन्होंने किसानों की परेशानियो को देखा धान खरीदी केन्द्रो पर किसान निम्नांकित परेशानियों से जूझ रहे है। बारदाने की कमी है, जिससे किसानों को धान बेचने में परेशान होना पड़ रहा। सरकार ने कहा है कि 50 प्रतिशत नये, 50 प्रतिशत पुराने बारदानों का उपयोग किया जाये। 50 प्रतिशत पुराने बारदाने समितियों में पहुंचे ही नहीं है, जिसके कारण धान खरीदी बाधित हो रही है। पुराने बारदाने फटे हुये है जिसमें धान भरा ही नहीं जा सकता, किसानों से कहा जा रहा 50 प्रतिशत बारदानो की व्यवस्था स्वंय करो उसका भुगतान किया जायेगा, लेकिन किसानो के बारदाने का पैसा भी नहीं मिल रहा।टोकन की व्यवस्था अव्यवहारिक है, जिससे किसानों को परेशान होना पड़ रहा, नंबर ही नहीं आ रहा। टोकन कटने की तारीख से 7 से 10 दिन बाद धान बेचने के लिये किसानों को बुलाया जा रहा है। 15 दिन बाद तक का भी टोकन नहीं मिल रहा।इलेक्ट्रॉनिक कांटा में जो तौलाई हो रहा है उसमें 1.5 किलोग्राम से 2.5 किलोग्राम अधिक तौला जा रहा है। सोसायटियों में धान का उठाव नहीं होने के कारण जगह की कमी है। धान के बोरे जाम है। जगह का अभाव हो गया है। अनावरी रिपोर्ट कम बनाई गयी है तथा खरीदी भी 21 क्विंटल के हिसाब से नहीं हो रही है। किसानों से पूरा घान नहीं खरीदा जा रहा है। अनावरी रिपोर्ट गलत बनाया जा रहा जिसके आधार पर मात्र 9 से 12-14 क्विंटल धान खरीदा जा रहा। किसानो से पूरा 21 क्विंटल धान नहीं खरीदा जा रहा है। बड़े किसान अपनी बारी का इंतजार कर रहे उनकी बारी ही नहीं आ सरकार ने यह घोषणा किया है कि कर रहे उनकी बातों के खाते में पैसा आयेगा, लेकिन जो रही है। लोग धान बेच चुके है, उनके खाते के घंटे में किसानक नहीं आया है, जो रकम आ रहा है वह एक मुश्त 3100 नहीं है। सिर्फ 2300 रकम हपतो टल ही आ रहा है। (जो समर्थन मूल्य है उतना) भाजपा ने 3100 रू. एक मुश्त देने का वादा किया था। हमारी मांग है धान की कीमत का भुगतान 3217 रू. में करें क्योंकि 3100 रू. भाजपा ने अपने चुनावी वायदे में कहा था। इस वर्ष केन्द्र सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 117 रू. बढ़ा दिया है। इस कारण इस वर्ष धान की खरीदी 300 रु. से बढ़ाकर 3217 रू. किया जाये। कांग्रेस के समय भी कांग्रेस ने धान का समर्थन मूल्य 2500 देने का वादा किया था, लेकिन समर्थन मूल्य बढ़ने पर कांग्रेस ने 2640 रू. में धान खरीदी किया था। बीज उत्पादक किसानों से सोसायटी में धान नहीं खरीदा जा रहा। सोसायटी में सूचना चस्पा किया गया है कि बीज उत्पादक किसानों का धान नहीं लिया जायेगा। सोसायटी से धान संग्रहण केंद्रों में भेजा जा रहा है जबकि यह सीधे मिलरों के पास जाना चाहिये। इस कारण सोसायटी में संग्रहण केंद्रों के बीच परिवहन की लागत अतिरिक्त आ रही है। लेवर चार्ज बढ़ गया इसमें भ्रष्टाचार किया जा रहा है। पिछले वर्ष का सुखत का पैसा सोसायटियों को अभी तक नहीं दिया गया। हमारा आपसे आग्रह है कि किसानों की परेशानियों के निराकरण तथा किसानों का पूरे धान की खरीदी सुनिश्चित करने हेतु आप हस्तक्षेप कर राज्य सरकार को आवश्यक निर्देश दे।

## खेल से ही शारीरिक और मानसिक विकास संभव: किरण वैष्णव



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया 11 दिसंबर।** छुरिया विकासखंड अंतर्गत संकुल केंद्र भोलापुर के ग्राम झालाटोला में दो दिवसीय संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था । उपरोक्त समापन समारोह कार्यक्रम में मुख्यरूप से श्रीमती किरण वैष्णव अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया व संजय कुमार सिन्हा प्राधिकृत अधिकारी सेवा सहकारी समिति,छुरिया मुख्य रूप से उपस्थित रहे । सर्वप्रथम मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण अर्पण कर कार्यक्रम की शुरुवात किया गया। स्वागत सत्कार उपरांत श्रीमती वैष्णव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि खेल को खिलाड़ी भावना के साथ खेला जाना चाहिए,खेल और व्यायाम से मनुष्य के शारीरिक और मानसिक विकास संभव है साथ ही पढ़ाई से ही जीवन जीने की राह आसान होती है । इस अवसर पर मुख्यरूप से श्रीमती विमला सिन्हा,अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति शिकारीमहका,नकुल नेताम अध्यक्ष भोलापुर,विष्णु साहू,रघुवीर सेवता सहित,गुरुजन,खिलाड़ी व ग्रामवासी गण बड़ी संख्या में मौजूद रहे ।

## सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण के लिये महापौर ने किया भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 11 दिसंबर।** नगर विकास की कडी में महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख द्वारा आज महात्मा गांधी वार्ड नं. 7 के स्टेशन पारा रोड में शीतला मंदिर के पास 15वें वित्त आयोग अंतर्गत 10.00 लाख रूपये की लागत से सीमेंट कांक्रिट रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन वार्ड पार्षद एवं लोक निर्माण विभाग के प्रभारी सदस्य श्री मधुकर वंजारी तथा पूर्व पार्षद श्रीमती माया शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि श्री आसीफ अली सहित वार्डवासी की उपस्थिति में पूजा अर्चना कर श्रीफल फोड कर किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रीतराम साहू, जसपाल ढल्ला, गोपाल सिन्हा, ऋषि रजक, भगत यादव, शेख अनीस, हेमराज साहू ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। कार्यक्रम में महापौर हेमा देशमुख ने कहा कि शासन द्वारा मूलभूत सुविधा रोड नाली निर्माण सहित राज्य प्रवर्तित योजनांतर्गत उद्यान, तालाब



सौदर्यीकरण, मुक्तिधाम उन्नयन अंतर्गत स्वीकृत राशि से शहर में विकास कार्य कराये जा रहे है, इसी कडी में आज वार्ड नं. 7 में शीतला मंदिर के पास सीमेंट कांक्रिटिंग रोड निर्माण कराने भूमिपूजन किया जा रहा है। उक्त कार्य अतिशीघ्र प्रारंभ कराया जायेगा। इसी प्रकार अन्य विकास कार्य प्राथमिकता के आधार पर वार्ड में कराये जायेगें। इस अवसर पर उप अभियंता सुश्री सुषमा साहू सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

### स्वच्छ शौचालय अभियान 2.0 एवं स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा

## नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 11 दिसंबर।** स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत भारत सरकार द्वारा स्वच्छ शौचालय अभियान 2.0 तथा सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 9 दिसम्बर 2024 से 20 दिसम्बर 2024 तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत विभिन्न गतिविधिया आयोजित करने के निर्देश प्राप्त हुये है। निर्देश के अनुक्रम में नागरिकों को स्वच्छता से जोडने व स्वच्छता अपनाने जागरूक करने आज शीतला माता मंदिर परिसर से स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ हुआ जिसमें अधिकारियों व कर्मचारियों, स्वच्छता दीदीयों व सफाई मित्रों ने सिद्ध पीठ मॉ शीतला माता मंदिर परिसर तथा रानी सागर व बुढा सागर के किनारे स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई किये। सफाई के अंतर्गत साफ सफाई कर, कटीली झाडिया काटकर, झिल्ली पन्नी उठाया गया। स्वच्छता अभियान के



प्रथम दिन नगर निगम परिसर से स्वच्छता रैली निकाली गयी, रैली में स्वच्छता दीदीयॉ एवं स्कूल के विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकाली, रैली को महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, नेता प्रतिपक्ष श्री किशुन यदु, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य श्री मधुकर वंजारी, पार्षद श्री टोपेन्द्र सिह पारस वर्मा, सुश्री मणीभास्कर गुप्ता व श्री राजेश जैन रानू, ठा.प्यारेलाल स्कूल के प्राचार्य श्री भूषण साव की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली शहर के प्रमुख मार्गो मे भ्रमण कर स्वच्छता से जुडने व स्वच्छता अपनाने का संदेश जन जन को दिये।

रैली के पूर्व महापौर श्रीमती देशमुख ने निगम पदाधिकारियों, अधिकारियों व कर्मचारियों तथा स्वच्छता दीदीयों व विद्यार्थियों को स्वच्छता ही सेवा का शपथ दिलाई कि हम स्वच्छता के प्रति सजग रहेगे, हर वर्ष 100 घण्टे यानी हर सप्ताह 2 घण्टे श्रमदान करके स्वच्छता के संकल्प को चरितार्थ करेंगे। मै न गंदगी करूंगा न किसी को करने दुगा। सबसे पहले मै स्वयं से, मेरे परिवार से, मेरे मोहल्ले से, मेरे शहर से एवं मेरे कार्य स्थल से शुरूआत करेंगे। मै यह मानता हू कि दुनिया के जो भी देश स्वच्छ दिखते है उसका कारण यह है कि वहा के नागरिक गंदगी नही करने और न ही होने देते है। इस विचार के साथ मैं गांव गांव, गली गली, स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार करेगे। मै आज जो शपथ ले रहा हूँ, व अन्य सब व्यक्तियों से भी करारूंगा। वे भी मेरी तरह स्वच्छता के लिये 100 घण्टे दे, इसके लिये प्रयास करूंगा। सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलिथीन का उपयोग नहीं करेगे। मुझे मालूम है कि स्वच्छता की तरफ बढाया गया मेरा यह कदम पूरे भारत देश को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा। स्वच्छता अभियान में अपने संबोधन में महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि स्वच्छता पखवाड़ा का प्रमुख उद्देश्य जन जन को स्वच्छता से जोड़ना है।

राजनीतिक दल हो या गठबंधन हो उसकी मजबूती का प्रमाण तो यही माना जाता है कि जनता उस पर भरोसा करती या नहीं है। जनता उस पर भरोसा करती है तो वह चुनाव में उसको वोट देती है,चुनाव जिताती है।जनता उस पर भरोसा नहीं करती है तो न तो चुनाव में ज्यादा वोट देती है, न ही चुनाव जिताती है। लोकतंत्र में जनता ही पैमाना है, जनता ही कसौटी है। जो खरा उतरेगा,चुनाव जीतेगा, जो खरा नहीं उतरेगा,चुनाव हारेगा और हारता रहेगा। हर राजनीतिक दल व गठबंधन को यह स्वीकार करना पड़ता है कि जनता ने चुनाव में उसके लिए क्या फैसला किया है। उसे जिताया है या हराया है, उस पर भरोसा किया या नहीं किया।कांग्रेस लोकसभा चुनाव में 99 सीटें मिल गई थी तो समझ रही थी जनता ने उस पर भाजपा से ज्यादा भरोसा किया है, वह चुनाव जीत गई है और भाजपा चुनाव हार गई है। उसकी गलतफहमी को जनता ने हरियाणा व महाराष्ट्र में भाजपा को जिताकर दूर कर दी है। जनता का सीधा संदेश है, लोकसभा चुनाव में भी उसका भरोसा भाजपा पर ज्यादा था, कांग्रेस पर कम था, क्योंकि जनता ने भाजपा को 240 और कांग्रेस को 99 सीटें ही दी थीं। जनता ने भाजपा की सीटें कम लेकिन इतनी कम नहीं की कि वह सरकार न बना सके। कांग्रेस की सीटें जनता ने बढ़ाई जरूर लेकिन इतनी नहीं बढ़ाई कि कांग्रेस की सरकार बन जाए।कांग्रेस व उसका नेतृत्व जरा सी सफलता पर हवा में उड़ने लगता है। जनादेश का अपमान करता है तो जनता उसे अगले चुनाव में हकीकत की जमीन पर पटक देती है। लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस व उसका नेतृत्व हवा में उड़ रहा था, हरियाणा व महाराष्ट्र के चुनाव में हराकर जनता ने जमीन पर पटक दिया है तो कांग्रेस को समझ नहीं आ रहा है कि यह क्या हो गया है, यह क्या हो रहा है।राजनीतिक दल का बड़ा नेता हो या गठबंधन का नेतृत्व करने वाला नेता हो, उससे उम्मीद तो यही की जाती है कि वह चुनाव के बाद चुनाव जीते और अपनी पार्टी को मजबूत करे,गठबंधन को मजबूत करे। राहुल गांधी यही तो नहीं कर पा रहे हैं। तीन चुनाव में मौका मिला वह एक चुनाव तो जिताते तो कांग्रेस व इंडी गठबंधन को भी अच्छा लगता कि हारने के बाद हमारा नेता जिताता तो है। लोकसभा चुनाव में तीनों बार राहुल गांधी हार गए और खुद को मोदी को टक्कर देने वाला नेता मानते हैं, कौन यकीन करेगा। अब तो इंडी गठबंधन के दलों ने मानने से इंकार कर दिया है कि वह गठबंधन का नेतृत्व करने लायक हैं। ममता बैनर्जी ने सीधे नहीं कहा कि राहुल गांधी को हटा देना चाहिए। उन्होंने अपना दावा पेश किया कि वह गठबंधन का नेतृत्व बेहतर तरीके से कर सकती है। टीएमसी की तरफ से बताया गया कि राहुल गांधी से ममता बैनर्जी कैसे बेहतर नेता हैं।टीएमसी सांसद कीर्ति आजाद ने कहा कि भाजपा से लड़ने का माद्दा सिर्फ ममता में है, वही भाजपा को हरा सकती है, टक्कर दे सकती हैं।उन्होंने बताया भाजपा के खिलाफ कांग्रेस का स्ट्राइक रेट 10 फीसदी है, जबकि ममता बैनर्जी का 70 फीसदी है। भाजपा से सीधी लड़ाई में कांग्रेस हार जाती है, हरियाणा, मप्र, छत्तीसगढ़, राजस्थान इसका उदाहरण हैं।उनका कहना है कि विपक्ष को भाजपा के खिलाफ लंबी व निर्णायक लड़ाई लड़नी है तो यह कांग्रेस व राहुल गांधी के नेतृत्व में संभव नहीं है।ममता में भाजपा से सीधी लड़ाई लड़ने की क्षमता है,अब कांग्रेस को इस सच्चाई को स्वीकार करना चाहिए और गठबंधन का नेतृत्व खुद ही छोड़ देना चाहिए। ममता ने राहुल गांधी के नेतृत्व के खिलाफ बोलना शुरू किया तो शुरू में सब सोच रहे थे कि क्या कहना चाहिए। कई लोग तो यही कह सके कि जो कुछ होना चाहिए आम सहमति से होना चाहिए यानी राहुल गांधी को हटाना है तो आम सहमति से हटाना चाहिए। बाद में सबको बात समझ में आई कि राहुल गांधी के कारण गठबंधन को कोई फायदा नहीं हो रहा है, उसकी साख गिर रही है। इसलिए उनकी जगह किसी और को मौका दिया जाना चाहिए। ममता ने पहले ही इसके लिए हामी भर दी है, अब ममता के पक्ष में सपा,उध्दव,शरद पवार सहित ज्यादातर लोग आ गए है। लालू यादव ने यह कहकर ममता बैनर्जी को इंडिया गठबंधन की कमान दी जाए। एक तरह से फैसला कर दिया है कि अब राहुल गांधी को हटाकर ममता को गठबंधन का नेता बनाने का वक्त आ गया है। लालू यादव के ही कारण तो राहुल गांधी को नीतीश कुमार की जगह गठबंधन की कमान सौंपी गई थी अब संयोग देखिए कि राहुल गांधी के खिलाफ लालू यादव भी मुखर हो गए हैं। लालू यादव ही राहुल गांधी के नेतृत्व को बचा सकते थे लेकिन उन्होंने ही हाथ खड़े कर दिए है तो अब राहुल गांधी ज्यादा दिन गठबंधन के नेता बने नहीं रह पाएंगे। जब भी बैठक होगी उनको हटाकर ममता को कमान सौंप दी जाएगी। अब सबको गठबंधन की बैठक का इंतजार है कि यह बैठक कब होती है। यह बैठक जब भी होगी कोई कहे भले नहीं कि राहुल गांधी गठबंधन का नेतृत्व करने लायक नहीं थे लेकिन संदेश को पूरे देश में यही जाएगा कि राहुल गांधी को गठबंधन का नेतृत्व लायक समझा गया था लेकिन वह लायक नहीं निकले।गठबंधन कोई कांग्रेस पार्टी तो है नहीं कि राहुल गांधी हारते जाएं और कोई कुछ कहने की हिम्मत ही न करे, गठबंधन में कहा भी जाएगा और बदला भी जाएगा।


संपादकीय

## लो लालू भी आ गए ममता के पक्ष में

स्वास्थ्य

श्री जगत प्रकाश नड्डा द्वारा

# टीबी उन्मूलन : राष्ट्रीय स्वास्थ्य के लिए जरूरी



माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश से टीबी को खत्म करने का स्प0ष्ट2 आह्वान किया। उनके नेतृत्व में टीबी की देखरेख का एक नया मॉडल अपनाया गया और भारत ने पिछले कुछ वर्षों में टीबी की रोकथाम, निदान और उपचार में महत्वनपूर्ण बदलाव लाने के लिए अनेक नये तरीके अपनाने का बीड़ा उठाया। डब्ल्यूएचओ की वैश्विक टीबी रिपोर्ट 2024 के निष्कर्षों ने अब तक अपनाए गए चिकित्साकीय उपचार की प्रभावशीलता को स्वीकार किया। इसने 2015 से 2023 तक भारत में टीबी की घटनाओं में 17.7 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की - जो वैश्विक स्तर पर देखी गई गिरावट की दर से दोगुनी है। इतना ही नहीं, देश में 25.1 लाख रोगियों का निदान किया गया, जिससे देश में उपचार कवरेज में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है जो 2015 के 59 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में 85 प्रतिशत हो गई है। प्रधानमंत्री की कल्प5ना से प्रेरित होकर, 7 दिसम्बर को, भारत ने अपनी टीबी उन्मूलन रणनीति में एक और परिवर्तनकारी कदम उठाया। सरकार ने टीबी से लड़ने की अपनी कोशिश में तेजी लाने के लिए पंचकूला से 100-दिवसीय राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया, जिसमें 347 ऐसे जिले शामिल थे जहां टीबी के मामले सबसे अधिक थे। यह पहल कमजोर आबादी तक सक्रिय रूप से पहुंचकर और उन्हें समय पर, जरूरत के मुताबिक और गुणवत्तापूर्ण उपचार प्रदान करके हर टीबी रोगी की जल्द पहचान करने के हमारे संकल्प को मजबूत करती है। जनभागीदारी की सच्ची भावना में, हम सभी - निर्वाचित प्रतिनिधि, स्वास्थ्य चिकित्सक, नागरिक समाज, कॉरपोरेट और समुदाय - ने अभियान को एक बड़ी सफलता बनाने के लिए सहयोग किया है। राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के सक्रिय सहयोग से, यह नया अभियान भारत की टीबी उन्मूलन यात्रा में एक और उपलब्धि साबित होगा।

**टीबी उन्मूलन के लिए भारत का सामाजिक दृष्टिकोण**-विस्तारित निदान प्रयासों को पूरा करने और टीबी रोगियों के पूर्ण स्वास्थ्य लाभ में सहायता करने के लिए, भारत ने पोषण सहायता योजना झनि-क्षय पोषण योजना (एनपीवाई) की अवधारणा बनाई और उसे क्रियान्वित किया। अप्रैल 2018 से, हमने एनपीवाई के तहत प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से 1.16 करोड़ लाभार्थियों को 3,295 करोड़ वितरित किए हैं। टीबी उन्मूलन के लिए भारत की प्रतिबद्धता को और मजबूत करने के लिए, इस योजना के तहत मासिक सहायता को नवम्बर 2024 से मौजूदा 500 से दोगुना करके 1,000 प्रति माह कर दिया गया है। एक और महत्वपूर्ण पहलू - टीबी मुक्त भारत अभियान ने न केवल पोषण की चुनौती का समाधान करने में मदद की है, बल्कि सामुदायिक एकजुटता को भी बढ़ाया है। इस कार्यक्रम ने एक जन आंदोलन बनाने के लिए विभिन्न सामुदायिक हितधारकों को भी एकजुट किया है ताकि जागरूकता बढ़ाई जा सके और टीबी रोगियों को पोषण, व्यावसायिक और मनोवैज्ञानिक सहायता प्रदान की जा सके। जनभागीदारी की भावना में सरकार और नागरिकों के बीच सामंजस्या ने देश भर में रोगियों को भोजन के 21 लाख पैकेट प्रदान करने के लिए 1.75 लाख नि-क्षयमित्रों को प्रेरित किया है।

**टीबी को खत्म करने के लिए नवाचार को बढ़ावा देना** -पिछले कुछ वर्षों में, भारत ने उपचार की सफलता दर में सुधार के लिए बेडाक्विलाइन और डेलामैनिड जैसी नई दवाएँ पेश की हैं। दवा-प्रतिरोधी वैरिएंट वाले रोगियों के लिए उपचार पूरा करने में चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए, हमने बीपीएएलएम-उपचार, जिसमें चार-दवा संयोजन शामिल हैं,को अपनाने की अनुमति दी है जो मौजूदा उपचारों की तुलना में अधिक प्रभावी है। जबकि हमारे पास पारंपरिक 19-20 महीने के उपचार के साथ-साथ 9-11 महीने का छोटा उपचार उपलब्ध है, बीपीएएलएमउपचार के साथ रोगी अब केवल छह महीने में उपचार पूरा कर लेंगे! हमने लगातार यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया है कि सभी रोगियों का जल्द से जल्द पता लगाने और उनका इलाज करने के लिए जमीनी स्तर पर उन्नत उपकरण उपलब्ध हों। इसे सक्षम करने के लिए, हमने अधिक कुशल और सटीक निदान उपकरण झमौलीक्यू लर परीक्षण किए। 2014-15 में कुछ सौ मशीनों से, अब हमारे पास सभी जिलों में 8,293 मौलीक्यूकलर निदान मशीनें उपलब्ध हैं। वास्तव में, मेक इन इंडिया पहल से प्रेरणा लेते हुए, स्वदेशी मौलीक्यू3लर परीक्षणों का क्षेत्र-परीक्षण किया गया है और उन्हें शुरू किया गया है। हम न केवल जिला और ब्लॉक स्तर पर टीबी का पता लगाने में लगने वाले समय को कम करने में सक्षम हुए हैं, बल्कि परीक्षण और उपचार की लागत में भी भारी कमी ला सके हैं। हमारे स्वदेशी मौलीक्यूसलर परीक्षणों को विश्व स्वास्थ्य संगठन की मंजूरी मिल चुकी है और दुनिया भर में उनका उपयोग किया जा रहा है। इन पहलों ने भारत को वैश्विक टीबी प्रतिक्रिया में एक सच्चे नेता के रूप में स्थापित किया है। हमें इस बात पर भी गर्व होना चाहिए कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) 2018 से लगातार दुनिया भर में टीबी अनुसंधान के शीर्ष सार्वजनिक वित्तपोषकों में से एक रहा है। हम मरीज के नजदीक किए जाने वाले अधिक कुशल चिकित्साक परीक्षणों सहित नए उपकरण तेजी से विकसित करने और उन्हें पेश करने के लिए निवेश करना जारी रखेंगे।



**भविष्य के बारे में सोचना**-टीबी उन्मूलन की दिशा में भारत की यात्रा विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देने और त्वरित तरीके से सिद्ध तकनीकों को उपलब्ध कराने में इसके नेतृत्व का प्रमाण है। अग्रणी अनुसंधान से लेकर उन्नत निदान और उपचार तक, सार्वभौमिक सामाजिक सहायता प्रावधानों की शुरूआत तक, भारत वैश्विक टीबी प्रतिक्रिया में सबसे आगे है। समय की मांग है कि टीबी की पहचान, निदान, उपचार और रोकथाम में व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए। तीव्र 100-दिवसीय अभियान टीबी को खत्म करने की हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता का एक और प्रमाण है। मुझे विश्वास है कि हमारे माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में और सभी हितधारकों की भागीदारी के साथ, हम मानवता के इस महान दुश्मन को हरा देंगे और सभी के लिए एक स्वस्थ भविष्य का निर्माण करेंगे।

**लेखक माननीय केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री हैं।**

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए तरक्की की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आपका मन किसी बात को लेकर यदि परेशान चल रहा था, तो उसके लिए आप अपनी माताजी से बातचीत कर सकते हैं। आपको किसी की कोई बात बुरी लग सकती है। आपके घर किसी नए मेहमान का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। किसी पुराने मित्र से आपको लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा। आप अपने मनमाने स्वभाव के कारण थोड़ा परेशान रहेंगे।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए कमजोर रहने वाला है। आपको अपने कामों पर पूरा ध्यान देना होगा। आप अपने किसी काम को दूसरों के भरोसे ना छोड़े। परस्पर सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आप अपने घर की साफ सफाई और रख-रखाव पर पूरा ध्यान देंगे। आप किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं, जो आपके लिए लाभदायक रहेगी, जिससे आपको मानसिक शांति मिलेगी। किसी काम को लेकर आपको टेंशन बनी रहेगी।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए खर्चों से भरा रहने वाला है। आपको अपने खर्चों को कंट्रोल करने की कोशिश करनी होगी। कार्यक्षेत्र में आपको कोई बड़ी उपलब्धि हासिल हो सकती है। आपके बॉस आपके कामों से खुश रहेंगे। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी को कहीं डिनर डेट पर लेकर जाने की योजना बना सकते हैं। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपको किसी की कोई बात बुरी लगने से आपका मन परेशान रहेगा।

कर्क- आज का दिन आपके लिए उत्तम संपत्ति के संकेत दे रहा है। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा। आप किसी काम में बिना सोचे समझे हाथ ना डालें। आपके परिवार में सदस्य को यदि नौकरी को लेकर समस्या चल रही थी, तो वह उन्हें कहीं बाहर से कोई नौकरी का ऑफर आ सकता है। जीवनसाथी से आपकी किसी बात को लेकर खटपट होने की संभावना है, लेकिन आप कार्यक्षेत्र में कामों को लेकर पूरी मेहनत दिखाएंगे।

सिंह- आज का दिन आपके लिए किसी नए काम की शुरूआत करने के लिए रहेगा। आपकी दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी। आपके सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। यदि आपने किसी को धन उधार दिया था, तो वह भी आपसे वापस ले सकते हैं। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपको अपने पारिवारिक मामलों में किसी बाहरी व्यक्ति से सलाह नहीं लेनी है, नहीं तो वह इसका फायदा उठा सकते हैं।

कन्या- आज का दिन आपके लिए आय और व्यय में तालमेल बनाकर चलने के लिए रहेगा। आपके खर्च बढ़ने से आप परेशान रहेंगे। आपको किसी की बातों पर ज्यादा ध्यान नहीं देना है। आपका कोई पुराना मित्र आपसे कुछ पुराने गिले शिकवे को दूर करने की कोशिश करेगा। आपको कुछ नया सीखने का मौका मिलेगा, जिससे आप पीछे नहीं हटेंगे। भाई-बहन आपके कामों में पूरा साथ देंगे। आप किसी नए वाहन को घर लेकर आ सकते हैं।

तुला- आज का दिन आपके लिए किसी कानूनी मामले में पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा। आपको किसी काम को लेकर भागदौड़ अधिक रहेगी, लेकिन फिर भी उसे पूरा होने में समस्या आएगी। पिताजी आपके काम को लेकर कोई सलाह दे सकते हैं, जो आपके खूब काम आएगी। आप नौकरी में बदलाव के बारे में यदि सोच रहे थे, तो आप किसी दूसरी जगह अप्लाई कर सकते हैं। आप कार्यक्षेत्र में लोगों को आपसे काम को लेकर कोई मदद ले सकते हैं।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। आप अपने मित्रों के साथ कहीं घूमने-फिरने जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। आपको किसी से कोई बात बहुत ही सोच समझकर बोलनी होगी। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी। किसी पुरानी गलती से आपको सबक लेना होगा। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

धनु- आज का दिन राजनीति में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपको कुछ अजनबी लोगों से मिलने का मौका मिलेगा। आपके घर किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। बिजनेस में आप किसी नए प्रोजेक्ट की शुरूआत कर सकते हैं। माताजी आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी दे सकती हैं, जिसमें आप ढील बिल्कुल ना दें। किसी की आपको कोई बात बुरी लगने से आपका मन परेशान रहेगा। आपको अपने विरोधियों से सावधान रहना होगा।

मकर- आज का दिन आपके लिए सेहत के लिहाज से कमजोर रहने वाला है। आप अपने साथ-साथ और बाकी के कामों पर भी ध्यान लगाएंगे, जिससे आपको थकान आदि का अनुभव होगा। आपको घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आपके कुछ नए विरोधी उत्पन्न हो सकते हैं, जो आपको परेशान करने की कोशिश करेंगे। आपने यदि किसी की बातों पर भरोसा किया, तो वह आपको कोई गलत राह दिखा सकते हैं। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको अपनी किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा, उसे दोबारा ना दोहराएं। बिजनेस में आपकी योजनाएं फलीभूत होंगी जो आपको खुशी देंगी। आपका डूबा हुआ धन भी आपको मिल सकता है। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। प्रॉपर्टी को लेकर यदि आपको बड़ी डील फाइनल करने जा रहे थे, तो उसमें आपको अच्छा मुनाफा मिलने की संभावना है।

मीन- आज का दिन आपके लिए किसी नए काम की शुरूआत करने के लिए करने के लिए अच्छा रहेगा। आपकी संतान को करियर में चल रही समस्याओं से काफी हद तक राहत मिलेगी, जो नौकरी को लेकर परेशान चल रहे हैं, उन्हें कोई दूसरा मौका हाथ लग सकता है। बिजनेस में आप किसी भी काम में बहुत ही सोच समझकर हाथ डालें। आपको पारिवारिक समस्याओं को नजरअंदाज करने से बचाना होगा, नहीं तो उनके बढ़ाने की संभावना है।

## विकसित देश का बदनाम चेहरा

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त



देश में बहुत कुछ बदल चुका था, लेकिन एक चीज नहीं बदली वो थी हमारी पुरानी आदतें। और इन आदतों को हमने विकास के नाम पर एक नया रंग दे दिया। अब हर जगह विकास ही विकास था, बस विकास की हकीकत से जनता को दूर रखा जाता था। सभी सरकारी दफ्तरों में एक नया आदेश आया था: जो कोई काम समय से पूरा नहीं करेगा, तो उसका वेतन घटा दिया जाएगा। ये आदेश दिन-ब-दिन अमल में आ रहा था, परंतु कोई भी काम समय से नहीं हो रहा था, इसलिए किसी का वेतन घट नहीं रहा था। और ये तो महज एक शुरूआत थी। मालिक के आदेश के बाद, बाबूजी की कुर्सी से झरते हुए पसीने में भी एक और आदेश आ गया था, आज से सभी सरकारी दफ्तरों में 'प्रेम और प्रगति' की नीति लागू होगी। यह नीति क्या थी, कोई नहीं जानता था, लेकिन यह निश्चित था कि इसके लागू होते ही बाबूजी की कुर्सी पर पंख लग जाएंगे। क्योंकि जब तक आप 'प्रेम और प्रगति' के नाम पर काम न करें, तब तक आपको इन दफ्तरों में रुकने का कोई अधिकार नहीं। अब हर बाबू को दिन-रात अपने काम में व्यस्त दिखने के लिए एक नई विधि का अनुसरण करना पड़ा था। वे सब एक जैसे हो गए थे प्रेम और प्रगति के तहत काम करने वाले ह्यप्रभावीह्न कार्यकर्ता। क्या करें, जनता की सेवा का नाम ही इतने बड़े घरों में रहने के लिए काफी होता था। जो बाबू पहले शर्तों पर काम करते थे, अब शर्तों पर काम करने की बात नहीं करते थे। अब सब ह्यप्रोफेशनलह्न हो गए थे। साथ ही, इनकी सामाजिक ज़िम्मेदारी बढ़ गई थी, जैसे गरीबों के लिए 10 रुपये की मदद देना और ट्विटर पर इस पर लिखकर शांति की एक मिसाल कायम करना। जब भी किसी ने पूछा, ये विकास के काम कब होंगे? तो जवाब आता, बस थोड़ी सी और प्रगति होनी है। और ये प्रगति कैसे होगी? हमें पूरा विश्वास है कि आगे आने वाले दिनों में सब ठीक हो जाएगा। लेकिन क्या ठीक होगा, वो किसी को नहीं पता। लेकिन इस सब के बीच, राजनेताओं के हाथों में विकास की चाबी थी। उन्होंने तय किया कि इस विकास की दिशा जनता के भले के लिए नहीं, बल्कि अपने फायदे के लिए होगी। अब चुनाव आ रहे थे, और सभी नेता अपने बंकरों में बैठकर योजनाओं की टेबल पर बैठकर सोच रहे थे कि किसने किसको कैसे बेवकूफ बनाना है। ऐसा कुछ नहीं था जो विकास के नाम पर ठीक से किया जा रहा हो, सिवाय इसके कि हर बार चुनावी घोषणाओं के साथ एक नया विकास पैकेज आ जाता था। यह पैकेज नहीं था, बस एक प्लास्टिक पैक था जिसमें हवा भरी होती थी और समय के साथ यह और भी अधिक खाली हो जाता था। गांव-गांव में सड़कें बनाने का दावा करने वाले नेताओं के पास ये सड़कें कहाँ थीं, कोई नहीं जानता था। मगर हर घर में टीवी पर विज्ञापन चल रहे थे, अब आपके घर के पास एक नई सड़क का निर्माण हो रहा है। और लोग टीवी देखते, खुश होते और दिल ही दिल में उस रास्ते को ढूंढते रहते थे जो कहीं नहीं था। इसी बीच, हर किसी की बातों में ये छिपी हुई खुशबू थी भ्रष्टाचार का इत्र। सरकारी दफ्तरों में काम करने वालों को अब सरकार के प्रति वफादारी की नई शर्त पर काम करना था। यह एक अदृश्य वफादारी थी जो केवल नजर आती थी जब आपको किसी डील की जरूरत होती थी। अब हर बाबू एक शहंशाह की तरह था और वे अपनी नीतियों के खिलाफ किसी को भी पूछने का मौका नहीं देते थे। इसी दौरान, एक दिलचस्प घटना घटी। नगर निगम के बाबू को एक नागरिक ने शिकायत की, यह सड़क इतनी टूटी हुई है कि हमारी कार के चारों टायर पंचर हो गए हैं। जवाब मिला, सड़क तो ठीक है, बस आपकी कार बहुत पुरानी है। विकास में थोड़ा समय लगता है। उम्मीद है अगले चुनाव में हम इसे सुधार लेंगे। यह थी विकास की नीति का सही परिणाम कोई काम नहीं, बस दिखावा। और जनता थी जो इसके नाम पर नाच रही थी। रात भर सफेद मखमल पर नीति बनती, और सुबह फिर वही जनता झुकी हुई पाई जाती थी। बाबूजी का कागज, नेताजी की कार, और जनता की जीने की ललक यही था नया भारत। इस नए भारत में हर किसी के पास एक सपना था, जो कभी पूरा नहीं होता, परंतु सब इसे हासिल करने की कोशिश में लगे रहते थे।

## राजनीति

# बीजेपी के खिलाफ 27 में फिर बदलेगा सियासी समीकरण

अजय कुमार,लखनऊ



उत्तर प्रदेश में बीजेपी के खिलाफ एक बार फिर से सियासी समीकरण काफी तेजी के साथ बदल रहा हैं। प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी और योगी सरकार की विरोध की हांडी नहीं पक पाने के कारण प्रदेश में एक बार फिर से नए सियासी समीकरण उभरते नजर आ रहे हैं। इस नये समीकरण में तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी का अहम रोल हो सकता है। इसी वजह से समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन की कमान ममता बनर्जी को दिये जाने की मांग का भी समर्थन कर रहे हैं। हो सकता है 2027 के विधानसभा चुनाव के समय तक समाजवादी पार्टी कांग्रेसी पंजे से अपना हाथ छुड़ाकर ममता बनर्जी के कहने पर एक बार फिर से मायावती के सात बुआ भतीजे वाला रिश्ता निभाते नजर आए। ऐसा होता है तो यूपी में कांग्रेस को बड़ा झटका लग सकता है। यह संभावना है इसलिए बढ़ रही है क्योंकि पिछले कुछ दिनों या महीनों से कांग्रेस समाजवादी पार्टी के मुस्लिम वोट बैंक में सेंधमारी की कोशिश कर रही है। सपा-कांग्रेस के बीच दूरियां लगातार बढ़ने के साथ एक-दूसरे के खिलाफ सार्वजनिक मंचों से बयानबाजी भी हो रही है। महाराष्ट और हरियाणा के चुनाव में कांग्रेस की नाकामी भी इसमें एक अहम कड़ी समझा जा रहा है। यही दूरियां ही हैं कि संसद के अंदर भी सपा-कांग्रेस विभिन्न मुद्दों पर मजबूती से एक साथ नहीं दिख रहे हैं।सपा नेताओं का कहना है कि संभल मामले में उसके सांसद पर मुकदमे दर्ज किए जाने का कांग्रेस ने उस तरह विरोध नहीं किया जैसी उससे अपेक्षा थी। बताते हैं कि लोकसभा में फैजाबाद (अयोध्या) के सपा सांसद अवधेश प्रसाद की सीट पीछे होने पर भी दोनों दलों के रिश्तों में दरार आई है। सपा का मानना है कि सीटिंग प्लान पर बात के समय कांग्रेस ने उसे भरोसे में नहीं लिया। वहीं, कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि सदन में अदाणी मामले में उसे सपा का अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा है। हाल यह है कि जेल में बंद सपा के कद्दावर नेता और पूर्व मंत्री आजम खान ने भी इंडिया ब्लॉक को जेल से एक संदेश भेजा है। इसमें उन्होंने कहा है कि इंडिया ब्लॉक को मुसलमानों पर हो रहे हमलों पर अपनी नीति स्पष्ट करनी चाहिए। साथ ही उन्होंने समाजवादी पार्टी को भी लिखा कि संभल की घटना के जैसे ही रामपुर में हुए अत्याचार का मुद्दा भी संसद में उतनी ही मजबूती से उठाना चाहिए। कांग्रेस और सपा के बीच दूरियां तब और बढ़ गईं जब सपा कि तरफ से कहा जाने लगा कि इंडिया गठबंधन का नेतृत्व कांग्रेस की जगह तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी को दिए जाने पर सपा को एतराज नहीं है। बता दें लोकसभा चुनाव के बाद कई चुनावों में कांग्रेस की लगातार हार के बाद इंडिया गठबंधन में अंतर्विरोध बढ़ रहे हैं। उधर दूसरी तरफ चर्चा यह भी है कि यूपी की राजनीति एक बार फिर पलट सकती है। सपा और कांग्रेस के बीच आई दूरियों के बीच मायावती का रुख नई राजनीतिक समीकरणों को जन्म दे सकता है। बहराल,सपा नेताओं का कहना है कि संभल मामले में उसके सांसद पर मुकदमे दर्ज किए जाने का कांग्रेस ने उस तरह विरोध नहीं किया जैसी उससे अपेक्षा थी। बताते हैं कि लोकसभा में फैजाबाद (अयोध्या) के सपा सांसद अवधेश प्रसाद की सीट पीछे होने पर भी दोनों दलों के रिश्तों में असहजता पैदा हुई है। सपा का मानना है कि सीटिंग प्लान पर बात के समय कांग्रेस ने उसे भरोसे में नहीं लिया। वहीं, कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि सदन में अदाणी मामले में उसे सपा का अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा है। रिश्तों में खटास का ही नतीजा है कि सपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरणमय नंदा ने कहा कि ममता बनर्जी वरिष्ठ नेता हैं। पार्टी हाईकमान भी यही चाहता है कि इंडिया गठबंधन का नेतृत्व ममता बनर्जी करें। सपा के प्रमुख महासचिव प्रो. रामगोपाल भी कह चुके हैं कि वे राहुल गांधी को इंडिया गठबंधन का नेता नहीं मानते हैं। इंडिया गठबंधन की समन्वय समिति में शामिल सपा के एक नेता बताते हैं कि कांग्रेस गठबंधन को लेकर गंभीर नहीं है। उसके नेता चुनाव के वक्त ही सक्रिय होते हैं जिससे जनाधार नहीं बढ़ता। ऐसे में बेहतर होगा कि गठबंधन का नेतृत्व ममता बनर्जी करें। भाजपा को मात देने के लिए रणनीति के साथ जनता के बीच लगातार जुटे रहने की जरूरत है। बात बीएसपी की की जाए तो हरियाणा व महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव और यूपी के उपचुनाव में कांग्रेस व सपा के बीच बढ़ी दूरियों का सियासी लाभ बसपा को मिलने की उम्मीद है। पार्टी तेजी से बदले राजनीतिक घटना पर नजर बनाए हुए है। यदि कांग्रेस और सपा के बीच बात नहीं बनी तो इसकी वजह से बनने वाले तीसरे मोर्चा का बसपा अंग बन सकती है। जानकारों की मानें तो वर्तमान में पार्टी को अपना वजूद बचाने और देश की राजनीति में अपनी प्रासंगिकता को बरकरार रखने के लिए इसकी जरूरत भी है। बसपा के इतिहास पर नजर डालें तो वर्ष 2007 के यूपी विधानसभा चुनाव में उसे बहुमत मिला था। इससे पहले बसपा दूसरे दलों की मदद से सरकार बनाती रही, जिसका लाभ उसे लोकसभा चुनावों में भी मिलता गया। वर्ष 2012 में बसपा ने फिर अकेले दम पर चुनाव लड़ने का फैसला लिया, जो गलत साबित हुआ। यही हाल 2017 के विधानसभा चुनाव में भी हुआ। 2019 में बसपा ने सपा के साथ गठजोड़ कर लोकसभा चुनाव लड़ा और 10 सांसदों वाली पार्टी बनी। हालांकि इसके बाद वर्ष 2022 का विधानसभा चुनाव और 2024 का लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने से उसे भारी नुकसान का सामना करना पड़ गया। अब पार्टी की उम्मीदें तीसरा मोर्चा बनने पर टिकी हैं। वैसे तो मायावती सपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ने को तैयार नहीं है लेकिन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी दोनों दलों को एक मंच पर ला सकती हैं। राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो कांग्रेस को दरकिनार कर अगर तीसरा मोर्चा बना तो ममता बनर्जी उसकी निर्विवाद नेता बन सकती हैं। पहले उन्हें मायावती से चुनौती मिलने के जो समीकरण बने थे, वो बीते चुनावों में बसपा के लगातार घटते जनाधार की वजह से ध्वस्त हो चुके हैं। अब बसपा को अपना खोया हुआ जनाधार वापस पाने के लिए दूसरे दलों का सहारा लेना पड़ सकता है।इसके साथ ही बसपा सुप्रीमो ने पुराने बसपाइयों को भी वापस आने का बुलावा दिया है।



## एक नजर

### पारगाँवखुर्द में 14 दिसम्बर को मंडई - मेला का आयोजन

**डोंगरगढ़/डुंडेरा 11 दिसंबर।** ग्राम पारागाँव खुर्द में 14 दिसम्बर 2024 दिन शनिवार को मेला-मंडई का आयोजन समस्त ग्रामवासियो के सहयोग से रखा गया है. इस अवसर पर रात्रि में मनोरंजन के लिए गरियाबंद वालों का सांस्कृतिक कार्यक्रम सरोवर बारूका के कलाकारों के द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी जायेगी. यह जानकारी देते हुए ग्राम पटेल अजय मानिकपुरी एवं जनपद सदस्य लक्ष्मीनारायण वर्मा ने क्षेत्र के आसपास ग्राम के ग्रामीणजनो सहित लोगों से मंडई मेला में शामिल होने की अपील की गई है।

### 'गुरु घासीदास जयंती' पर शुष्क दिवस घोषित

**उत्तर बस्तर कांकेर 11 दिसंबर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर आगामी 18 दिसम्बर 2024 को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस दिन उन्होंने जिले की समस्त देशी, विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों, एफ.एल.4 (क) व्यवसायिक क्लब एवं एफ.एल.7, सैनिक कैन्टीन को पूर्णतः बंद रखे जाने आदेशित किए हैं। शुष्क दिवस के दौरान जिले में स्थित अवैध मदिरा संग्रहण, विनिर्माण, परिवहन व विक्रय पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।

### 'मावा मोदोल' स्क्रीनिंग टेस्ट परीक्षा परिणाम जारी

**उत्तर बस्तर कांकेर 11 दिसंबर।** जिला प्रशासन की अभिनव पहल 'मावा मोदोल' कार्यक्रम के तहत निःशुल्क प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी भानुप्रतापपुर में कराया जाना है, इसके लिए इच्छुक अभ्यर्थी का पंजीयन गुगल फार्म के माध्यम से कराया गया था। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जिले के 04 सेंटरों में स्क्रीनिंग टेस्ट परीक्षा आयोजित किया गया था, जिसकी परीक्षा परिणाम की सूची जारी की गई है। अधिक जानकारी के लिए जिले के वेबसाईट 222.ढ्ढठ्ठ्ढद्गह्ढ.द्द्श1.द्बठ्ठ का अवलोकन किया जा सकता है।

### दो प्रकरणों में आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**उत्तर बस्तर कांकेर 11 दिसंबर।** कलेक्टर श्री नीलेश महादेव क्षीरसागर द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए डबरी में गिरने और आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु हो जाने के दो प्रकरण में उनके निकटतम परिजनों को चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। तहसील आमाबेड़ा अंतर्गत ग्राम आलानार निवासी 05 वर्षीय सुरेश गावड़े की गड्ढा में डूबने से मृत्यु हो जाने पर उनके माता-पिता श्री सन्नू राम तथा श्रीमती मनसी को संयुक्त रूप से चार लाख रूपए तथा गेड़गांव निवासी 19 वर्षीय सुभाष कोमरा की आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु हो जाने पर उनके निकटतम आश्रित श्रीमती जैनीबाई को चार लाख रूपये की सहायता राशि कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

### आयुष्मान कार्ड पंजीयन के लिए विशेष शिविर

**उत्तर बस्तर कांकेर 11 दिसंबर।** जिले के शहरी क्षेत्रों में आयुष्मान वय वंदना कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड पंजीयन से छूटे हुये हिग्राहियों हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश शांडिया ने बताया कि शासकीय कोमलदेव जिला चिकित्सालय कांकेर एवं एमसीएच अलबेलापारा कांकेर में 11 से 14 दिसम्बर तक, सांस्कृतिक भवन भंडारीपारा वार्ड कांकेर एवं आंगनबाड़ी भवन लट्टीपारा वार्ड में 11 से 12 दिसम्बर तक, सामुदायिक भवन संजयनगर वार्ड कांकेर एवं वाचनालय भवन मांझापारा वार्ड कांकेर में 13 से 14 दिसम्बर तक प्रातः 10 बजे से संध्या 5 बजे तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। आयुष्मान कार्ड पंजीयन एवं आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन करवाने हेतु आधार कार्ड एवं मोबाइल नम्बर लेकर आना आवश्यक है। आयुष्मान वय वंदना कार्ड के माध्यम से उपरोक्त 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को रूपये 5 लाख तक का निःशुल्क उपचार की सुविधा है। 70 वर्ष से अधिक उम्र के हितग्राही जिनका पूर्व में आयुष्मान कार्ड बन चुका है, उन्हें भी दोबारा पंजीयन, केवायसी करवाना आवश्यक है। कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव द्वारा जिले के पात्र नागरिकों से अपील की गई है कि अपना आयुष्मान वय वंदना कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड अपने नजदीकी शिविर स्थल में जाकर पंजीयन करवाकर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

### महतारी वंदन योजना अकेली महिला पदमा के लिए वरदान से कम नहीं

**जगदलपुर 11 दिसंबर।** राज्य सरकार की नवीनतम महतारी वंदन योजना महिलाओं के लिए घर-परिवार की जरूरतों को पूरा करने के लिए उपयोगी साबित हो रही है। विकासखण्ड तोकापाल अंतर्गत एरण्डवाल निवासी एकल महिला पदमा कच्छ इस योजना की सहायता को स्वयं के लिए वरदान मानकर सरकार को धन्यवाद देती हैं। पदमा राज्य सरकार की इस योजना की सहायता मिलने से भावुक होकर कहती हैं कि पति के गुजरने के बाद उसे अपने भरण-पोषण के लिए केवल विधवा पेंशन ही सहारा था लेकिन अब उक्त योजना की मदद उसे जीवन में एक नई आस जगा दी है। पदमा ने बताया कि उसे सरकार की ओर से निराश्रित लोगों के लिए प्रावधानित अंत्योदय राशन कार्ड से हर महीने 10 किलोग्राम निःशुल्क चावल भी मिल रहा है। जिससे जीवन-यापन में बहुत सहूलियत हो रही है। उसने कहा कि महतारी वंदन योजना से मिलने वाली सहायता राशि का उपयोग घरेलू जरूरत को पूरा करने के साथ थोड़ी राशि बचत कर रही हैं ताकि आड़े वक्त में काम आ सके। ज्ञात हो कि प्रदेश में महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन सहित उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार तथा परिवार में उनकी निर्णायक भूमिका सुदृढ़ करने और समाज में महिलाओं के प्रति भेदभाव, असमानता को दूर करने एवं जागरूकता लाने, स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार करने तथा आर्थिक स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना लागू किए जाने का निर्णय लिया गया है, जिसके अंतर्गत पात्र विवाहित और एकल महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है।

# नगरपालिका में चल रहा भ्रष्टाचार का खुला खेल, कर्मचारी लगा रहे जमकर चूना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 11 दिसंबर।** मां बमलेश्वरी की नगरी में स्थित नगरपालिका मे भ्रष्टाचार का खेल अब सभी हदें पार कर चुका है। यहां कर्मचारी डुप्लीकेट रसीद बुक छपवाकर शासन को चूना लगा रहे हैं। पूरा एक ग्रुप बनाकर अवैध वसूली में लगे कर्मचारियों पर शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं होने से इनके हौसले बुलंद हैं। नगर पालिका में प्लेसमेंट कर्मचारियों से फर्जी रसीद बुक के माध्यम से कचरा कलेक्शन की राशि वसूल किए जाने का मामला सामने आया है। लगभग एक माह से पालिका अधिकारी को इसकी जानकारी होने के बाद भी अभी तक शून्य कार्रवाई होने से इनके हौसले बुलंद है। नगर में 8600 घरों से कचरा प्रतिदिन एकत्र किया जा रहा है।

**क्या है यूजर चार्ज-** केंद्र शासन की योजना के अनुसार स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत डोर टू डोर कचरा संग्रहण करने की योजना पर नगर के सभी 24 वार्डों में कचरा कलेक्शन चल रहा है कुल 8600 घरों से कचरा एकत्र करने के लिए 81 लोगों की टीम बनाई गई जिसे एक मैकेनिकल फिटर के जिम्मे में कर दिया गया जबकि उसका मूल काम प्लांट में पानी फिल्टर करने की गतिविधियों को देखना है। वर्तमान में यह कर्मचारी मिस्टर मिशन क्लीन सिटी जन्म मृत्यु सहित अन्य कई महत्वपूर्ण कार्यों को संपादित कर रहा है। पूर्व में इसे घरों में निशुल्क बनने वाले शौचालय, गोबर खरीदी, गोबर की खाद बनाना तथा प्रधानमंत्री आवास जैसे महत्वपूर्ण कार्यों की जिम्मेदारी भी दी जा चुकी है। सभी कार्यों में अनियमिता करते पकड़े जाने पर उस कार्य से हटाकर इसे दूसरे कार्य में लगा दिया गया। जानकारी के अनुसार एक अन्य कर्मचारी जो सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत है वह भी ऑनलाइन सट्टे के जुर्म में लगभग सप्ताह जेल में रहकर आ चुका है यह दोनों मिलकर प्लेसमेंट कर्मचारियों से फर्जी रसीद बुक में यूजर चार्ज की वसूली कर रहे हैं और पकड़े जाने पर भोले भाले छोटे कर्मचारी को कम से बैठाकर उन्हें बलि का बकरा बना रहे हैं। बात यही नहीं रुकती इन 81 कर्मचारियों में जो मिशन क्लीन सिटी में कार्यरत है इनके घर पर वे इनकी गाड़ी में ड्राइवरी का काम भी करते हैं कोई अधिकारी का ड्राइवर है तो कोई उनकी पत्नी को जो अन्य स्थान पर पालिका में ही कार्यरत हैं कार से छोड़ने जाते हैं मजे की बात तो यह है की इसी मिशन क्लीन सिटी के कर्मचारी नगर पालिका में भी बड़ी संख्या में ऑफिस वर्क कर रहे हैं।

# छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं की अनदेखी

■ बीजापुर जिले के माता रुक्मणि आश्रम की बच्ची की मौत, कई बच्चों की हालत गंभीर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर 11 दिसंबर।** बीजापुर जिले के धनोरा में संचालित माता रुक्मिणी आश्रम में 35 छात्राएं अचानक गंभीर स्वास्थ्य संकट का शिकार हो गईं, और उनमें से एक बच्ची की इलाज के दौरान रास्ते में ही मौत हो गई। इस घटना ने छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य ढांचे की बुरी हालत को उजागर किया है, खासकर आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों में जहां स्वास्थ्य सेवाओं का घोर अभाव है। बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए भाजपा सरकार की स्वास्थ्य नीतियों की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि यह घटना सरकार की नाकामी को साबित करती है, जो प्रदेश के दूरदराज के इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने में असमर्थ है।

माता रुक्मिणी आश्रम में अचानक 35 बच्चों के बीमार होने की घटना ने सबको चौंका दिया। छात्राओं में उल्टी, दस्त और बुखार जैसे लक्षण दिखाई दिए, और कई बच्चों की हालत गंभीर हो गई। जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती होने के बावजूद, स्वास्थ्य सेवाओं की कमी और समुचित इलाज के अभाव के कारण एक बच्ची की मौत हो गई, जबकि 9 अन्य बच्चों की हालत नाजुक बनी हुई है। इस त्रासदी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि छत्तीसगढ़ के आदिवासी इलाकों में स्वास्थ्य सेवाएं न केवल अपर्याप्त हैं, बल्कि पूरी तरह से नाकाम साबित हो रही हैं। बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने इस घटना के बाद भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह केवल एक घटना नहीं है, बल्कि प्रदेश की बिगड़ती स्वास्थ्य व्यवस्था का स्पष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में अपनी जिम्मेदारी पूरी तरह से छोड़ दी है। सरकार का ध्यान सिर्फ बड़े शहरों और शहरी इलाकों पर है, जबकि आदिवासी और दूरदराज के इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति बदतर हो चुकी है।÷ बघेल ने यह भी कहा कि यह घटना केवल एक छोटी सी चेतावनी है और अगर सरकार ने समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए तो भविष्य में ऐसी घटनाएं और भी बढ़ सकती हैं। इस घटना के बाद से स्थानीय लोगों और राजनीतिक नेताओं ने भाजपा सरकार की स्वास्थ्य नीतियों को लेकर गहरी चिंता जताई है। बस्तर के ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं का गंभीर अभाव है, जिससे लोग अपनी बुनियादी चिकित्सा जरूरतों को पूरा नहीं कर पा रहे हैं। सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी, उचित दवाओं का अभाव और चिकित्सा सुविधाओं की भारी कमी को लेकर ग्रामीण क्षेत्र के लोग लगातार परेशान हैं।

बघेल ने कहा कि सरकार को आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। उन्हें इस बात की चिंता है कि इस घटना के बाद भी अगर सरकार ने आवश्यक कदम नहीं उठाए तो और भी बच्चों की जान जा सकती है। लखेश्वर बघेल ने भाजपा सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि सरकार को इस घटना के बाद तुरंत उच्चस्तरीय जांच समिति गठित करनी चाहिए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह घटना यह साबित करती है कि सरकार की स्वास्थ्य नीति पूरी तरह से विफल हो चुकी है।

# नहीं मिल पा रहा लोगों को समय पर चावल:राशन दुकान खुलते ही सर्वर डाउन से बढ़ी परेशानी:लखेश्वर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर 11 दिसंबर।** आज बस्तर विधानसभा के कोलावल में बस्तर विधायक श्री लखेश्वर बघेल द्वारा राशन दुकान का निरिक्षण किया गया इस दौरान राशन दुकान संचालक द्वारा बताया गया की 297 क्विंटल आने को था लेकिन 277 क्विंटल ही राशन दुकान ग्राम कोलावल में पहुंचाया गया हैं ग्राम पंचायत कोलावल में कुल 832 राशन हितग्राही हैं अगर खाद्यान्न विभाग द्वारा ही राशन दुकानों में इस तरह चांवल कम भेजा जाये तो दुकान संचालक कैसे वितरण करेगा बस्तर विधायक श्री लखेश्वर बघेल द्वारा राशन दुकान पहुंचकर हितग्राहियो से पूछा की राशन पर्याप्त मात्रा में मिलता हैं या नहीं जिस पर महिलाओ ने कहा की 2 महीनों से चन्ना नहीं मिल रहा हैं और गुड़ की गुणवत्ता भी काफ़ी ख़राब रहता हैं इस दौरान स्वयं विधायक श्री लखेश्वर बघेल ने गुण को चिक कर देखा तो गुण की गुणवत्ता में काफ़ी ख़राब मात्रा में पाई गई श्री बघेल ने दुकान संचालक एवं खाद्यान्न विभाग के अधिकारीयों को दूरभाष के माध्यम से चर्चा करते हुए जल्द से जल्द अच्छी गुणवत्ता की गुण, चन्ना उपलब्ध कराने की बात कही हैं राशन दुकानों में चांवल नहीं पहुचने की वजह से हितग्राहियों को समय पर चांवल नहीं मिल पा रहा है लोग बिना राशन लिए दुकानों से वापस हो रहे हैं कई बार लाइन लगने के बाद उन्हें पता चलता है कि दूकान में चांवल ही नहीं है हर महीने दावा किया जाता है कि 1 तारीख के पहले चावल दुकानों में पहुंचाया हा रह है लेकिन हकीकत में 7 तारीख तक चावल दुकानों में नहीं पहुंच पा रहा है राशन वितरण के लिए राशन दुकान के विक्रेताओं जो मशीनें दी गई है, उसमें से कई मशीनों में तकनीकी दिक़्क़त आ रही है विभाग को भी इससे अवगत कराया गया है हड़ताल के दौरान 6 सूत्रीय ज्ञापन में प्रथम नंबर पर मशीन की गुणवत्ता खराब होने तथा इसमें सुधार करने की मांग को रखा गया है मशीनों को बदलने की भी बात कही गई, लेकिन समस्या अभी भी जस की तस है विधायक द्वारा राशन दुकान में बोरा को तौलाया गया जंहा पर 50 किलो में से 2 से 3 किलो कम पाया गया इसमें भी बोरा का 1 किलो काटने के उपरांत भी 2 किलो से कम पाया गया लोगों में इसकी जानकरी अभाव ना होने की वजह से बस्तर वासियों के साथ भी धोखाधड़ी करने का कार्य कर रहे हैं इस दौरान जिला पंचायत सदस्य धनुरजय कश्यप,दुर्जन कश्यप,कमल कश्यप, राजेश कुमार कश्यप, जितेंद्र तिवारी, तुलसीराम ठाकुर, एवं समस्त कार्यकर्त्तागण व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### राज्य वीरता पुरस्कार के लिए प्रविष्टियां 2 जनवरी तक

**धमतरी 11 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश के ऐसे बच्चों, जो किसी घटना विशेष में उनके द्वारा अदम्य साहस एवं बुद्धिमता के लिए वर्ष 2024 हेतु राज्य वीरता पुरस्कार प्रदाय किया जाना है। जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि जिले के योग्य बालक/बालिकाओं से वांछित दस्तावेजों में निर्धारित प्रारूप में प्रविष्टियां 2 जनवरी 2025 तक जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग में आमंत्रित किए गए हैं। आवेदनकर्ता बालक/बालिका द्वारा अपनी जान की परवाह किए बिना दूसरे की जान बचाने हेतु वीरता का किया गया कार्य तथा कार्य घटना दिनांक को आवेदन की आयु 18 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए वे आवेदन के लिए पात्र होंगे। इसके साथ ही विचाराधीन वर्ष के लिए पुरस्कार हेतु पूर्ण वर्ष की एक जनवरी से आवेदन की तिथि के पूर्व तक घटित कार्य घटना विचारणीय होगी।

### ग्राम राजकट्टा में प्रभा साहू ने किया शीतला मंदिर जीर्णोद्धार का भूमिपूजन

**डोंगरगढ़ 11 दिसंबर।** ग्राम पंचायत कुरूभाट के आश्रित ग्राम राजकट्टा में जिला पंचायत सदस्य प्रभा साहू जी ग्रामीणों एवं पंचायत प्रतिनिधियों की मांग पर ग्राम शीतला सामुदायिक भवन जीर्णोद्धार निर्माण हेतु जिला पंचायत विकास योजना के तहत राशि 2 लाख स्वीकृति प्रदान किया और तालाब पचरीकरण हेतु 2लाख रु जिसका आज समस्त पंचोंएवं ग्रामवासी के साथ मिलकर भूमि पूजन किया गया जिसमें सरपंच प्रीति बाला तामेश्वर साहू, दिलीप मंडावी ,पुरुषोत्तम यादव, राजेश मंडावी ,पवन मंडावी उत्तम साहू, रमेश पटौती, अनिल कोर्राम बालीत राम नेताम चेतन छेदैया ,विमला बाई मंडावी ,कोदिया बाई यादव ,पूर्णिमा नेताम रामा वर्मा ,आशा सेन अनिल कोराम ग्राम प्रमुख पवन मंडावी ग्राम पटेल एवं सभी पंचगणों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामवासियों की उपस्थित रही।



### चौथना में पट्टे की जमीन में मुरूम का अवैध उत्खनन

**डोंगरगढ़ 11 दिसंबर।** एस डी एम के निर्देश पर तहसीलदार मुकेश ठाकुर क़े द्वारा अवैध मुरुम खुदाई को लेकर कार्यवाही की गई।तहसीलदार द्वारा बताया गया कि ग्राम चौथना में सरकारी पट्टे की जमीन से अवैध रूप से मुरूम के उत्खनन को लेकर शिकायत प्राप्त होते ही उच्च अधिकारी के दिशा निर्देश पर ग्राम चौथना का जायजा लिया गया । मौके पर मुरूम के परिवहन में लगा कोई वाहन नहीं मिला बल्कि एक मशीनों (जेसीबी ) को मुरूम का उत्खनन करते पाया गया। उनके चालक से मुरूम खुदाई और परिवहन संबंधी वैध दस्तावजे मांगे गए, किंतु संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। इसके बाद अवैध मुरुम खुदाई में लगी जेसीबी मशीन को जप्त कर थाने लाया गया। एसडीएम मनोज मरकाम के द्वारा बताया गया कि अवैध रूप से मुरूम उत्खनन की जगह का नाप जॉप करने का आदेश दे दिया गया है इस मामले में प्रकरण तैयार कर कलेक्टर को भेजा जायेगा है। आगे की कार्यवाही कलेक्टर द्वारा तय की जाएगी।



■ नियद नेल्लानार योजनान्तर्गत लक्षित योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों की जानकारी पोर्टल पर एन्ट्री करवाने के निर्देश

# प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रगतिरत कार्य को करें जल्द पूर्ण: कलेक्टर

**जगदलपुर 11 दिसंबर।** कलेक्टर श्री हरिस एस ने नियद नेल्लानार सर्वे रिपोर्ट पर चर्चा करते हुए नियद नेल्लानार के अन्तर्गत 36 योजनाओं के लाभान्वित या हितग्राहियों की जानकारी पोर्टल पर एन्ट्री करवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री हरिस मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने सर्वे कार्यों की जिला स्तर के अधिकारियों के दल द्वारा जांच करवाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के प्रगतिरत कार्य को जल्द पूर्ण करवाने कहा और आवास योजना के आरआरसी के प्रकरणों के निराकरण के लिए सभी अनुविभागीय दंडाधिकारियों को संबंधित गांवों में शिविर के माध्यम से करने के निर्देश दिए। आवास योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में प्रथम किश्त प्राप्त उपरांत की भौतिक प्रगति आवास के निर्माण में प्लिंथ, लिंटल स्तर पर पहुंचे कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करवाएं, इस कार्य में आवास मित्रों के सहयोग से कार्य को गति दें।



कलेक्टर ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत ओडीएफ प्लस, स्वीकृत, पूर्ण एवं प्रगतिरत कार्यो, सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य, सेग्रीगेशन शेड निर्माण कार्य की समीक्षा किए। मनरेगा कार्य में सप्ताहवार कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी ब्लॉक में पांच-पांच हजार मजदूर निकालने के निर्देश का पालन करवाएं और रोजगार सहायकों से विशेष रूप से मस्टर रोल जारी करवाकर अधिक से अधिक मजदूरों का रोजगार दें। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्ग नवीन पंजीयन के ब्लॉकवार प्रगति की समीक्षा किए और उद्यान, मत्स्यपालन विभाग, पशुपालन विभाग के अधिकारियों को किसान क्रेडिट कार्ड के तहत किसानों को ऋण उपलब्ध करवाने के लिए निर्देश दिए। बैठक में जाति प्रमाण पत्र निर्माण की साप्ताहिक प्रगति, निवास प्रमाण पत्र, मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के कार्यों का थर्ड पार्टी वेरिफिकेशन के लिए अलग-अलग विभागों के दायित्व की जानकारी पर चर्चा किए। आयुष्मान कार्ड की निर्माण के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में बीस जगहों पर तथा नगर निगम में वार्डवार शिविर आयोजित करने हेतु कार्ययोजना बनाकर लागू करने के निर्देश दिए। बैठक में सिकलसेल रिपोर्ट, सघन मोतियाबिंद जांच एवं उपचार टीबी की जांच व उपचार की समीक्षा किए, साथ ही भवन विहीन उप स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण एजेंसीवार सहित कार्य की प्रगति की समीक्षा किए। इसके अलावा जल जीवन मिशन के प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा किए। कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के समय-सीमा के प्रकरणों पर चर्चा किए तथा आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण के निर्देश दिए।

## समाचार संक्षेप

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव की पहल पर परीक्षा शुल्क को किया कम

**जगदलपुर 11 दिसंबर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव की पहल पर शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर में पारित शुल्क संरचना में सुधार कर परीक्षा शुल्क को कम करने आज विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद की बैठक में परीक्षा शुल्क को कम किया गया। साथी विश्वविद्यालय के कई पाठ्यक्रमों में परीक्षा शुल्क वृद्धि का निर्णय वापस लिया गया। वहीं जिन पाठ्यक्रमों में रूपये 300 की बढ़ोतरी की गई थी उन पाठ्यक्रमों में रूपये 200 परीक्षा शुल्क कम कर दिया गया है ।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव ने महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में परीक्षा फीस बढ़ाये जाने पर कुलपति को पत्र लिखकर छात्र हित में परीक्षा शुल्क को कमी करने की मांग रखी थी । श्री देव ने विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों की शुल्क संरचना में सत्र 2024- 2025 से संशोधन किए गए इस क्रम में बस्तर संभाग में संचालित स्नातक एवं स्नाकोत्तर आदि पाठ्यक्रमों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के मेरे समक्ष मांग रखी गई थी । बस्तर संभाग में हमारे युवा पीढ़ी को विश्वविद्यालय की पढ़ाई में कोई असुविधा उत्पन्न ना हो । हमारे कई छात्रों के आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने कारण बढ़े हुए परीक्षा शुल्क अदा करने में काफी कठिनाई होगी। हमारे आदिवासी बाहुल्य बस्तर की भौगोलिक सामाजिक एवं आर्थिक परिवेश को ध्यान में रखते हुए परीक्षा शुल्क कम करने संबंधी पत्र कुलपति बस्तर विश्वविद्यालय को सौंपा गया था । जिस पर आज विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद की बैठक में बढ़ाये गए परीक्षा शुल्क को कम किया गया। जिसपर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव ने हमारे बस्तर के छात्र-छात्राओं को बधाई देते विश्वविद्यालय की कार्य परिषद को भी शुभकामनाएं एवं बधाई दिया। और कहा हमारे विश्वविद्यालय के अध्ययनरत छात्रों को राहत प्रदान की गई।



### जिले की 128 पंचायतों के लिए ट्राई साइकिल खरीदने एक करोड़ 20 लाख रुपय की प्रशासनिक स्वीकृति

**डोंगरगढ़ 11 दिसंबर।** आने वाले समय में जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के पंच, सरपंच, जनपद सदस्य को चुनाव मैदान में जाना है। उसे ध्यान में रखते हुए सभी भावी जनप्रतिनिधि पूरी सतर्कता के साथ कार्य करने में लगे हुए हैं।इस बीच शासन द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत विभिन्न स्तरों पर क्रय की जाने वाली सामग्रियों हेतु नियमानुसार पालन की शर्त पर ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन इकाई वर्क शेट में कचरा संग्रहण हेतु ट्राई साइकिल क्रय करने का आदेश मुख्य कार्यपालिका अधिकारी जनपद पंचायत राजनांदगांव, डोंगरगढ़ एवं छुरिया स्थित विभिन्न पंचायत हेतु राशि स्वीकृत की गई है। विभिन्न विकासखंड के 128 ग्राम पंचायत के 186 ग्रामों में निर्मित ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन इकाई वर्क शेट में कचरा संग्रहण हेतु कुल 277 नग ट्राई साइकिल के माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर पर क्रय हेतु कलेक्टर के अनुशंसा पश्चात राशि की स्वीकृति प्रदान करने की बात कही गई है। दावा प्रतिनिधि से चर्चा के दौरान अनेक सरपंचों ने शंका जाहिर की है कि पंचायत के प्रस्ताव के बिना ही जेम पोर्टल से खरीदी की प्रक्रिया सीईओ द्वारा प्रारंभ कर दी गई है। इसे लेकर विधानसभा पटल पर प्रश्न लगाने की बात भी सामने आ रही है। डोंगरगढ़ सी ईओ आलोक कुमार द्वारा बताया गया कि शासन - प्रशासन के खिलाफ विपक्ष के जन् प्रतिनिधियों द्वारा अनर्गल बयान बाजी की जा रही है। वर्तमान में जेम पोर्टल से सामान खरीदी हेतु कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी जा रही है। स्वीकृति पत्र में दिए गए नियमों के तहत ही सामान की खरीदी की जाएगी। खरीदी प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता अपनाई जाएगी।

### अग्निवीर भर्ती प्रशिक्षार्थियों को कलेक्टर ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना




**उत्तर बस्तर कांकेर 11 दिसंबर।** जिला प्रशासन के द्वारा जिले के युवक-युवतियों को विभिन्न प्रतियोगी शारीरिक दक्षता परीक्षा भर्तियों अग्निवीर पुलिस बल फारेस्ट गार्ड, बीएसएफ, सीआरपीएफ, एसएससी की भर्तियों के पूर्व प्रशिक्षण हेतु अभ्यर्थियों को शासकीय नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में प्रतिदिन प्रातः 06 से 08 बजे एवं शाम 05 से 07 बजे तक निःशुल्क शारीरिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शारीरिक प्रशिक्षण में लगभग 250 युवक-युवतियों प्रशिक्षण प्राप्त किया जा रहा है। कलेक्टर श्री नीलेशकुमार क्षीरसागर द्वारा अग्निवीर भर्ती शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु प्रशिक्षार्थियों को रायगढ़ के लिए हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया तथा उनके उज्जवल भविष्य के लिये शुमकमनाएं दीं। इस अवसर पर एसडीएम कांकेर, जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला खेल अधिकारी सहित भूतपूर्व सैनिक उपस्थित थे।

### जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर स्थगित

**उत्तर बस्तर कांकेर 11 दिसंबर।** कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिले के नरहरपुर विकासखण्ड के मुसुरपुट्टा में 11 दिसम्बर और कांकेर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत आलबेड़ा में 18 दिसम्बर को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाना था, जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है।

## एक नजर

### जल जीवन मिशन में लेटलतीफी पर दो ठेकेदारों के अनुबंध निरस्त

**रायगढ़, 11 दिसम्बर।** घर-घर तक पेयजल आपूर्ति के लिए संचालित जल जीवन मिशन शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल योजना है। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देश पर जल जीवन मिशन में लेटलतीफी करने वाले ठेकेदारों पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने कार्यवाही शुरू की है। रायगढ़ के धरमजयगढ़ मंडल में सिंगल विलेज का काम लेने वाले दो ठेकेदारों द्वारा अनुबंध अवधि में काम शुरू नहीं किए जाने पर उनका अनुबंध निरस्त कर अमानत राशि राजसात कर ली गई है। साथ ही इन दो ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने की अनुशंसा राज्य कार्यालय से की गई है इस संबंध में जानकारी देते हुए ईई पीएचई श्री परीक्षित चौधरी ने बताया कि जांजगीर-चांपा के मेसर्स हीरा देवी को जल जीवन मिशन के अंतर्गत विकास खण्ड धर्मजयगढ़ के ग्राम गीधकालो में सिंगल विलेज नल जल प्रदाय योजना में पाईप लाईन जोडने, बिछाने एवं नल कनेक्शन निर्माण का काम दिया गया था। उनका अनुबंध 27 नवंबर 2023 को समाप्त हो गया। संबंधित फर्म के द्वारा आज दिनांक तक कार्य प्रारंभ ही नहीं किया गया है। अत अनुबंध की कंडिका के अनुसार अनुबंध निरस्त किया गया है एवं जमा अमानत राशि राजसात कर ली गई है। इसी प्रकार धर्मजयगढ़ के ग्राम रामपुर में सिंगल विलेज सोलर आधारित नल जल प्रदाय योजना में नल कनेक्शन विस्तार का काम सक्ति जिले के मेसर्स के पी राठौर को दिया गया था। उनका अनुबंध 27 जनवरी 2024 को समाप्त हो गया। किंतु उनके द्वारा आज दिनांक तक कार्य प्रारंभ ही नहीं करने पर अनुबंध निरस्त करते हुए अमानत राशि को राजसात किया गया। इसके साथ ही राज्य कार्यालय में मिशन डायरेक्टर को पत्र लिखकर दोनों ठेकदारों को ब्लैकलिस्ट करने के लिए अनुशंसित किया गया है।

### खरीदी केंद्रों से धान का उठाव शुरू



**रायगढ़, 11 दिसम्बर।** रायगढ़ में धान खरीदी बीते 14 नवंबर से जारी है। अब तक जिले में 47 हजार 738 मे. टन धान खरीदी की जा चुकी है। समितियों से धान का उठाव भी मिलरों द्वारा शुरू कर दिया गया है। रायगढ़ जिले के दो समितियों के लिए डीओ कटने के लिए बाद धान का उठाव प्रारंभ कर दिया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए खाद्य अधिकारी श्री खुमेश्वर सिंह ने बताया कि अभी धरमजयगढ़ और कोड़ातराई खरीदी केन्द्र से धान का उठाव शुरू हो चुका है। उन्होंने आगे बताया कि राइस मिलर्स के द्वारा पंजीयन व अनुबंध कर डीओ कटवाया जा रहा है। जिससे आने वाले दिनों में धान उठाव में तेजी आएगी।

किसानों को 71 करोड़ का हुआ भुगतान-रायगढ़ जिले में अब तक किसानों को खरीदी के एवज में 71 करोड़ का भुगतान जारी किया जा चुका है। धान खरीदी के पश्चात किसानों को तत्काल भुगतान की राशि भी जारी की जा रही है। समितियों में राशि आहरण के लिए माइक्रो एटीएम की व्यवस्था भी की गई है।

### दिव्यांग छात्रों ने वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

**रायगढ़, 11 दिसम्बर।** विगत दिवस 05 दिसम्बर 2024 को जिला स्तरीय विश्व दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य में दिव्यांग बच्चों का पर खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन पीएम श्री स्कूल नटवर रायगढ़ के खेल मैदान में आयोजित किया गया। उक्त क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. के वेंकट राव, डीएमसी नरेंद्र चौधरी एवं जिला परियोजना कार्यालय के एपीसी एवं समस्त अधिकारी कर्मचारी के मार्गदर्शन द्वारा किया गया। उक्त क्रीड़ा प्रतियोगिता में सभी 07 ब्लॉक के सभी प्रकार के दिव्यांग बच्चों मूक बधिर, मानसिक मंदता, प्रमस्तिक अंगघात, नेत्रवाधित, अस्थि बाधित इत्यादि बच्चों ने भाग लिये। जिला स्तरीय खेल कूद के आयोजन में 50 मी दौड़, 100 मी दौड, तवा फेक, गोला फेंक, रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, लेखन प्रतियोगिता, मटका फोड़, गायन आदि विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता आयोजित की गई।

## आश्रम के 34 बच्चे फूड पायजनिंग के शिकार

# माता रुक्मिणी संस्था के संचालक धर्मपाल सैनी पहुंचे धनोरा आश्रम

- छात्राओं ने कहा पनीर के खाने से हुई थी उल्टी - दस्त
- कक्षा तीसरी की छात्रा शिंवानी तेलम की मौत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**बीजापुर, 11 दिसंबर।** जिले में संचालित माता रुक्मिणी बालिका आश्रम धनोरा में पनीर खाने से अचानक बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। जिसको खाने से बालिका आश्रम के 34 बच्चे फूड पॉइजनिंग का शिकार होना पडा जिसमें नौ बच्चे पीआईसीयू में भर्ती है। दो बच्चो को मेडिकल कालेज जगदलपुर भेजने के दौरान एक बच्चे ने रास्ते में दम तोड दिया है।वहीं दूसरे बच्ची का इलाज जगदलपुर में चल रहा है।एफएसएल की टीम बीजापुर अस्पताल पहुंचकर तीनों बच्चों का सैंपल मेडिकल कालेज जगदलपुर भेजा गया है ।मिली जानकारी के मुताबिक धनोरा में संचालित माता रूक्मिणी बालिका आश्रम में रविवार की शाम को पनीर खाने से 34 बच्चे फूड पाइजनिंग का शिकार होना पडा ।जिसे खाने के बाद अचानक बच्चों की तबीयत बिगडी। सोमवार सुबह तीन से चार बजे के आसपास उल्टी- दस्त, बुखार आने लगा। जिसके बाद आनन फानन में आश्रम के 34 बीमार बच्चों को अस्पताल में भर्ती करवाया और 9 बच्चे पीआईयूसी में भर्ती है वहीं दो बच्चो को मेडिकल कालेज जगदलपुर भेजने के दौरान शिंवानी तेलम कक्षा तीसरी की छात्रा ने रास्ते में दम तोड दिया है ।माता रुक्मिणी बालिका आश्रम धनोरा में अध्ययनरत् छात्रा कु पूजा गोटा,प्रमिला कुंजाम,मीना हेमला ,राधिका पुलसुम और दीपिका हपका ने बताया,कि रविवार को सुबह आश्रम में खीर पुडी दोपहर को चना आलू और शाम के वक्त पनीर मटर खाने में दिया गया था। छात्रा ने बताया,कि सोमवार की सुबह तीन से चार बजे के आसपास अचानक उल्टी दस्त होने से बीमार हो गये थे।माता रूक्मिणी संस्था के संस्थापक व स्वतंत्रता सेनानी धर्मपाल सैनी आनन फानन में बीजापुर अस्पताल पहुंचे।माता रूक्मिणी संस्था के संस्थापक धर्मपाल सैनी यहां बीजापुर अस्पताल पहुंचे रविवार को,पनीर खाने से धनोरा बालिका आश्रम के 34 छात्रा फूड पाइजनिंग से बीमार हो गये है जिसके चलते सोमवार को माता रूक्मिणी संस्था के संचालक धर्मपाल सैनी बीजापुर अस्पताल पहुंचे।छात्रा शिंवानी तेलम की मौत पर दुख जताया।वहीं धनोरा आश्रम पहुंचकर बच्चो से मुलाकात की।सिविल सर्जन डाक्टर रत्ना ठाकुर ने बताया,कि फूड पाइजनिंग से 34 बच्चे को अस्पताल में भर्ती है जिसमें नौ बच्चे पीआईसीयू में इलाज चल रहा है और दो बच्चो को मेडिकल कालेज जगदलपुर के लिए रिफर किया गया एक बच्ची की मौत हो गयी है।सीएस डाक्टर रत्ना ठाकुर ने बताया,कि एफएसएल की टीम जिला अस्पताल पहुंचकर तीनों बच्चों का सैंपल को जांच के लिए मेडिकल कालेज जगदलपुर भेजा गया है ।जांच के बाद पता चल पायेगा।इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि जिले में खाद्य सामग्री के मानक तथा अमानक तय करने के लिए खाद्य विभाग तो है लेकिन खाद्य विभाग की टीम कभी किसी दुकान या होटल से खाद्य पदार्थों के मानक और अमानक निर्धारित करने के लिए किसी तरह का कोई सैंपल लिया हो ऐसा आज तक नजर नहीं आया, अमानक खाद्य पदार्थों के खाने से स्कूल आश्रमों में पढ़ाई कर रहे मासूम बच्चों को अपनी जान तक गंवानी पड़ रही है।

## हड़ताल पर स्वास्थ्य कर्मी,सेवाएं प्रभावित



**दंतेवाड़ा 11 दिसंबर।** जिला हॉस्पिटल में नेत्र सर्जरी में इन्फेक्शन और लैब में गलत रिपोर्ट मामले में छोटे कर्मचारियों की बर्खास्तगी और निलंबन के विरोध में जिले के अधिकांश स्वास्थ्य कर्मी मंगलवार को हड़ताल पर रहे। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के संयुक्त कर्मचारी प्रतिनिधि संगठन ने दुर्गा मंडप में धरना दिया। इन कर्मचारियों को निर्दोष बताते हुए बहाली की मांग की। संगठन के संयोजक आरके जाटव ने कहा कि करोड़ों की आर्थिक अनियमितताओं पर पर्दा डालने के लिए छोटे कर्मचारियों को बलि का बकरा बनाया गया है, जिससे लोगों का ध्यान मूल मुद्दे से भटकाया जा सके। 20 साल से समर्पण भाव से सेवा दे रहे लेब तकनीशियन सचिन मसीह को बर्खास्त कर दिया गया, जबकि कलेक्शन सेंटर में उसने रजिस्टर में देखकर रिपोर्ट भरा था। उसकी ड्यूटी एचआईवी जांच वाली मूल जगह से हटाकर सामान्य सेंटर कलेक्शन सेंटर में क्यों लगाई गई, यह जांच का विषय है। जाटवर ने कहा कि कोरोना काल मे अपने और अपने परिवार की जान दांव पर लगाकर ड्यूटी लगाने वाले कर्मठ कर्मचारियों को कोरोना प्रोत्साहन भत्ता तो आज तक नहीं मिला, उल्टे दूसरों की गलती पर उन्हें बर्खास्त किया जा रहा है। हमर लैब निर्माण में हुए करोड़ों के भ्रष्टाचार से ध्यान भटकाने के लिए छोटे कर्मचारियों की बलि चढ़ाई जा रही है। इसी तरह नेत्र सर्जरी में गड़बड़ी के जिम्मेदार अधिकारियों की जगह छोटे कर्मचारी निलंबित और बर्खास्त किए गए। यह कार्रवाई वापस नहीं ली गई तो संगठन जल्द ही अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू करेगा।

### प्रभावित हुई स्वास्थ्य सेवाएं

इस एक दिनी हड़ताल के चलते जिला हॉस्पिटल समेत अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में सेवा प्रभावित हुई। ओपीडी पर्ची तक नहीं बनाई जा रही थी। मेनुअल पर्ची से किसी तरह काम चलाया गया।

### धनोरा घटना को लेकर जिला प्रशासन एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जांच दल बनाया

**बीजापुर, 11 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** धनोरा आश्रम की.घटना को जिला प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए पांच सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है जो घटना की वास्तविकता की जांच कर अपनी रिपोर्ट जिला प्रशासन को सौपेगा इस जांच समिति मे एस डीएम जागेश्वर कौशल मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. बी आर पुजारी सहायक आयुक्त डा. आनंद सिह जिला शिक्षा अधिकारी लखनलाल धनेलिया और वरिष्ठ खादय सुरक्षा अधिकारी आशीष कुमार यादव शामिल किये गए है । इसी तरह प्रदेश कांग्रेस कमेटी के.निर्देश अनुसार भी एक जांच दल बनाया गया है जो घटना की जानकारी लेकर अपनी रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौपेगा जांच दल मे विधायक विक्रम मंडावी लालू राठौर शंकर कुडियम नीना रावतिया बोधी ताती सोनू पोटटाम और रमेश यालम शामिल है

## जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनीं लोगों की समस्याएं



**रायगढ़, 11 दिसम्बर।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने आज साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने सभी की समस्याओं को सुनते हुए निराकरण योग्य आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया। कलेक्टर श्री गोयल ने संबंधित अधिकारियों को जनदर्शन में प्राप्त सभी आवेदनों को जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रभारी अपर कलेक्टर श्रीमती ऋशा ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर श्री महेश शर्मा सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

जनदर्शन में रायगढ़ के बबलू सतनामी ने आवेदन दिया कि अंतर्जातीय विवाह योजना के तहत उन्हें 1.50 लाख रूपये की राशि मिली थी। जिन्हें उन्होंने सावधि जमा खाता के तहत स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की चक्रधर नगर शाखा में जमा करवाया था। तीन साल बाद परिपक्वता अवधि पूरी होने पर भी राशि का भुगतान आज पर्यन्त नहीं किया गया है। जिससे युगल दंपत्ति को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर श्री गोयल ने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को मामले में बैंक से समन्वय कर राशि का भुगतान करवाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार धरमजयगढ़ के कापू तहसील के ग्राम पंचायत कमराई के ग्रामवासी पीडीएस संचालक की मनमानी की शिकायत करने पहुंचे थे। उनका कहना था कि दुकान संचालक द्वारा नियमित रूप से राशन का वितरण नहीं किया जाता है। कई बार ग्रामवासियों से विवाद की स्थिति भी बनती है। इस संबंध में खाद्य अधिकारी को सूचना देने पर जांच का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अभी तक कोई उचित कार्यवाही नहीं हुई है। कलेक्टर श्री गोयल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए खाद्य अधिकारी को वस्तुस्थिति की जांच कर तत्काल व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने खाद्य विभाग के अधिकारियों से कहा कि राशन वितरण की नियमित रूप से जांच की जाए, इसमें कहीं कोई अनियमितता नहीं होनी चाहिए। ग्राम लोईग के नारायण साहू भी जनदर्शन में पहुंचे थे। उन्होंने आवेदन देकर बताया कि अपनी भूमि पर मकान निर्माण कर परिवार के साथ रह रहा हूं। मकान के जर्जर होने पर मरम्मत के लिए एक हिस्से को समतल करने पर पर गांव के एक व्यक्ति द्वारा कब्जा करने की कोशिश की जा रही है। जिसको लेकर आपसी विवाद हो रहा है। कलेक्टर श्री गोयल ने तहसीलदार को मामले में मौका मुआयना कर उचित कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी प्रकार जनदर्शन में जिले से पहुंचे नागरिकों ने राशन कार्ड निर्माण, आवास निर्माण, सहित अन्य समस्याओं के लिए आवेदन दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने प्राप्त सभी आवेदनों पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को उचित कार्यवाही करते हुए जल्द निराकरण के निर्देश दिए।

## नियद नेल्लानार गांवों में हितग्राहियों को आधार, आयुष्मान, राशन कार्ड सहित सभी आवश्यक दस्तावेज कराएं उपलब्ध :कलेक्टर



**बीजापुर, 11 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने जिले में संचालित समस्त विकास कार्यो का गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिसके अंर्तगत नियद नेल्लानार गांवों में परिवार सर्वे सूची को दुरूस्त करने सर्वे के आधार पर सभी ग्रामीणों को आवश्यक दस्तावेज सुलभ कराने, आधार, आयुष्मान, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, एवं 18 वर्ष से अधिक समस्त हितग्राहियों को विशेषकर महिलाओं का बैंक खाता खुलवाने ताकि शासन के समस्त योजनाओं का समुचित लाभ ग्रामीणों को मिल सके।समस्त एसडीएम को सर्वे सूची का अवलोकन करने एवं समस्त बुनियादि सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नियद नेल्लानार गावों में प्रधानमंत्री आवास की पंजीयन कराने सहित गावों में सड़क, बिजली, पानी, अस्पताल एवं स्वीकृत कार्यो का निर्माण अविलंब को कहा। हाल ही में सुरक्षा कैम्प स्थापित ग्राम पंचायत कोण्डापल्ली में स्वीकृत स्कूल आंगनबाड़ी एवं अन्य अद्योसंरचना की प्रगति की समीक्षा की।जन्म के तुरंत बाद जन्म प्रमाण पत्र एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, राशन कार्ड में नाम प्रविष्टि की प्रक्रिया को आपसी विभागीय समन्वय से गति बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में स्कूली विद्यार्थियों का जाति प्रमाण पत्र बनाने राजस्व एवं शिक्षा विभाग समन्वय स्थापित कर शतप्रतिशत पात्र-छात्रों का जाति प्रमाण पत्र त्वरित बनाएं। अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों, आयुष्मान कार्ड की प्रगति, पोषण पुनर्वास में कुपोषित बच्चों का शतप्रतिशत दर्ज कराने, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका की नियुक्ति सहित शनिवार 14 दिसम्बर को आयोजित होने वाले लोक अदालत की तैयारी के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। वहीं समस्त विभागों के अधिकारियों को शनिवार को श्रमदान कर अपने कार्यालयों में सफाई अभियान आयोजित करने पर सराहना की।बैठक में एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारीगण सभी अनुभाग के एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, सीईओ जनपद पंचायत एवं तहसीलदार उपस्थित थे।

## कलेक्टर एवं एसपी पहुंचे जिला अस्पताल



**बीजापुर, 11 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** धनोरा में संचालित माता रूकमणी आश्रम में रविवार को खाना खाने के पश्चात अचानक छात्राओं की तबियत बिगड़ने पर जिला अस्पताल में छात्राओं की भर्ती कराया गया जिसमें कुछ छात्राओं को आईसीयू में भी रखा गया। दो छात्राओं को तबियत ज्यादा बिगड़ने पर जगदलपुर मेडिकल कॉलेज रिफर किया गया जिसमें एक बच्ची की रास्ते में मृत्यु हो गई। वहीं एक बच्ची का ईलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। वहीं जिला अस्पताल में शेष बच्चों का उपचार किया जा रहा है। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव ने जिला अस्पताल पहुंचकर छात्राओं से मुलाकात कर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। कलेक्टर श्री मिश्रा ने छात्राओ का बेहतर ईलाज करने एवं वस्तुस्थिति से अवगत कराने सीएमएचओ डॉ0 बीआर पुजारी, सिविल सर्जन डॉ0 रत्ना ठाकुर को निर्देश दिए है। वहीं एसडीएम को सतत निगरानी रखने को कहा।

**कन्या रूकमणी आश्रम पहुंचकर व्यवस्थाओं का लिया जायजा**-कलेक्टर एवं एसपी ने माता रूकमणी कन्या आश्रम पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने बताया कि खाना खाने के बाद बच्चों का पेट खराब होने से उल्टी दस्त की शिकायत शुरू हुई। 35 बच्चे एडमिट हुए कल रात को दो बच्चों को झटके आने लगे जिसे जगदलपुर रिफर किया गया। वहीं रास्ते में एक बच्ची की मृत्यु हो गई। बच्ची का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में हो रहा है। सुबह एसडीएम, डीएसपी, सहायक आयुक्त, सीएमएचओ एवं फूड सेफ्टी ऑफिसर ने जांच किया और सैम्पल लेकर गए हैं जांच जारी है। जांच के बाद एवं पोस्टमार्टम के रिर्पोट के पश्चात ही वस्तुस्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

### पुलिस माओवादी मुठभेड़ में 1 वर्दीधारी माओवादी ढेर,पिस्टल बरामद

**बीजापुर, 11 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** थाना गंगालूर क्षेत्रांतर्गत मुनगा के जंगल में DVCM दिनेश मोड़ियाम, आकाश हेमला, कम्पनी नम्बर 2 कमांडर वेल्ला, मिलिशिया प्लाटून कमांडर कमलू एवं अन्य 30-40 माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना पर ष्ठत्रञ्ज की टीम आज माओवादी विरोधी अभियान पर निकली थी।अभियान के दौरान मुनगा के जंगल में पूर्व से घात लगाए माओवादियों के द्वारा पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध फायरिंग की गई द्य पुलिस के द्वारा सुरक्षित आड़ लेकर की गई जवाबी कार्यवाही में 01 वर्दीधारी माओवादी मारा गया द्य मौके से 9द्वद्व पिस्टल, जिन्दा ढ्ढश्वष्ठ, 6 नग रिमोट स्विच जिसका उपयोग ढ्ढश्वष्ठ ब्लास्ट हेतु किया जाता है एवं अन्य माओवादी सामग्री बरामद किया गया द्यअभियान के दौरान माओवादियों द्वारा पुलिस पार्टी पर मुनगा के पास ढ्ढश्वष्ठ ब्लास्ट किया गया, जिसमे ष्ठत्रञ्ज के 01जवान को मामूली चोट आई है, फिर भी जवानो का हौसला कम नहीं हुआद्य जवान अपने टारगेट तक पहुंचे और माओवादियों के द्वारा पुलिस पार्टी पर किये गये फायरिंग में आत्मसुरक्षार्थ की गई जवाबी कार्यवाही में 01 माओवादी ढेर हुआ द्यक्षेत्र में सघन गश्त सर्चिंग की जा रही है। टीम के अभियान से वापसी पश्चात् विस्तृत जानकारी से पृथक से अवगत कराया जाएगा।


## धान खरीदी केन्द्रों में अव्यवस्था तथा किसानों की समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 11 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार मंगलवार 10 दिसंबर को बीजापुर जिले के भैरमगढ़, कुटरू, बीजापुर, गंगालूर, उसूर, मद्देड और भोपालपटनम ब्लॉक मुख्यालयों में कांग्रेस पार्टी ने जिले के किसानों के साथ धरना प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा है। कांग्रेसियों ने अपने सौंपे गए ज्ञापन में कहा है कि 14 नवंबर से पूरे प्रदेश में धान खरीदी शुरू है, लेकिन धान खरीदी केन्द्रों में फैली अव्यवस्था तथा सरकार की नीतियों के कारण किसानों को परेशान होना पड़ रहा है। 3 दिसंबर को कांग्रेस ने धान खरीदी केन्द्र चलो अभियान चलाया, जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण, पदाधिकारी धान खरीदी केन्द्रो पर गये, जहां उन्होंने किसानों की परेशानियो को देखा धान खरीदी केन्द्रो पर किसान परेशानियों से जूझ रहे है। राज्यपाल के नाम सौंपे गए ज्ञापन में कांग्रेसियों ने कहा कि सरकार ने यह घोषणा किया है कि 72 घंटे में किसानों के खाते में पैसा आयेगा, लेकिन जो लोग धान बेच चुके है, उनके खाते के रकम हफ्तो तक नहीं आया है, जो रकम आ रहा है वह एक मुश्त 3100 नहीं है। सिर्फ 2300 रु. प्रति क्विंटल ही आ रहा है। (जो समर्थन मूल्य है उतना) भाजपा ने 3100 रू. एक मुश्त देने का वादा किया था। भारतीय जनता पार्टी अपने चुनावी वादे के अनुरूप हर पंचायतो में धान खरीदी केन्द्र खोले। कांग्रेसियों ने राज्यपाल के नाम सौंपे अपने ज्ञापन में बारदाने की कमी से किसानों को धान बेचने में हो रही परेशानी, 50 प्रतिशत नये 50 प्रतिशत पुराने बारदानों का उपयोग करने 50 प्रतिशत पुराने बारदाने समितियों में पहुंचाने की मांग की गई है जिसके कारण धान खरीदी में बाधित हो रही है। ज्ञापन में पुराने बारदाने फटे हुये है जिसमें धान भरा ही नहीं जा रहा, और किसानों से कहा जा रहा 50 प्रतिशत बारदानो की व्यवस्था स्वंय करें बाद में उसका भुगतान किसानों को किया जाएगा लेकिन किसानो के बारदाने का एक पैसा भी नहीं मिल रहा।टोकन की व्यवस्था अव्यवहारिक है, जिससे किसानों को परेशान होना पड़ रहा, नंबर ही नहीं आ रहा। टोकन कटने की तारीख से 7 से 10 दिन बाद धान बेचने के लिये किसानों को बुलाया जा रहा है। 15 दिन बाद तक का भी टोकन नहीं मिल रहा। इलेक्ट्रॉनिक तराजू में जो तौलाई हो रहा है उसमें 1.5 किलोग्राम से 2.5 किलोग्राम अधिक तौला जा रहा है। सोसायटियों में धान का उठाव नहीं होने के कारण जगह की कमी है। धान के बोरे जाम है। जगह का अभाव हो गया है। राज्यपाल के नाम सौंपे गए ज्ञापन में कांग्रेसीयों ने कहा है कि अनावरी रिपोर्ट कम बनाई गयी है तथा खरीदी भी 21 क्विटल के हिसाब से नहीं हो रही है। किसानों से पूरा धान नहीं खरीदा जा रहा है। अनावरी रिपोर्ट गलत बनाया जा रहा जिसके आधार पर मात्र 9 से 12-14 क्विंटल धान खरीदा जा रहा। किसानो से पूरा 21 क्विंटल धान नहीं खरीदा जा रहा है। बड़े किसान अपनी बारी का इंतजार कर रहे उनकी बारी ही नहीं आ रही है।कांग्रेस ने अपने ज्ञापन में कहा है कि धान की कीमत का भुगतान 3217 रू. में करें क्योंकि 3100 रू. भाजपा ने अपने चुनावी वायदे में देने का वादा किया था। इस वर्ष केन्द्र सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 117 रू. बढ़ा दिया है। इस कारण इस वर्ष धान की खरीदी 3100 रु. से बढ़ाकर 3217 रू. किया जाये। कांग्रेस के समय भी कांग्रेस ने धान का समर्थन मल्य 2500 देने का वादा किया था, लेकिन समर्थन मल्य बढ़ने पर कांग्रेस ने 2640 रु. में धान खरीदी किया था। भाजपा सरकार बीज उत्पादक किसानों से सोसायटी में धान नहीं खरीद रही है, सोसायटी में सूचना चस्पा किया गया है कि बीज उत्पादक किसानों का धान नहीं लिया जायेगा। सोसायटी से धान संग्रहण केंद्रों में भेजा जा रहा है जबकि यह सीधे मिलरों के पास जाना चाहिये। इस कारण सोसायटी में संग्रहण केंद्रों के बीच परिवहन की लागत अतिरिक्त आ रही है। लेबर चार्ज बढ़ गया इसमें भ्रष्टाचार किया जा रहा है। पिछले वर्ष का सुखत का पैसा सोसायटियों को अभी तक नहीं दिया गया जिसे तत्काल दिया जाने की मांग कांग्रेस ने महामहिम राज्यपाल महोदय से किया है साथ ही कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश के महामहिम राज्यपाल महोदय से किसानों की परेशानियों के निराकरण तथा किसानों के पूरे धान की खरीदी सुनिश्चित करने हेतु हस्तक्षेप कर राज्य सरकार को आवश्यक निर्देश देने की मांग की है।÷किसानों की समस्याओं को लेकर महामहिम राज्यपाल महोदय जी को ज्ञापन सौंपने के बाद बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि भाजपा सरकार अपने चुनावी वादे को पूरा करे। अपने चुनावी वादे के अनुरूप किसानों को धान का समर्थन मूल्य 3100 रू. और केंद्र सरकार के द्वारा बढ़ाये गए अतिरिक्त 117 रु. जोड़ते हुए कुल 3217 रुपये प्रति क्विंटल किसानों को दे और अपने चुनावी वादे के अनुसार किसानों से खरीदे गए धान की राशि का भुगतान करने के लिए हर पंचायतो में बैंक खोले और हर पंचायत में धान खरीदी केंद्र खोले। विदित हो कि जिला कांग्रेस कमेटी ने किसानों की समस्याओं को लेकर ब्लॉक मुख्यालयों में धरना प्रदर्शन कर महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपे जाने हेतु भोपालपटनम- शंकर कुड़ियम, अध्यक्ष जिला पंचायत बीजापुर, उसूर- कमलेश कारम, उपाध्यक्ष, जिला पंचायत बीजापुर, भैरमगढ़- बसंत राव ताटी, सदस्य, जिला पंचायत बीजापुर, बीजापुर- मिच्चा मुत्तैया, उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत भोपालपटनम, मद्देड- कामेश्वर गौतम, वरिष्ठ कांग्रेसी, गंगालूर- वेणुगोपाल राव, सदस्य, पीसीसी, कुटरू- सुनील उद्दे, उपाध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी आदि को ब्लॉकवार प्रभारी नियुक्त किया गया था। ज्ञापन सौंपने जाने के दौरान प्रदेश पदाधिकारी/जिला/ब्लॉक/सेवादल/महिला कांग्रेस/युवक कांग्रेस/एनएसयूआई सहित अन्य मोर्चा/सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारी/जिला पंचायत-अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्यगण/जनपद पंचायत- अध्यक्ष/उपाध्यक्ष/सदस्यगण/नगर पालिका/नगर पंचायत-अध्यक्ष/उपाध्यक्ष/पार्षद/मनोनीत पार्षदगण/सरपंच/सहकारिता एवं मंडी के पदाधिकारियों व वरिष्ठ कांग्रेसजन सहित बड़ी संख्या में किसान शामिल थे।

## पुलिस संगठित भिक्षावृत्ति की जांच कर रही



**भिलाई, 11 दिसंबर।** भिलाई शहर के प्रमुख चौक चौराहों पर सक्रिय संगठित भिक्षावृत्ति के गिरोह से जल्द ही मुक्ति मिलने की उम्मीद है आम लोगों की मांग पर पुलिस इनकी व्यक्तिगत जानकारी और पुराने रिकॉर्ड खंगालने की तैयारी कर रही है. इससे संगठित भिक्षावृत्ति और उसकी आड़ में होने वाले अपराध पर भी लगाम लगाया जा सकेगा. सभी थाना व चौकी प्रभारियों को इस संबंध में निर्देश जारी किया गया है भिलाई के इन चौक चौराहों पर भिक्षावृत्ति करने वालों पर नजर- भिलाई पुलिस टाउनशिप के साथ ही वैशाली नगर, उल्लास नगर, अयप्पा नगर, सुपेला चौक और नेहरू नगर चौक सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर संगठित गिरोह के रूप में भिक्षावृत्ति करने वालों की जांच कर रही है भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से भिलाई और दुर्ग शहर के चौक चौराहों और बाजारों में काफी संख्या में भिक्षावृत्ति करने वालों की संख्या देखी जा रही है. सीएसपी ने कहा कि इस संबंध में सभी थाना प्रभारियों को अपने अपने थाना क्षेत्रों में जांच का आदेश जारी किया गया है. संदिग्ध गतिविधि में पाए जाने वाले भिक्षावृत्ति करने वालों को समाज कल्याण विभाग की मदद से बने आश्रय स्थल में भेजने को कहा गया है भिक्षावृत्ति गैंग का आपराधिक रिकॉर्ड खंगाल रही पुलिस इसके अलावा जो बाहर से आकर भिलाई में भिक्षावृत्ति कर रहे हैं उनका नाम और पता की डीटेल मांगी गई है. भिक्षावृत्ति करने वालों का पुराना रिकॉर्ड चेक करने के निर्देश भी सभी पुलिस थाना को दिया गया है. यदि उनका आपराधिक रिकॉर्ड मिलता है तो उस पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है

### मड़ई मेला के लिए 15 लाख रुपए देने मुख्यमंत्री ने की घोषणा, लोकार्पण व भूमिपूजन

# सोनाखान में खुलेगा पोस्ट मैट्रिक छात्रावास







■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कसडोल/सोनाखान, 11 दिसम्बर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मंगलवार को छत्तीसगढ़ के प्रथम शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान दिवस पर उनकी जन्मभूमि एवं कर्मभूमि बलौदाबाजार जिले के कसडोल विकासखंड के सोनाखान में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए।

सोनाखान स्थित शहीद स्मारक में बलिदानी वीर नारायण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शहीद वीर नारायण सिंह संग्रहालय का भी अवलोकन किया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बलिदानी वीर नारायण सिंह के वंशजों को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सोनाखान में पोस्ट मैट्रिक छात्रावास खोलने, सोनाखान मड़ाई मेला के लिए 15 लाख रुपए देने व सोनाखान के तीन तालाबों का अमृत सरोवर में उन्नयन तथा वीर नारायण के वंशज जो पेंशन के लिए वंचित है। उन सभी सदस्यों को भी पेंशन देने की घोषणा की। इसके साथ ही 10 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण की चाबी सौंपी। हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण, पीएम जनमन आदर्श पंचायत बल्दाकछार एवं औवराई का सम्मान, आदिवासी समाज के युवा प्रतिभावान छात्रों का सम्मान किया गया।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि बलिदानी वीर नारायण सिंह के जन्म एवं कर्मभूमि में मुख्यमंत्री के तौर पर पहली बार आया हूं। यह पवित्र भूमि गरीबों के लिए बलिदान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि बलिदानी वीर नारायण सिंह गरीबों की प्राण रक्षा एवं आत्मसम्मान के लिए अपना जीवन कुर्बान कर दिया। जो हम सबके लिए प्रेरणादायक है।

शहीद वीर नारायण सिंह सोनाखान के जनप्रिय जमींदार थे। अतः वह बाद में नारायणसिंह सोनाखान नाम से प्रसिद्ध हो गये। नारायणसिंह में राष्ट्रीय भावना कूट-कूट कर भरी थी। सन् 1856 में भारत में भयंकर अकाल पड़ा। उन्होंने अपने गोदामों का समस्त अन्न जनता में बाँट दिया। गाँव के व्यापारी माखन के पास गोदामों में अनाज भरा था। उसने नारायण सिंह की प्रार्थना पर भी अनाज गोदामों से न निकाला। नारायणसिंह ने बलपूर्वक उसके गोदामों का अनाज भूखी जनता में बँटवा दिया। इसी कार्य से कुपित होकर रायपुर के तत्कालीन डिप्टी कमिश्नर इलियट ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। जनता में इसका प्रबल विरोध हुआ। सोहागपुर, रायगढ़ कवधी व पंडरिया आदि के जमींदारों ने नारायण सिंह सोनाखान को जेल से मुक्त कराने की योजना बनाई। उधर 10 मई को मेरठ से क्रांति का उद्घोष हो गया था। सारे भारत में कम्पनी शासन को उखाड़ फेंकने की तैयारियाँ हो रही थीं। तभी 27 अगस्त, 1857 को नारायणसिंह एक सुरंग के माध्यम से जेल से भाग निकले। सोनाखान ने अंग्रेजों के विरूद्ध सेना को पुनः संगठित किया। उन्होंने अंग्रेजों के विरूद्ध सशस्त्र क्रांति की घोषणा कर दी। नारायणसिंह सोनाखान ने ऐसी नाकेबंदी की हुई थी कि अंग्रेज सेना उसे छू भी नहीं सकती थी। लेकिन नारायणसिंह सोनाखान का भाई महाराजसाय देवरी का जमींदार था। उसने गद्दारी कर अंग्रेज सेना को अपने क्षेत्र से (सोनाखान से) प्रवेश करा दिया। साथ ही अंग्रेज सेना का साथ भी दिया। परिणामस्वरूप नारायणसिंह सोनाखान को गिरफ्तार कर लिया गया। दिनांक 10 दिसम्बर, 1857 को रायपुर के जयस्तंभ चौक पर वीर नारायण सिंह सोनाखान को तोप के मुँह से बाँध कर उड़ा दिया गया। रायपुर में 'जय स्तंभ चौक' आज भी उनकी स्मृति को ताजा कर देता है।

## बीएमओ माहेश्वरी ने किया विभिन्न गांवों का निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 11 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय निक्षय निरामय चार चरणों में होना प्रस्तावित है जिसका प्रथम चरण 7 दिसम्बर से 22 दिसम्बर तक होना है। जिसके तहत 10 दिसम्बर भाटापारा के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों का औचक निरीक्षण डॉ. राजेन्द्र माहेश्वरी खण्ड चिकित्सा अधिकारी भाटापारा के द्वारा किया गया। भ्रमण मे सर्वे टीम द्वारा घर-घर जाकर दिये गये को प्रपत्र को प्रत्येक व्यक्ति से पूछ कर जानकारी भरी जा रही है। उसी के आधार उच्च कार्यालय को प्रतिदिवस शाम को रिपोर्ट प्रेषित किया जा रहा है। डॉ. आर. माहेश्वरी ने बताया कि प्रथम चरण 7 दिसम्बर से प्रारंभ हो चुका है। जिसमें टी.बी. एवं कुष्ट शंकास्पद मरीजों की पहचान की जा रही है। जिसमें शंकास्पद मरीजों में टी.बी. के लिए बलगम जॉच एवं एक्स-रे कर पुष्टि की जा रही है।



## एक नजर

### गाली गलौज व मारपीट कर कार का शीशा तोड़ने वाले गिरफ्तार



**भाटापारा, 11 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रार्थी नरेंद्र सिंह ने थाना भाटापारा शहर में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि वह अपने कार से हटरी बाजार जा रहा था, कि करीब 07:35 बजे पुराना हर्षद मिष्ठान भंडार के बाजू वाली गली भाटापारा के पास पीछे से एक बाइक में सवार तीन व्यक्तियों द्वारा उसे इशारा करके रोका गया और कार को रोकते ही तीनों मोटरसाइकिल सवारों द्वारा उसके पास आकर उसे अश्लील गाली गलौज कर शराब पीने के लिए पैसे की मांग करने लगे। उसने मना किया तो उसे जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट किया गया तथा उसकी कार का शीशा में भी तोड़फोड़ कर दिया गया। रिपोर्ट पर प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रकरण में शामिल तीन आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा प्रार्थी से शराब पीने के लिए पैसे की मांग करते हुए मारपीट करना एवं उसकी कार में तोड़फोड़ करना स्वीकार किया गया।

### नये एसडीओपी साहू ने संभाला पदभार

**भाटापारा, 11 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** तारेश साहू भाटापारा के नये अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के पद पर पदस्थ किये गये हैं। उन्होंने ने अपना पदभार ग्रहण किया, नये एसडीओपी तारेश साहू ने पदभार लेने के बाद चर्चा करते हुए कहा कि अनुविभाग क्षेत्र मे कानून व्यवस्था को मजबूत किया जायेगा आपराधिक प्रवृत्ति के लोगो पर शिकंजा कसा जायेगा अपराध रोकने और गैरकानूनी काम करने वालो पर कडी कार्यवाही की जायेगी, पुलिस पेट्रोलिंग के सख्त कर आपराध करने वालो पर अकुंश लगाया जायेगा अपराध करने वालो को बक्शा नही जायेगा।

### दावा-आपत्ति 16 दिसंबर तक

**बलौदाबाजार, 11 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** एकीकृत बाल विकास परियोजना सोनाखान अंतर्गत दौनाझार एवं मानदीप में आंगनबाड़ी सहायिका पद पर भर्ती हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए गये थे जिसमे परियोजना स्तरीय मूल्यांकन समिति द्वारा एकीकृत बाल विकास परियोजना सोनाखान आंगनबाड़ी सहायिका के 02 पदों के लिए अनंतिम वरीयता सूची जारी क़ी गई है। वरीयता सूची के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति करनी है तो समस्त दस्तावेज सहित कार्यालय परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना सोनाखान में 16 दिसम्बर तक व्यक्तिगत रूप से कार्यालयीन समय 10.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक आवेदन जमा कर सकते है।

### छुरा के नागिनबाहरा में शहीद वीरनारायण सिंह शहादत दिवस कार्यक्रम, विधायक ने विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

## गरीबों के सच्चे हमदर्द थे शहीद वीरनारायण सिंह, उन्हीं की प्रेरणा से सस्ते चावल योजना की शुरुआत हुई : रोहित साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 11 दिसम्बर।** विकासखंड छुरा के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम पंचायत बिरनीबाहरा के आश्रित ग्राम नागिनबाहरा में छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद वीरनारायण सिंह के शहादत दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच हेम बाई चेतन ठाकुर, विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य शांति बाई नागेश, उपसरपंच कलीराम कमार, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजू साहू, मानसिंह निषाद आदि शामिल हुए। कार्यक्रम में अतिथियों का पारम्परिक बाजे गाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया तथा कार्यक्रम के पूर्व सभी ने शहीद वीरनारायण सिंह के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके पहले ग्राम के सभी महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रोहित साहू ने कहा कि शहीद वीरनारायण सिंह हमारे प्रदेश के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे जिन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफविद्रोह का बिगुल फूंका था। वो जमींदार परिवार के थे और गरीबों के सच्चे हमदर्द थे जिन्होंने अंग्रेजों के खजानों को गरीबों में बाँट दिया। अंतिम व्यक्ति की चिंता उन्होंने की और देश की रक्षा के लिए फांसी पर झूल गए। हमारे प्रदेश में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह जी के कार्यकाल में सस्ते अनाज की योजना लागू हुई वो भी शहीद वीरनारायण सिंह के प्रेरणा से लागू हुई जिसके कारण आज प्रत्येक परिवार को सस्ता चावल मिल रहा है। उन्होंने इस दौरान पंचायत प्रतिनिधियों के साथ हाई मास्ट स्ट्रीट लाइट तथा सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया व ग्रामीणों को शुभकामनायें दी।

**इशारों में ही पूर्व विधायक पर किया कटाक्षः** विधायक रोहित साहू ने कार्यक्रम के दौरान इशारों ही इशारों में पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पहले के विधायक के पास 5 लाख रूपये के विकास कार्य के लिए पांच साल रायपुर दरबार में भटकना पड़ता था और अब हमारी सरकार में हम गाँव में आकर विकास कार्यों की सौगात दे रहे हैं। पहले के विधायक को पांच साल खोजना पड़ता था अब मैं पहला व्यक्ति हूँ जो इस गाँव में विधायक के रूप में आया हूँ।उन्होंने नागिनबाहरा मार्ग में गाँव से पहले ग्राम कूड़ेमा और नागिनबाहरा के बीच पड़ने वाले नाला में उच्चस्तरीय पुल निर्माण कराने की घोषणा की और कहा कि डबल इंजन की सरकार में सभी विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं।इस दौरान आसपास के गाँवों के जनप्रतिनिधि व ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

## पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से धान खरीदी केन्द्र में किसानों ने अवैध वसूली की शिकायत की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सिमगा, 11 दिसम्बर।** मिली जानकारी के अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का सिमगा बाईपास के पास विधायक इंद्र साव के नेतृत्व में स्वागत किया गया, इस दौरान वहां उपस्थित किसानों ने सिमगा धान खरीदी केन्द्र की समिति प्रभारी व केंद्र में ब्याप्त अव्यवस्थाओं की शिकायत की इस दौरान बघेल ने सिमगा के धान खरीदी केन्द्र का औचक निरीक्षण किया।

सोसायटी में धान बेचने आए किसानों ने पूर्व मुख्यमंत्री को समिति प्रभारी मंजूलता शर्मा की जमकर शिकायत की। ग्राम कचलोन के किसान हरिशंकर सोनवानी ने कहा कि समिति प्रभारी धान का ढेर लगवा देती और पैसे की मांग करती है अन्यथा अपना धान कहीं और ले जाकर बेचलो कहती है और पैसे देने पर ही बोरा देने की बात कही, सिमगा के किसानों ने सूखत के नाम पर 500, से 600, ग्राम धान ज्यादा तौलने की बात कही है, जिस पर पूर्व मुख्यमंत्री ने तौले धान को कांटे पर चढ़वा कर देखा तो 41, 2, किलो पाया गया। जिस पर बघेल ने प्रभारी को हिदायत दी कि इस प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए, यह धान किसानों के मेहनत और पसीने का है, किसान एक एक दाना खेत से इकट्ठा कर धान खरीदी केन्द्र में बेचने आते हैं, इस प्रकार ज्यादा धान तौलकर उनके हक को मारा जा रहा है, सांथ ही बघेल ने टोकन प्रणाली की जानकारी ली तथा धान को जमीन की जगह शेड के भीतर तौलने कहा, जिससे धान जमीन पर गिरकर खराब न हो और स्टेक को जमीन पर लगाने की सलाह दी, बघेल ने समिति प्रभारी से धान के आवक और उठाव पर भी जानकारी लेते हुए कहा कि धान का उठाव न होने से खरीदी केन्द्र में धान रखने की जगह नहीं बचेगी यदि यही स्थिति रही तो आने वाले दिनों में पूरे प्रदेश में धान खरीदी ठप हो जाएगी। यही नहीं समिति प्रभारी के विरुद्ध किसानों का आक्रोश इतना अधिक था कि उन्होंने समिति प्रभारी को तत्काल हटाने की मांग कर दी, तथा 31, 00, की जगह 23, 00, रुपये भुगतान की शिकायत की। बताते चलें कि पूर्व मुख्यमंत्री की सिमगा धान खरीदी केन्द्र का औचक निरीक्षण की जानकारी मिलने पर एस, डी, एम, अंशुल वर्मा को लगी तो उन्होंने प्रभारी तहसीलदार अनिरुद्ध मिश्रा को तत्काल जांच के निर्देश दिए जिस पर तहसीलदार ने शिकायत पर किसानों से जानकारी लेकर जांच प्रतिवेदन एस, डी, एम, को सौंप दिया है। वहीं इस संबंध में एस, डी, एम, ने कहा कि जांच प्रतिवेदन का अवलोकन के पश्चात कार्यवाही की जावेगी।धान खरीदी केन्द्र में बघेल के औचक निरीक्षण से हड़कम्प मचा हुआ है तथा धान खरीदी केन्द्र में ब्याप्त भ्रष्टाचार की पोल खुल गई है।

### नाकोड़ा पाइप इम्पेक्स खम्हरिया में श्रमिकों के शोषण के खिलाफ मजदूर संघ की हड़ताल 16 से

**तिल्दा नेवरा, 11 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राजधानी के नये उद्योगिक क्षेत्र बरतोरी के खम्हरिया गाव मे चार वर्षो से संचालित संयंत्र नाकोड़ा पाइप इम्पेक्स श्रमिको का भारी शोषण करने का जानकारी प्राप्त हो रहा है पहले भी कई बार इस कारखाना मे मजदुर संघ के द्वारा आंदोलन किया जा चुका है फ़िर भी संयंत्र कि मनमानी देखने को मिल रहा है। मजदूर संघ छत्तीसगढ़ मोल्डिंग इस्पात कर्मचारी यूनियन (इंटक) द्वारा श्रमिको के अधिकार कि लड़ाई निरंतर जारी है मजदुर संघ के नेतृत्व मे श्रमिक प्रतिनिधी दिलीप कुमार वर्मा व श्रमिको द्वारा श्रम अधिनियम पालन करने के लिए 22.11.2024 को कारखाना प्रबंधक को मांग पत्र दिया गया था जिसमे 15 दिवस का समय भी दिया गया था परन्तु 18 दिवस होने के पश्चात भी संयंत्र प्रबंधक के तरफसे कोई पहल नही किया गया कारखाना प्रबंधक कि अड़ियल रैवये से नाराज होकर श्रमिक व मजदुर संघ ने 16 तारिक से आंदोलन करने का ज्ञापन संयंत्र प्रबंधन को सौपा है श्रमिक प्रतिनिधी दिलीप कुमार वर्मा ने बताया कि श्रमिको को कोई भी सुरक्षा उपकरण नही दिया जा रहा है जिससे आये दिन श्रमिक हादसों का शिकार हो रहे है, 12 घंटा काम लिया जा रहा है मात्र 400 से 500 रुपये मे,पीएफ, ईएसआईसी नही काटा जा रहा है, समय पर वेतन नही दिया जा रहा है साथ ही स्थानीय लोगो को स्थायी कम्पनी द्वारा नही रखा जा रहा है बाहरी लोगो को प्राथमिकता दिया जा रहा है जिससे स्थानीय लोगो मे भारी नाराजगी व्याप्त है।

### विधायक इन्द्र साव ने एक वर्ष के सफल कार्यकाल के लिए जनता के प्रति जताया आभार

## स्नेह मिलन समारोह में विधायक ने कार्यकर्ताओं संग किया भोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**भाटापारा, 11 दिसम्बर।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी के द्वारा आयोजित विधानसभा स्तरीय स्नेह मिलन कार्यक्रम में विधायक इन्द्र साव ने अपने विधायकी कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने पर उपस्थित कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले वर्षो में क्षेत्र की जनता की मंशा के अनुरूप और भी विकास कार्य देखने को मिलेगा।इस अवसर पर छत्तीसगढ़ कृषक कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, जीव जंतु कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष विद्याभूषण शुक्ला, पूर्व विधायक चैतराम साहू, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, किसान कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री राकेश वैष्णव, मंडी के पूर्व अध्यक्ष सुशील शर्मा भी उपस्थित थे।

अपने संबोधन में विधायक इंद्र साव ने कहा कि आज जो स्नेह मिलन समारोह का आयोजन हो रहा हैं वह आपके द्वारा दिया गया सहयोग एवं आशीर्वाद है जिसके लिए मैं आपका सदैव ऋणी रहूंगा। मेरे लिए आपकी कसौटी पर खरा उतरने के लिए अब सिर्फ 4 वर्ष रह गए इन एक वर्षो में हमने विपक्ष में रहते हुए भी अनेक विकास कार्यो के लिए पहल की है जिसमें भाटापारा शहर को राष्ट्रीय राजमार्ग में जोड़ने, सेमरियाघाट पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण, भाटापारा एवं सिमगा क्षेत्र के तालाबों का सौंदर्यकरण, स्वास्थ्य सेवाओं के लिए डॉक्टरों की नियुक्तियां, सिमगा अस्पताल को ट्रामा सेंटर बनाना, ग्रामीण क्षेत्रों में सीसी रोड, नालियों का निर्माण, सामुदायिक भवन, हाय मास्त लाइट, और नए खुल रहे उद्योगों में स्थानीय बेरोजगारों के लिए रोजगार उपलब्धता, अवैध शराब बिक्री की रोक हेतु आंदोलन जनकल्याणकारी कार्यक्रम आपके सहयोग से ही हम कर पाए हैं उन्होंने कहा कि जब से मुझे विधायक के रूप में आपने जिम्मेदारी सौंपी है तब से लेकर अब तक निरंतर आपके बीच रहने का, दुख सुख में शामिल होने का क्षेत्र की जनता के तकलीफपरेशानियों के निराकरण के लिए प्रयासरत रहा हूं और विश्वास दिलाता हूं कि आगे भी आने वाले वर्षों में भी आपके बीच रहूंगा तथा विधानसभा क्षेत्र के हर नागरिक की उम्मीद पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा विधानसभा क्षेत्र की जनता मेरी पहली प्राथमिकता है।

साव ने कहा कि अपने विधानसभा क्षेत्र की जनता से मैं आग्रह करता हूं कि मुझे अपने परिवार के सदस्य के समान अपनी हर एक छोटी बड़ी समस्याओं से अवगत कराये जिससे कि मैं उक्त समस्या के निराकरण के लिए प्रयास कर सकू पिछले 1 वर्षो में क्षेत्र की जनता ने जो प्रेम, विश्वास, अपनापन दुलार दिया उसके लिए मैं सदैव आभारी रहूंगा और आने वाले समय में और अच्छा कर सकूं इसके लिए मुझे आपके मार्गदर्शन की नितांत आवश्यकता होगी। मै चाहता हु कि आप लोग समय-समय पर मेरा पथप्रदर्शित करते रहे जिससे मैं और मेरी पूरी टीम जनता की सेवा में तत्पर रह आपकी सेवा कर सके।


**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202412093400004**

विषयः- ब-121
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सन्ः-2024-2025
डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [ (हे.) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- आरती निर्मलकर,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका आरती निर्मलकर पिता अशोक निर्मलकर जाति धोबी सा. डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला- राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदिका के स्वयं आरती निर्मलकर पिता अशोक निर्मलकर का जन्म दिनांक 22.08.1985 को स्थान डोंगरगढ़ में हुआ है के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 20.12.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/12/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202412092200008**

विषयः-ब-121
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सन्ः- 2024-2025
चौथना प.ह.न. 00026 [ (हे.) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- फूलकुंवर,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका फूलकुंवर पति राम्हू जाति गोंड सा. चौथना तहसील डोंगरगढ़ जिला- राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदिका के ससुर जंगलू पिता बहुरसिंग का मृत्यु दिनांक 13.04.1980 को स्थान चौथना में हुआ है के नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 23.12.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/12/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
डोंगरगढ़

**पर्यावरण स्वीकृति बाबत् आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने ई.आई.ए. अधिसूचना 2006 के अंतर्गत अपने ईसी पहचान नंबर **EC24A1001CG5160430N Dated** 07.12.2024 के द्वारा हमारे ग्राम-पाली, तहसील एवं जिला-रायगढ़ (छ.ग.) में प्रस्तावित ग्रीनफील्ड परियोजना के तहत स्पंज आयरन क्षमता 1,32,000 टन/वर्ष, 9 एमव्हीए गुना 2 नग एसएएफ से फेरो एलॉयज (सिलिको मैगनीज क्षमता 35,000 टन/वर्ष और/या फेरो मैगनीज क्षमता 44,000 टन / वर्ष और/या फेरो सिलिकॉन क्षमता 19,000 टन/वर्ष) और/या पिग आयरन क्षमता 70,000 टन/वर्ष, कैप्टिव पॉवर 30 मेगावाट (10 मेगावाट थ्रु डब्ल्यूएचआरबी एवं 20 मेगावाट थ्रु एएफबीसी) एवं फ्लाई ऐश ब्रिक्स क्षमता 34,600 टन/वर्ष की परियोजना हेतु पर्यावरण स्वीकृति प्रदाय किया है। जिसकी प्रति पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की वेबसाईट (www.parivesh.nic.in) तथा प्रतिलिपि छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, क्षेत्रीय कार्यालय रायगढ़ तथा मुख्यालय अटल नगर, नवा रायपुर में भी अवलोकन हेतु उपलब्ध है।

स्थान :- रायगढ़ (छ.ग.)
दिनांक :- 09/12/2024

**मेसर्स मॉ मनसा आयरन एण्ड पॉवर प्रायवेट लिमिटेड**
ग्राम-पाली, तहसील एवं जिला-रायगढ़ (छ.ग.)

**पर्यावरण स्वीकृति बाबत् आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने ई.आई.ए. अधिसूचना 2006 के अंतर्गत ईसी पहचान नंबर **EC24A1003CG5253993N Dated** 07.12.2024 के द्वारा हमारे ग्राम-मुरेठी, तहसील-धरसींवा एवं जिला-रायपुर (छ.ग.) में क्षमता विस्तार के तहत स्थापित 100 टीपीडी स्पंज आयरन परियोजना का आगे एकीकरण, इंडक्शन फर्नेस, सीसीएम विथ हॉट चार्जिंग आधारित स्टील रोलिंग मिल 30,000 टीपीए से 5,00,000 टीपीए एमएस बिलेट्स/रीरोल्ड स्टील उत्पादन तक; डब्ल्यूएचआरबी और बायोमास आधारित पावर प्लांट और फ्लाई ऐश ब्रिक प्लांट की अनुमति क्षमता के साथ परियोजना हेतु पर्यावरण स्वीकृति प्रदाय किया है। जिसकी प्रति पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की वेबसाईट (www.parivesh.nic.in) तथा प्रतिलिपि छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर तथा मुख्यालय अटल नगर, नवा रायपुर में भी अवलोकन हेतु उपलब्ध है।

स्थान :- रायपुर (छ.ग.)
दिनांक :- 09/12/2024

**मेसर्स ओम स्पंज**
ग्राम-मुरेठी, तहसील-धरसींवा, जिला-रायपुर (छ.ग.)

**छत्तीसगढ़ शासन वनविभाग कवर्धा वनमंडल, कवर्धा (छत्तीसगढ़)**

**नीलामी की संक्षिप्त सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कवर्धा वनमंडल कवर्धा के अंतर्गत काष्ठागार चिल्फी में संग्रहित ईमारती काष्ठ का ई-ऑक्शन द्वारा निर्वर्तन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलदारों से अनुरोध है कि वे ई-ऑक्सन में भाग लेवें। ई-ऑक्शन की शर्तें एवं अन्य जानकारी **कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमंडल कार्यालय/काष्ठागार चिल्फी** से प्राप्त की जा सकती है।

| | | |
|---|---|---|
| नीलाम दिनांक | - | 17.12.2024 |
| नीलाम समय | - | प्रातः 9:00 बजे से |

**वनोपज की अनुमानित मात्रा निम्नानुसार है**

| प्रजाति | नया लाट | अनबिके लाट | | | कुल योग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | बल्ली | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी |
| साल | 569 | 181.032 | 14 | - | 181.032 | 583 | |
| बीजा | - | 17.471 | 09 | 67 | 17.471 | 9 | 67 |
| तिंसा | 35 | - | - | - | | 35 | |
| साजा | 93 | - | 07 | - | | 100 | |
| धावड़ा | 43 | 0.928 | | - | 0.928 | 43 | |
| कसही | - | 3.476 | | - | 3.476 | | |
| अन्य | 42 | - | | - | | 42 | |
| योगः- | 782 | 202.907 | 30 | 67 | 202.907 | 812 | 67 |

टीपः- (1) क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-ऑक्सन पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
(2) क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लाटो के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
(3) लॉट को थप्पीसूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-ऑक्शन पोर्टल में अपने आईडी से लॉगइन करके देख सकते हैं।
(4) ई-ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकंड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा।

जी-242504476/6

वन मंडलाधिकारी
कवर्धा, वनमण्डल कवर्धा

## एक नजर

### राजधानी में जमीन विवाद को लेकर हवाई फायरिंग

**रायपुर 11 दिसंबर।** राजधानी में जमीन विवाद को लेकर आज सुबह-सुबह एक व्यक्ति ने अपने लाइसेंसी पिस्टल से फायरिंग कर दी. सिविल लाइन थाना क्षेत्र के रवि नगर रोड में जमीन कब्जा हटवाने को लेकर हरदयाल नामक आरोपी ने फायरिंग की. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लाइसेंसी पिस्टल को जब्त किया गया. इस मामले को लेकर सिविल लाइन थाना प्रभारी रोहित मालेकर ने बताया कि सिविल लाइन थाने में फजिया मेमन, पति तबरेज मेमन साकिन, पुरानी मस्जिद के पीछे रवि नगर की रहने वाली है. उनका रवि नगर रोड में स्थित जमीन को लेकर रवि नगर निवासी हरदयाल सिंह, पिता- थमन सिंह से विवाद है. आज उस जमीन का सीमांकन भी था. सीमांकन के पहले फाजीया के ताले को हरदयाल ने तोड़कर अपना ताला लगा लिया था. जहां आज प्रार्थिया गई, तो आरोपी ने मेरी जमीन है कहकर लाइसेंसी बंदूक से उनको भगाने के लिए लाइसेंसी बंदूक से हवाई फायरिंग कर दी. फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पिस्टल जब्त कर लिया है और मामले की जांच में जुटी हुई है।

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर, 11 दिसंबर।** शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार 26 वर्षीय प्रार्थिया ने खमतराई थाना में शिकायत किया कि आरोपी कृष्ण कुमार साहू 22 वर्ष ने प्रार्थिया को शादी का झांसा देकर लगातार शारीरिक संबंध बनाया। जिससे प्रार्थिया गर्भवती हो गई। जिसका आरोपी ने गर्भपात करा दिया और शादी से इंकार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है।

### कॉलेज में एडमिशन दिलाने के नाम पर 35 लाख की ठगी

**रायपुर, 11 दिसंबर।** एमबीबीएस शासकीय महाविद्यालय में एडमिशन दिलाने के नाम पर 35 लाख की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सूर्यकांत प्रजापति 29 वर्ष सिवनीखूर्द धमतरी की रहने वाली है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी राघवेन्द्र कुमार गुप्ता, मुकुल जैन, अनीस जैन व अन्य ने फाफाडीह स्थित अनीस जैन के ऑफिस में प्रार्थी को बुलाकर एमबीबीएस शासकीय महाविद्यालय में एडमिशन दिलाने के नाम पर 35 लाख रुपए ऐंठ लिए। जब प्रार्थी को ठगे जाने का एहसास हुआ तो उसने इसकी शिकायत देवेन्द्र नगर थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### शेयर मार्केट में पैसा लगाने का झांसा देकर महिला से 41 लाख की ठगी

**रायपुर, 11 दिसंबर।** शेयर बाजार में ज्यादा मुनाफा कमाने का झांसा देकर अज्ञात आरोपी ने महिला से एप डाउनलोड करवाकर 41 लाख रुपए ठग लिए। प्रार्थिया की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार विनिता श्रीवास्तव 38 वर्ष समृद्धि अवंतिविहार की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि उसके पास अज्ञात मोबाइल नंबर 92363-15609 से कॉल आया। उक्त व्यक्ति ने प्रार्थिया को झांसे में लिया कि शेयर मार्केट में पैसा लगाने पर ज्यादा मुनाफा कमा सकती हो। आरोपी ने प्रार्थिया को कह कर ऑटोमेटिक चार्ट नाम से एप्लीकेशन डाउनलोड करवाया और प्रार्थिया से 41 लाख रुपए ऐंठ लिया। प्रार्थिया की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### घर के बाहर खड़ी स्कूटी पार

**रायपुर, 11 दिसंबर।** रविग्राम तेलीबांधा में घर के बाहर खड़ी स्कूटी को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राकेश कुमार मारकण्डे 32 वर्ष रविग्राम तेलीबांधा का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी स्कूटी क्रमांक सीजी 04 एचके 7296 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए स्कूटी की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

### चाकू लहराते दो युवक पकड़ाए

**रायपुर, 11 दिसंबर।** राजेन्द्र नगर और गोलबाजार पुलिस के टीम ने चाकू लहराते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार राजेन्द्र नगर पुलिस ने गुरूमुख सिंह नगर में दबिश देकर चाकू लहराते आरोपी चाहत सेन 21 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गोलबाजार पुलिस ने लोहार गली में दबिश देकर चाकू लहराते आरोपी तनवीर हुसैन 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### गांजा सहित तीन युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 11 दिसंबर।** तेलीबांधा पुलिस ने शिवमंदिर तालाब के पास एक कार से 3 किलो 380 ग्राम गांजा जब्त किया है। पुलिस ने मामले में 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा पुलिस को सूचना मिली कि शिवमंदिर तालाब के पास फुण्डहर में कार सवार तीन व्यक्ति गांजा खपाने के लिए ग्राहक ढुंढ रहे है।

# नगरीय निकाय चुनाव के लिए मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

## दुर्ग में आज आयोग के अधिकारियों ने ली बैठक

- वार्डों के आरक्षण एवं आचार संहिता लगने की तिथि का इंतजार

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 11 दिसम्बर।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा आज से संभाग स्तर पर नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव कराने के लिए बैठक शुरू हो गई है। इसमें जिला निर्वाचन अधिकारी, सहायक निर्वाचन अधिकारी, मास्टर ट्रेनर्स सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आज नगरीय निकाय चुनाव के लिए मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया जाएगा। इसके साथ ही कांग्रेस और भाजपा की चुनाव लड़ने की तैयारियां तेज हो गई है।

राज्य निर्वाचन आयोग से मिली जानकारी के अनुसार आयोग ने कल रायपुर के विभिन्न अधिकारियों की बैठक ली थी जिसमें मतदाता सूची, मतदान केंद्रों, सुरक्षा व्यवस्था एवं अधिकारियों के प्रशिक्षण के बारे में व्यापक जानकारी दी थी। आज दुर्ग संभाग के अधिकारियों की बैठक दुर्ग में ली जा रही है। आयोग के अध्यक्ष एवं सचिव सहित अन्य अधिकारी यहां पहुंचे। उन्होंने स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए अधिकारियों को टिप्स दिए। आयोग के अनुसार आयोग की टीम जगदलपुर, बिलासपुर एवं सरगुजा संभाग में शीघ्र बैठक लेगी। आयोग के अधिकारी इस संबंध में निरंतर जिले के अधिकारियों के संपर्क में है। नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय चुनाव कराना चुनौतीपूर्ण कार्य होगा इसलिए नगरीय निकाय और पंचायत विभाग के अधिकारियों को भी वार्ड परिसीमन के आधार पर मतदाता सूची बनाने और वार्डों के आरक्षण सहित अन्य मुख्य कार्य सौंपे गए हैं। वे यह कार्य कर रहे हैं।

### आरक्षण को लेकर सभी की उत्सुकता

आज कैबिनेट की बैठक में आरक्षण को लेकर स्थिति स्पष्ट होने की संभावना है। अधिकारियों के अनुसार रायपुर सहित 13 नगर निगमों में आरक्षण का प्रावधान जनसंख्या के आधार पर होगा। जिला स्तर पर महापौर के आरक्षण के लिए लॉटरी सिस्टम लागू किया गया है। सामान्य, महिला सामान्य, अनुसूचित जाति व जनजाति, पिछड़ा वर्ग अलग-अलग कैटेगरी रखी गई है। प्रदेश में कुल 180 नगरीय निकाय है। इस वर्ष महापौर का चुनाव सीधे जनता के माध्यम से होगा। जबकि जनपद अध्यक्ष का चुनाव अप्रत्यक्ष प्रणाली से किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में भी चुनाव को लेकर सुगबुगाहट तेज हो गई है। राजधानी के आसपास अमलेश्वर, मंदिर हसौद, समोदा नए नगर पंचायत बने हैं। यहां पर चुनाव को लेकर सरगर्मी काफी तेज हो गई है।

### कांग्रेस की बैठक में चुनाव को लेकर मंथन

कांग्रेस प्रवक्ता सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि आज जिला स्तर के जिला अध्यक्षों एवं महामंत्रियों की बैठक बुलाई गई है जिसमें प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज शामिल होंगे। बैठक में चुनाव को लेकर रणनीति बनाई जाएगी। सरकार की जनविरोधी नीतियों को मुद्दा बनाया जाएगा। कांग्रेस जुझारू एवं जमीन से जुड़े कार्यकर्ताओं को टिकिट देने की अनुशंसा करेगी। आज की बैठक में कई महत्वपूर्ण पदाधिकारी उपस्थित थे।

# विधानसभा के सिल्वर जुबली वर्ष में होंगे अनेक कार्यक्रम

- 16 से शीतकालीन सत्र के लिए सभी तैयारियां पूर्ण

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 11 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा का सिल्वर जुबली दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। ज्ञात रहे विधानसभा का शीतकालीन सत्र 16 दिसम्बर से शुरू हो रहा है। अधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार छग विधानसभा स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने जा रहे हैं। विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह के नेतृत्व में वर्षभर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसकी रूपरेखा बना ली गई है जिसकी अधिकृत घोषणा शीघ्र कर दी जाएगी। नया विधानसभा भवन नई राजधानी में निर्माणाधीन है। यह अगले वर्ष के दिसम्बर तक पूर्ण हो जाएगा। वर्तमान भवन केंद्रीय जल संसाधन विभाग का था लेकिन इसके डिजाइन को देखते हुए यहां पर विधानसभा का सत्र शुरू कर दिया गया। इस भवन का सरकार द्वारा विधिवत अधिग्रहण कर लिया गया है। धरसींवा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इस भवन का काफी विस्तार एवं निर्माण किया गया है। आधुनिक सुविधाओं से लैस विधानसभा में नए कार्यालय भी बन गए हैं। कोरोना संकटकाल के कारण सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं हो पाए थे। अब नए अध्यक्ष रमन सिंह के नेतृत्व में कई आकर्षक कार्यक्रम कराए जाने की योजना है।

**ध्यानाकर्षण लगने शुरू:** विधानसभा का सत्र 16 दिसम्बर से प्रारंभ हो रहा है। ठीक पांच दिन पहले ध्यानाकर्षण नोटिस लेना शुरू हो गया है। विपक्ष द्वारा गिरती




कानून व्यवस्था, रेत माफिया एवं शराब की ओवर रेटिंग, धान खरीदी में अव्यवस्था सहित अन्य मुद्दों को लेकर स्थगन प्रस्ताव लाया जा सकता है। सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण विधेयक प्रस्तुत किए जाएंगे। विधानसभा सचिवालय द्वारा कुल 5 सौ से अधिक प्रश्न का उत्तर तैयार कर लिया गया है। जिसमें तारांकित, अतारांकित प्रश्न शामिल है। विधानसभा के सत्र को देखते हुए यहां पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। शीतकालीन सत्र को देखते हुए विधानसभा के अंदर एवं बाहर भी रंगरोगन किया जा रहा है। सरकार द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर एक अध्यादेश भी प्रस्तुत किया जाएगा एवं अनुपूरक बजट भी रखा जाएगा। 16 दिसम्बर को सत्र की दो अवधि के बीच मृतक सदस्यों को श्रद्धासुमन अर्पित किया जाएगा।

# अपंजीकृत निर्माणी श्रमिकों को भी कार्यस्थल पर मृत्यु होने पर मिलेगी 1 लाख की सहायता राशि

**रायपुर 11 दिसंबर।** प्रदेश में विष्णुदेव सरकार के एक साल पूर्ण होने पर निर्माणी श्रमिकों को बड़ी राहत मिलने जा रही है। अब ऐसे निर्माणी श्रमिक जो कि पंजीकृत नहीं है लेकिन कार्यस्थल पर दुर्घटना से मृत्यु हो जाती है तो उनके आश्रितों को एक लाख रुपए की सहायता राशि दी जाएगी।



गौरतलब है कि ऐसे निर्माणी श्रमिक जो कि छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत क्षेत्रों में कार्य करते हैं, लेकिन किसी कारणवश पंजीयन नहीं हो पाया होता है। इसी बीच कार्यस्थल में मृत्यु होने पर श्रमिक के आश्रितों को किसी तरह की आर्थिक सहायता राशि नहीं मिल पाती थी। श्रमिकों की इन परेशानियों को देखते हुए श्रम मंत्री सह अध्यक्ष छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल श्री लखन लाल देवांगन के निर्देश पर अब विभाग ने मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना की अधिसूचना में आंशिक संशोधन करने जा रही है। अभी तक निर्माणी श्रमिक के सामान्य मृत्यु पर 1 लाख, कार्य स्थल पर दुर्घटना से मृत्यु होने पर 5 लाख, कार्यस्थल पर दुर्घटना से दिव्यांगता होने पर 2.50 लाख की सहायता राशि मिलती है। अब अपंजीकृत निर्माणी श्रमिक के कार्यस्थल पर दुर्घटना से मृत्यु होने पर एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि आश्रितों को दी जाएगी।

जनवरी से लेकर नवंबर तक कुल 1502 निर्माण श्रमिकों को मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना का लाभ दिया गया है। श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन के निर्देश पर ऐसे निर्माणी श्रमिकों के आश्रितों को तत्काल सहायता राशि सीधे डीबीटी के माध्यम से की जा रही है।

# छत्तीसगढ़ के विकास को खुली आंखों से नहीं देख पा रहे कांग्रेसी: अजय चंद्राकर

**रायपुर 11 दिसंबर।** भाजपा के एक साल के कार्यकाल पर कांग्रेस ने सवाल उठाया है. इस पर भाजपा के वरिष्ठ विधायक अजय चंद्राकर ने कहा, थ्री डी पिक्चर को देखने के लिए चश्मा लगाना पड़ता है. मल्टी डायमेंशन काम हो रहे हैं तो खुली आंखों से देख नहीं पा रहे हैं. इसके लिए जज्बे की जरूरत होती है. वो जज्बा कांग्रेस के पास नहीं है. कांग्रेस नेतृत्व के संकट से जूझ रही है. ऐसी पार्टी के बारे में क्या बोलना. चंद्राकर ने कहा, इटालियन चश्मा देश के लिए है. छत्तीसगढ़ के विकास को खुली आंखों से नहीं देखा जा सकता.छत्तीसगढ़ में धान खरीदी को लेकर सियासत गरमाई हुई है. किसानों के मुद्दे को लेकर कांग्रेस सड़क से सदन की लड़ाई लड़ने की रणनीति बनाई है. इस पर चंद्राकर ने कहा, दीपक बैज सड़क पर ही कुछ कर सकते हैं, सदन में तो उनकी टिकट कट गई है. अपनी



टिकट नहीं बचा पाए तो सदन का नाम ही नहीं लेना चाहिए. कांग्रेस ने तो उनको सड़क के लायक नहीं छोड़ा है.

बीजापुर में नक्सलियों ने भाजपा नेता की हत्या की है. इस पर अजय चंद्राकर ने कहा, अभी जो वो हरकतें कर रहे हैं, वो सिर्फ अपनी उपस्थिति दर्शाने के लिए कर रहे हैं. गृहमंत्री का दौरा प्रस्तावित है तो नक्सली दिखा रहे हैं कि हम एक्टिव हैं. उसके लिए नीचता पूर्व कार्यवाही कर रहे हैं.

मंत्री मंडल विस्तार को लेकर विधायक अजय चंद्राकर ने कहा, मिनिमम गवर्नमेंट मैक्सिमम गवर्नेंस मोदी जी की मंशा है. मंत्री मंडल का विस्तार हो न हो, सरकार अच्छे से चल रही है. हो सकता है इसी नीति पर काम हो. नड्डा के दौरे से पहले भाजपा की बड़ी बैठक को लेकर चंद्राकर ने कहा, रिपोर्ट कार्ड को लेकर चर्चा होगी. मुख्यमंत्री जब चाहे तब मंत्रीमंडल का विस्तार कर सकते हैं. एक साल में गिनाने कहने सबके लिए बहुत कुछ है. समाज के उस वर्गों तक संदेश देने की कोशिश होगी, जिनके लिए काम हुए हैं.

कांग्रेस संगठन में बदलाव को लेकर विधायक अजय चंद्राकर ने कहा, क्या बदलाव होगा, उससे कुछ फर्क पड़ना नहीं है. ताश में 52 पत्ते हैं उसी को फेट रहे हैं. ना जनता जुड़ रही है ना नेता पैदा हो रहे हैं. गांधी परिवार के बाहर से लाएंगे क्या?? दीपक बैज सज्जन व्यक्ति है. उन्हें बघेल के छाए से निकलना चाहिए.

निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस की आज बड़ी बैठक है. इस पर चंद्राकर ने कहा, कांग्रेस बैठक करने जा रही है कि उठक बैठक, बिलासपुर में तो मारपीट हो गई थी. उन्हें नोट लिखाकर मारपीट प्रतिबंधित करने एजेंडा जारी करना चाहिए. बैठक होगी की दंगल होगा? ये कांग्रेस को स्पष्ट करना चाहिए. टीएस सिंहदेव ने साय सरकार की तारीफ की. इस पर उन्होंने कहा कि टीएस सिंहदेव हेल्थ मिनिस्टर थे. घुटन में थे. परफॉर्म नहीं कर पा रहे थे. उनकी सोच क्रियान्वित होती दिखी तो प्रसन्नता तो होगी ही. हर बात में आलोचना नहीं होती. अच्छे कामों की प्रशंसा होनी चाहिए. भूपेश बघेल भी जेल भेजने और नरवा घुरवा बाड़ी के सिवाए कुछ अच्छा काम करते तो मैं भी उनका तारीफ करता।

### नक्सलियों के खिलाफ बड़े ऑपरेशन की तैयारी, तीन राज्यों के सुरक्षा बलों के जवान जंगल में कर रहे पेट्रोलिंग

**रायपुर, 11 दिसम्बर ।** नक्सलियों के खिलाफ बड़े ऑपरेशन की तैयारी चल रही है, तीन राज्यों (मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़) की पुलिस मुरकुडडोह बेस कैंप में पेट्रोलिंग कर रही है। नक्सलवाद के खिलाफ अभियान में मुरकुडडोह बेस कैंप का अहम स्थान है। यहां महाराष्ट्र की ष्ट-16, मध्य प्रदेश की हाफ फोर्स और छत्तीसगढ़ की डीआरजी फोर्स पेट्रोलिंग करती है।

बीजापुर से खबर है कि डीआरजी बीजापुर व थाना नैमेड़ के जवानों ने रविवार को मोसला-दुरधा के जंगल से कडेर के पूर्व सरपंच सुखराम अवलम की हत्या में शामिल एक लाख के इनामी नक्सली सन्नू कोरसा ऊर्फगुट्टा व पंडरू उरसा को गिरफ्तार किया है। नक्सल विरोधी अभियान के दौरान जवान मोसला-दुरधा के जंगल की ओर गए थे। वहां पांच दिसंबर24 को कडेर के भूतपूर्व सरपंच सुखराम अवलम की हत्या में शामिल एक लाख के इनामी मोसला अध्यक्ष सन्नू कोरसा ऊर्फगुट्टा व पंडरू उरसा को पकड़ा गया। पकड़े गए नक्सलियों से घटना में शामिल अन्य नक्सलियों के सबंध में जानकारी मिली है, जिसके आधार पर घटना में शामिल अन्य नक्सलियों की तलाश की जा रही है। दोनों नक्सलियों के विरूद्ध थाना नैमेड़ में कार्रवाई उपरांत रिमांड पर न्यायालय बीजापुर के समक्ष पेश किया गया है।

# आरक्षित वर्गों के साथ अन्याय कर रही है भाजपा सरकार: कांग्रेस

**रायपुर, 11 दिसंबर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में नगरीय निकायों में आरक्षण को लेकर जारी अध्यादेश छत्तीसगढ़ की बहुसंख्यक आबादी जो अन्य पिछड़े वर्ग के लोग हैं, उनके साथ अन्याय है। भाजपा से जुड़े लोग विज्ञापन बोर्ड पर ओबीसी को 50 प्रतिशत आरक्षण देने का दावा कर रहे हैं जो सरासर झूठ है। हक़ीक़त यह है कि आरक्षित सीटों की कुल संख्या ही अधितकम 50 प्रतिशत है, इसमें एससी, एसटी, अल्पसंख्यक और ओबीसी सभी के आरक्षण शामिल हैं। सरकार ने आरक्षण की अधिकतम सीमा 50 प्रतिशत की है, जहां एससी-एसटी की आबादी 50 फीसदी से ज्यादा है, वहां पिछड़ा वर्ग को आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी मूलतः आरक्षण विरोधी है। छत्तीसगढ़ में जब ये विपक्ष पक्ष में थे, तो राजभवन की आड़ में विधानसभा से सर्वसम्मति से पारित आरक्षण विधेयक लटकाए रखें। आरक्षित वर्गो को उनकी हिस्सेदारी के अनुसार आरक्षण का लाभ देने के लिए पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार के द्वारा 2 दिसंबर 2022 को सर्वसम्मति से पारित, छत्तीसगढ़ नवीन आरक्षण विधेयक विगत 2 वर्ष से अधिक समय से आज तक राजभवन में लंबित है। भाजपा नेता बताएं कि छत्तीसगढ़ की बहुसंख्यक आबादी के शिक्षा और रोजगार के हितों को प्रभावित करने वाले इस महत्वपूर्ण आरक्षण विधेयक को कब तक राजभवन में लंबित रखा जाएगा? भाजपाई बताएं कि छत्तीसगढ़ के बहुसंख्यक आबादी जो ओबीसी हैं, उनको 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ क्यों नहीं मिलना चाहिए? सामान्य वर्ग के गरीबों को ईडब्ल्यूएस का आरक्षण क्यों बाधित है? अनुसूचित जनजाति को 32 प्रतिशत आरक्षण के लाभ के साथ अनुसूचित जातियों को उनकी आबादी अनुरूप 13 प्रतिशत आरक्षण क्यों नहीं देना चाहती है भाजपा सरकार?

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि भाजपा सरकार के द्वारा आरक्षण के प्रावधानों में जो परिवर्तन किया गया वह पिछड़े वर्ग के हितों के खिलाफ़ है। पिछड़े वर्ग के अधिकारों को छीनने का काम भाजपा की सरकार कर रही है, ऐसे असंतुलित प्रावधान के बाद पिछड़े वर्ग के लिए कुछ नहीं बचने वाला है। पिछड़े वर्ग के लोग महापौर और जिला पंचायत अध्यक्ष बनने के लिए तरस जाएंगे, यह सरकार पिछड़े वर्ग के खिलाफ़ लगातार षडयंत्र कर रही है। साय सरकार के ओबीसी विरोधी षडयंत्रों पर पर्देदारी करने भाजपा नेता, साय को पिछड़े वर्ग को 50 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित करने, विज्ञापन लगवा कर झूठे तथ्य प्रसारित करने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं। यदि केवल अन्य पिछड़े वर्ग को 50 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा तो कुल आरक्षण 96 प्रतिशत हो जाएगा। जबकि भाजपा बार बार कह रही है कि आरक्षण सीमा 50 प्रतिशत ही रखा जाएगा, अध्यादेश में भी आरक्षण की अधिकतम सीमा 50 फ़ीसदी ही है। छत्तीसगढ़ में आधे से अधिक आबादी अन्य पिछड़ा वर्ग की है, जिनके साथ यह सरकार धोखा कर रही है, ठग रहे हैं, उनके जायज़ हक़ों पर डकैती की जा रही है।

### वाहन से पेन्ट चोरी करने वाला शातिर चोर पकड़ाया

**रायपुर, 11 दिसंबर।** मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी पप्पू सोनी रिपोर्ट दर्ज किराया कि दिनांक 28/11/2024 को अपने कम्पनी से वाहन टाटा एस क्रमांक सीजी 04 पीटी 9956 में डूमरतराई गोडाऊन से एसियन पेन्ट लोड कर भिलाई ले जाने के लिए अपने घर बड़ा अशोक नगर दुर्गा चौक के आगे हनुमान मंदिर के सामने शाम करीबन सात बजे खड़ी किया था।

29 नवंबर के सुबह करीब 5 बजे देखा तो वाहन में ढका तालपतरी फ टा तथा रस्सी कटा हुआ था ट्राली के अंदर देखा तो ट्राली में 4 कार्टून में रखा ऐशियन पेन्ट कीमत 60,000 रूपये नही था जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था।

# उप मुख्यमंत्री ने मानपुर-मोहला-अंबागढ़ चौकी जिले को दी विकास कार्यों की सौगात

**रायपुर 11 दिसंबर।** उप मुख्यमंत्री एवं मानपुर-मोहला-अंबागढ़ चौकी जिले के प्रभारी मंत्री श्री विजय शर्मा ने आज जिला मोहला-मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले वासियों को अनेक विकास कार्यों की सौगातें दी। उन्होंने ग्राम पंचायत पेन्दाकोड़ो में आयोजित कार्यक्रम में 14 करोड़ 07 लाख 13 हजार रूपये की लागत से निर्मित 55 विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। साथ ही 12 करोड़ 69 लाख 13 हजार रूपये की लागत से निर्मित होने जा रहे 80 विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री विजय शर्मा ने क्षेत्र वासियों की मांग पर अनेक विकास कार्यों की घोषणा की। उन्होंने ग्राम पंचायत पेन्दाकोड़ो में गढ़माता मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के लिए 10 लाख रुपए स्वीकृत करने की घोषणा



की। इसी तरह उन्होंने यहां सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 10 लाख रुपए स्वीकृत करने की घोषणा की। गोटाटोला में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 04 लाख रुपए, मानपुर से मोहला होते हुए धोबेदण्ड हाईवे से मुख्यसड़क तक सड़क निर्माण कार्य के लिए आकलन तैयार कर प्रस्तावित कार्य को प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री सड़क से राशि स्वीकृत करने की घोषणा की। उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात देते हुए 22 ग्राम पंचायत में सामुदायिक वन अधिकार पट्टा आबंटन के लिए अभिलंब प्रकरण तैयार कर सामुदायिक वन अधिकार पट्टा आवंटित करने निर्देशित किया। इसी प्रकार उन्होंने ग्राम कुल्हारदोह में रंगमंच निर्माण कार्य के लिए 02 लाख रूपये, ग्राम मजियापार में नवीन मंच निर्माण कार्य के लिए 02 लाख रूपये स्वीकृत करने की घोषणा की।

उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री विजय शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शासन द्वारा सुगम, सुचिता और सुशासन के साथ नैतिक मूल्यों का निर्वहन करते हुए जन सरोकार के कार्यों को प्राथमिकता से किया जा रहा है। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि राज्य और देश की जनता से किये गये हर वादे को प्राथमिकता देते हुए शिद्दत के साथ पूरा करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक नैतिक मूल्यों का निर्वहन करते हुए बिना किसी भेदभाव के सभी क्षेत्रों का विकास किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि देश और राज्य में विकास की नई रेखा खींचने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता की भावना का सम्मान करते हुए राम मंदिर निर्माण का कार्य किया गया है।

# महाकुंभ मेले के लिए छत्तीसगढ़ से प्रयागराज तक चलेगी स्पेशल ट्रेन

**रायपुर , 11 दिसम्बर ।** प्रयागराज महाकुंभ के दौरान संगम में स्नान करने के लिए प्रयागराज आने वाले यात्रियों को अधिक से अधिक सुविधाएं प्रदान की जाए, इस उद्देश्य से स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की है. महाकुंभ के दौरान रेलवे के दौरान 3000 स्पेशल गाडियाँ सहित 13000 से अधिक रेल गाडियाँ चलाई जाएंगी. इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से तीन कुंभ मेला स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है. महाकुंभ मेले के दौरान ट्रेन में होने वाली अतिरिक्त भीड़-भाड़ के दौरान रेल यात्रियों को अधिक से अधिक कन्फर्म बर्थ/सीट की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा तीन कुंभ मेला स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है जो रायगढ़-वाराणसी, दुर्ग-वाराणसी एवं बिलासपुर-वाराणसी के मध्य तीन फेरे के लिए चलाई जा रही है. 08251/08252 रायगढ़-वाराणसी-रायगढ़ कुंभ मेला स्पेशल, 08791/08792 दुर्ग-वाराणसी-दुर्ग कुंभ मेला स्पेशल एवं 08253/08254 बिलासपुर-वाराणसी-बिलासपुर कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन व्हाया बिलासपुर, कटनी, प्रयागराज के मार्ग से चलाई जा रही है।



कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26